सुप्रभात
रांची, सोमवार
03.03.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantralive.com
khabarmantra.net
फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी, संवत् 2081
मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 230



06 एक महामानव जिसने भारतीय उद्योग को नयी दिशा दी




### आज पेश होगा झारखंड का बजट, 7-10 फीसदी वृद्धि की संभावना

# हेमंत सरकार से आम लोगों को बड़ी उम्मीद

खबर मन्त्र ब्यूरो





**रांची।** राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर झारखंड विधानसभा में सोमवार को वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट पेश करेंगे। पिछले पांच साल के बजट का ट्रेंड भी बता रहा है कि इस बार के बजट आकार में करीब सात से 10 प्रतिशत वृद्धि की जा सकती है। इस हिसाब से यह बजट लगभग डेढ़ लाख करोड़ रुपये हो जाने की संभावना है। वर्ष 2024-25 में झारखंड का बजट आकार एक लाख 28 हजार 900 करोड़ रुपये था।

जानकारों के अनुसार इस बार बजट में झारखंड को और मजबूत बनाने की कोशिश की जायेगी। स्वास्थ्य और शिक्षा का लाभ राज्य के हर नागरिक तक पहुंचाने की कोशिश की जायेगी। महिलाओं की स्थिति सुधारने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने पर फोकस की उम्मीद है। कृषि, पशुपालन, पेयजल जैसे बुनियादी सुविधाओं को ध्यान में रखकर योजना बनाने पर फोकस रखे जाने की उम्मीद है।

सोमवार को पेश होनेवाले वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट को लोग आशा भरी नजरों से देख रहे हैं। उन्हें सरकार से कई अपेक्षाएं हैं। झारखंड पिछड़ेपन का शिकार है, यहां उच्च शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, पानी और सबसे अहम रोजगार सृजन करने की जरूरत है। उम्मीद है स्वास्थ्य के क्षेत्र में इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास पर अधिक जोर हो सकता है। पीपीपी मोड पर पांच नए मेडिकल कॉलज खोले जाने तथा रांची में रिम्स की तर्ज पर एक और मेडिकल कॉलज खोलने का प्रस्ताव बजट में हो सकता है। साथ ही रांची सदर अस्पताल की तर्ज पर पांच जिलों में सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल खोलने की भी घोषणा बजट में हो। 2024-25 के बजट में राज्य सरकार का फोकस ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य और शिक्षा पर था। वहीं आगामी बजट में मंईयां सम्मान योजना के कारण महिला एवं बाल विकास विभाग के लिए अधिक धन राशि का आवंटन किए जाने की संभावना है।

#### पिछले पांच वित्तीय वर्ष में बजट आकार

2020-21: 86370 करोड़ रुपये,
2021-22: 91277 करोड़ रुपये,
2022-23: 101101 करोड़ रुपये,
2023-24: 116418 करोड़ रुपये,
2024-25: 128900 करोड़ रुपये। 5 साल में दोगुणा से अधिक का इजाफा किया गया है।

#### राज्य का सकल घरेलू उत्पाद

वर्ष 2001 में राज्य का सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) 32000 करोड़ रुपया का था, जो अब बढ़कर 4 लाख 70 हजार करोड़ रुपया से अधिक का हो गया है। आगामी वित्त वर्ष के बजट में नॉमिनल जीएसडीपी 9.5 से 10 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। वर्ष 2024-25 में 128900 करोड़ के बजट में सामान्य प्रक्षेत्र में 37124, सोशल प्रक्षेत्र में 45377 करोड़ और आर्थिक प्रक्षेत्र में 46399 रुपये का प्रावधान किया गया था।

#### झारखंड का बजट और विकास

झारखंड का बजट आकार 2001 से 2024 तक 16 गुणा से अधिक बढ़ा है। खर्च के मुकाबले आय में करीब 12 गुणा वृद्धि हुई है। झारखंड सरकार ने स्वास्थ्य और शिक्षा के बजट में काफी वृद्धि की है। स्वास्थ्य बजट 169.09 करोड़ रुपये से बढ़कर 7,223 करोड़ रुपये का हो गया। शिक्षा बजट 915.36 करोड़ रुपये से बढ़कर 14725 करोड़ रुपये तक पहुंच गया।

#### चुनौतियां और भावी योजना

झारखंड को और मजबूत बनाने की कोशिश होगी। स्वास्थ्य और शिक्षा का लाभ राज्य के हर नागरिक तक पहुंचाने की कोशिश की जायेगी। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने पर फोकस रहेगा। कृषि, पशुपालन, पेयजल, शिक्षा जैसे बुनियादी सुविधाओं को ध्यान में रखकर योजना बनाने का निर्णय लिया गया है।

## न्यूज डायरी

### बजट में सभी सुविधाओं का समावेश होगा : झामुमो

**रांची।** झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भटटाचार्य ने कहा कि सोमवार को विधानसभा में पेश होनेवाले बजट में सभी सुविधाओं का समावेश होगा। यह बजट थ्री डाइमेंशन वाला होगा। इसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, समाजिक सुरक्षा और पर्यटन समेत सभी मूलभूत सुविधाएं शामिल होंगी। सुप्रियो रविवार को प्रेस वार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि यह पहली बार होगा जब सदन में बजट के समय विपक्ष का कोई नेता नहीं होगा।

### भारता को नशामुक्त बनाना संकल्प : शाह

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को घोषणा की कि सरकार देश से नशे के कारोबार को खत्म करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। नशा माफिया को पूरी तरह खत्म किया जायेगा। उन्होंने बताया कि 12 अलग-अलग मामलों में 29 नशा तस्करों को सजा दी गयी है। यह कार्रवाई सरकार की सख्त जांच प्रक्रिया और प्रभावी रणनीति का नतीजा है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि मोदी सरकार नशा तस्करों के खिलाफ किसी भी तरह की नरमी नहीं बरतेगी। ये तस्कर हमारे युवाओं को नशे की लत में डालकर सिर्फ पैसे कमाने के लिए उनका जीवन बर्बाद करते हैं।

### माह-ए-रमजान पर मोदी समेत नेताओं ने दी बधाई

**नयी दिल्ली।** इस्लाम धर्म का सबसे पवित्र महीना रमजान शुरू हो गया है। पवित्र महीने का रविवार से आगाज हुआ। इस बीच, पीएम मोदी ने देशवासियों को रमजान की बधाई दी है। साथ ही उम्मीद जतायी कि यह हमारे समाज में शांति और सद्भाव लेकर आएगा। यह पवित्र महीना चिंतन, कृतज्ञता और भक्ति का प्रतीक है, साथ ही हमें करुणा, दया और सेवा के मूल्यों की याद दिलाता है। रमजान मुबारक। वहीं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी रमजान की बधाई दी।

### राजधानी में नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपित फरार

रांची। सुखदेवनगर थाना क्षेत्र में एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। घटना शनिवार रात की है, जब पड़ोसी युवक ने बच्ची को घर में अकेला पाकर अपने साथ ले गया और दुष्कर्म किया। पुलिस के अनुसार आरोपी की पहचान कर ली गयी है और वह फरार है। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

## जयंती पर संस्थापक को नमन करने टाटा तैयार



जुबिली पार्क की आकर्षक विद्युत सज्जा। टाटा ग्रुप के तमाम वरिष्ठ सदस्य जमशेदपुर पहुंचे

### चैंपियंस ट्रॉफी : सेफा में भारत-ऑस्ट्रेलिया भिड़ंत

**दुबई।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के आखिरी ग्रुप मैच में न्यूजीलैंड को हराकर भातीय टीम अपने ग्रुप में शीर्ष पर कायम रही। अब भारत का पहले सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया से मकाबला होगा। यह मैच 4 मार्च को दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम पर खेला जायेगा। सेफा में आस्ट्रेलिया पर भी जीत दर्ज कर भारत फाइनल में उतरने के इरादे से खेलेगी। ग्रुप ए से भारत और न्यूजीलैंज जबकि बी से ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका अंतिम चार में पहुंची थी। रविवार को भारत ने न्यूजीलैंड को 44 रनों से हराकर अपना विजय क्रम जारी रखा। श्रेयस अय्यर (79), हार्दिक पंड्या (45) और अक्षर पटेल (42) की शानदार पारियों के बाद वरूण चक्रवर्ती (पांच विकेट) और अन्य के बेहतरीन स्पिन आक्रमण की बदौलत भारत ने न्यूजीलैंड को चैंपियंस ट्रॉफी के 12वें मुकाबले में पराजित कर दिया।

### चतरा पुलिस ने तोड़ी नक्सलियों की कमर

## 18 लाख का इनामी रविद्र गंझू गिरफ्तार

#### तीन और धराये, अमेरिकी राइफल समेत जखीरा मिला

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** झारखंड में नक्सली गतिविधियों के खिलाफ चतरा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने 18 लाख के इनामी कुख्यात नक्सली रविंद्र गंझू उर्फ आक्रमण को गिरफ्तार किया है। उसके साथ तीन और नक्सली धबोचे गये हैं। रविद्र गंझू नक्सली टीएसपीसी संगठन का रिजनल कमांडर और सेकेंड सुप्रीमो था। झारखंड सरकार ने उस पर 15 लाख और एनआइए ने 3 लाख का इनाम रखा था। चतरा पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि रविंद्र गंझू किसी ठिकाने पर मौजूद है। वे साथियों के साथ रात में बिहार हंटरगंज के रास्ते पलामू जानेवाला है। इसके बाद एसडीपीओ संदीप सुमन के नेतृत्व में स्पेशल टीम बनायी गयी और बड़ी कार्रवाई करते हुए उसे हथियारों के साथ धर दबोचा गया। इस दौरान पुलिस ने उसकी पत्नी, लावालौंग की पूर्व प्रमुख और तीन अन्य समर्थकों को भी गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उसके ठिकाने से अमेरिका में बनी एम-16 राइफल, एसएलआर, पिस्टल और हजारों गोलियां बरामद की।

**70 मामलों में था वांछित :** रविंद्र गंझू के खिलाफ झारखंड के कई जिलों में 70 से ज्यादा केस दर्ज हैं। वह लूट, हत्या, पुलिस पर हमला और टेरर फंडिंग जैसी गतिविधियों में शामिल था। चतरा पुलिस की इस कार्रवाई से नक्सली संगठन टीएसपीसी को बड़ा झटका लगा है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इससे नक्सली गतिविधियों पर लगाम लगेगी और संगठन कमजोर होगा।

(शेष पेज 11 पर)

## तालाब में डूबने से दो बच्चों की मौत, गांव में पसरा मातम

खबर मन्त्र संवाददाता


**चौपारण (हजारीबाग)।** रविवार की शाम महुदी गांव में दिल दहला देने वाली घटना घटी। एक ही परिवार के दो मासूम बच्चों की तालाब में डूबने से मौत हो गयी। दो मासूम की मौत से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गयी।

जानकारी के अनुसार विजय यादव और दिनेश यादव के पुत्र शुभम यादव और उदय यादव (12) रविवार शाम साइकिल से घर से निकले थे। खेलते-कूदते वे गांव के बाहरी छोर पर स्थित तालाब तक पहुंच गये। नहाने के दौरान गहरे पानी में चले जाने से दोनों डूब गये।

**साइकिल देख अनहोनी की आशंका :** काफी देर तक जब बच्चे घर नहीं लौटे, तो गांववालों ने उनकी तलाश शुरू की। तालाब के किनारे बच्चों की साइकिल देखकर अनहोनी की आशंका हुई। तुरंत गांव के लोग तालाब पहुंचे और किसी तरह बच्चों को बाहर निकाला। उन्हें आनन-फानन में सामुदायिक अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पूरे गांव में कोहराम पसर गया। मृतकों में एक परिवार का इकलौता बेटा भी था। दोनों बच्चे साधारण परिवार से ताल्लुक रखते थे। पोस्टमार्टम के बाद बच्चों के शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### हिमवीरों ने बचायी 46 जिंदगियां, 8 की मौत

**चमोली।** उत्तराखंड में बर्फ का पहाड़ धंसने से चार और श्रमिकों की मौत हो गयी। मलबे में कुल 54 लोग फंसे थे। रविवार को 4 के शव निकले। शनिवार को 4 ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया था। 53 घंटे से अधिक का रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। तीन दिनों तक चले इस रेस्क्यू ऑपरेशन में हिमवीरों ने 46 मजदूरों को सकुशल रेस्क्यू किया। सुरक्षित बाहर निकाले गये मजदूरों में बिहार के 11 मजदूर शामिल हैं। झारखंड के चार श्रमिकों के बारे में अभी कोई जानकारी नहीं दी गयी है। पांच श्रमिकों की तलाश रविवार को भी जारी रही। घटना वाले दिन ही आइटीबीपी ने 2 कंटेनर का पता लगाते हुए 33 लोगों को बचा लिया था। दूसरे दिन रेस्क्यू ऑपरेशन को आटीबीपी के साथ ही भारतीय सेना और वायुसेना का भी साथ मिला। तीसरे दिन 4 मजदूरों की तलाश के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। रेस्क्यू टीम को एक और शव मिला। वहीं दोपहर होते-होते सूचना मिली कि दो और शव रेस्क्यू टीम ने बरामद कर लिये।




## गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | : 79500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : 97000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




# सताने लगी गर्मी, पार 38.9 डिग्री तक पहुंचा

### झारखंड के तमाम जिलों का तामपान औसत से अधिक जा पहुंचा

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** झारखंड में मार्च माह की शुरूआत में ही कई जिलों में तापमान औसत से अधिक पहुंच गया है। अधिकतम तापमान 38.9 डिग्री सेंटीग्रेड तक जा पहुंचा। राज्य में सबसे अधिक तापमान बहरागोड़ा 38.9 डिग्री सेंटीग्रेड दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान भी 21 डिग्री के पार चला गया है। इससे मार्च में ही मई और जून जैसी गर्मी पड़ेगी। इसका सीधा आम जन-जीवन पर पड़ेगा। रविवार को रांची का तापमान 33.3 डिग्री, जमशेदपुर में 37.3, डालटेनगंज में 35.8, बोकारो में 33.8 और चाईबासा में अधिकतम 37.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। सबसे कम तापमान 15.5 डिग्री सेंटीग्रेड हजारीबाग का रहा।

मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में न्यूनतम तापमान में 3-4 डिग्री की गिरावट आने की संभावना व्यक्त की है। पहले हफ्ते में सबसे अधिक गर्मी चाइबासा, डालटेनगंज और बोकारो में बढ़ी है। दोनों जिलों में औसत तापमान क्रमशः 8.40 और 8.50 बढ़ा है। राजधानी रांची में औसत तापमान 4.2 बढ़ा है। चाईबासा का औसत तापमान 4.71 डिग्री बढ़ा है। मौसम विभाग ने इस गर्मी से कुछ राह की भी उम्मीद जतायी है। कहा है कि आने वाले दिनों में झारखंड के न्यूनतम तापमान में फिर से गिरावट दर्ज की जा सकती है। रांची मौसम केंद्र के अनुसार रविवार को आसमान साफ और मौसम शुष्क रहा। अगले 3 दिन तक अधिकतम तापमान में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है।

#### रांची का उच्चतम तापमान सामान्य से 4 डिग्री अधिक

रांची का उच्चतम तापमान रविवार को सामान्य से 4.2 डिग्री अधिक रहा। यह न्यूनतम तापमान सामान्य से 6 डिग्री अधिक हो गया है। जमशेदपुर का तापमान सामान्य से 3.8 डिग्री अधिक रहा। यही हाल डाल्टेनगंज, चाईबासा, बोकारो समेत कई जिलों का रहा।

### जामताड़ा में एकेडमिक बिल्डिंग और अत्याधुनिक फुटबॉल स्टेडियम का किया शिलान्यास

# शिक्षा और खेल के संतुलित विकास से ही आगे बढ़ेगा राज्य और देश : स्वास्थ्य मंत्री

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के स्वास्थ्य मंत्री एवं जामताड़ा विधायक डॉ. इरफान अंसारी के प्रयासों से जामताड़ा और मिहिजाम में रविवार को विकास की एक नयी गाथा लिखी गयी। शिक्षा और खेल के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान देते हुए उन्होंने चाकड़ी आदिवासी हॉस्टल में लगभग 5 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले एकेडमिक बिल्डिंग एवं मिहिजाम में अत्याधुनिक फुटबॉल स्टेडियम का शिलान्यास किया। मौके पर डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि यह केवल एक भवन या स्टेडियम नहीं, बल्कि हमारे बच्चों और युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की बुनियाद है।



योजना का शिलान्यास करते मंत्री इरफान अंसारी।

हमारी सरकार शिक्षा और खेल के क्षेत्र में झारखंड को नयी ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है। जामताड़ा के आदिवासी छात्र होनहार हैं, उन्हें बेहतर सुविधाएं देना हमारा कर्तव्य है।

जामताड़ा के चाकड़ी आदिवासी हॉस्टल में बनने वाली एकेडमिक बिल्डिंग से आदिवासी छात्रों को आधुनिक और समुचित शिक्षा सुविधाएं मिलेंगी। छात्रों द्वारा इसकी मांग की गई थी, जिसे स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने संजीदगी से लेते हुए त्वरित कार्रवाई की। खेलों को बढ़ावा देने की दिशा में डॉ. इरफान अंसारी ने मिहिजाम में लगभग 5 करोड़ रुपये की लागत से एक अत्याधुनिक फुटबॉल स्टेडियम की भी आधारशिला रखी। इस स्टेडियम से क्षेत्र के खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं मिलेंगी। मंत्री ने कहा कि शिक्षा के साथ खेल भी महत्वपूर्ण है। डॉ. इरफान अंसारी ने यह भी आश्वासन दिया कि आने वाले समय में जामताड़ा को शिक्षा, स्वास्थ्य और खेल के क्षेत्र में एक मॉडल जिले के रूप में विकसित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य जामताड़ा के हर युवा को एक सुनहरा भविष्य देना है। यह एकेडमिक बिल्डिंग और स्टेडियम उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस शिलान्यास कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष कमल गुप्ता, उपाध्यक्ष शांति देवी, प्रोफेसर कैलाश साव, मिंटू मंडल, अरुण दास, बंटू आईजेक, पुलु यादव, अजीत हेम्ब्रम, कुलमुनि हेम्ब्रम, इला सरकार, नूपुर सरकार, वर्षा साबू यादव, कपिल यादव, यासर नवाज, राजू, नीरू जैन, श्याम रवि दास, डॉ. मल्लिक, परवेज रहमान, दानिश रहमान, दीपू, बंटी सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण, शिक्षक, छात्र-छात्राएं और बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।

### कैग की रिपोर्ट पर सवाल उठाने वाले पर दी प्रतिक्रिया

# अपने विभागों की जांच करें स्वास्थ्य मंत्री : अजय साह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने हाल ही में जारी कैग रिपोर्ट पर रविवार को अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान के निर्माता बाबा साहेब आंबेडकर ने कहा था कि स्वतंत्र भारत में कैग प्रशासनिक प्रणाली का सबसे महत्वपूर्ण अधिकारी होगा और यह संस्थान लोकतंत्र को सुरक्षित रखने की एक अटूट दीवार साबित होगा। वर्षों बाद यह बात सत्य सिद्ध हुई, जब 2012 में कैग ने यूपीए सरकार की सच्चाई जनता के सामने उजागर की। उन्होंने झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी के उस बयान की कड़ी आलोचना की, जिसमें उन्होंने कैग रिपोर्ट की जांच कराने की बात कही थी। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 148 के तहत कैग को पूरे देश के खातों की जांच का अधिकार सौंपा गया है, लेकिन अब झारखंड में एक मंत्री ही इस संस्था की रिपोर्ट की जांच की मांग कर रहे हैं। इससे ऐसा प्रतीत होता है कि झारखंड सरकार के मंत्री खुद को संविधान से भी ऊपर समझने लगे हैं।

श्री साह ने कहा कि कांग्रेस-जेएमएम के नेता समय के अनुसार संवैधानिक संस्थाओं का मूल्यांकन करते हैं। जब कोई फैसला उनके पक्ष में आता है, तो वे इसे लोकतंत्र की जीत बताते हैं, लेकिन जब फैसला उनके खिलाफ जाता है, तो वे इसे लोकतंत्र विरोधी करार देते हैं। संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम करने की यह प्रवृत्ति पहले चुनाव आयोग, फिर सुप्रीम कोर्ट और अब कैग तक पहुंच चुकी है। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री को नसीहत देते हुए कहा कि उन्हें कैग रिपोर्ट की जांच करने के बजाये अपने विभाग की जांच करनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि झारखंड का स्वास्थ्य विभाग गंभीर संकट में है और मौजूदा स्वास्थ्य मंत्री ने इसे आईसीयू में पहुंचा दिया है। कहीं ऐसा ना हो कि हमेशा विवादित बयान देने वाले बड़बोले स्वास्थ्य मंत्री जी अपनी पार्टी और मुख्यमंत्री जी के लिए और सर दर्द बन जाये।

### सीडीओ में चीफ इंजीनियर का पद खाली

# पथ निर्माण विभाग में ठेका से लेकर डिजाइन तक का काम हुआ प्रभावित

**विभागीय सुस्ती**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पथ निर्माण विभाग के केंद्रीय निरूपण संगठन सीडीओ में चीफ इंजीनियर का पद एक माह से खाली है। 31 जनवरी को ही इस पद से एसपी सिंह रिटायर हो गये थे। इसके बाद इनकी जगह में अब तक किसी भी वरीय मुख्य अभियंता की पोस्टिंग नहीं की गयी है। चीफ इंजीनियर के नहीं होने से योजनाओं का डीपीआर तैयार नहीं हो पा रहा है न ही बने डीपीआर की मंजूरी मिल पा रही है। सीडीओ का सारा कामकाज ठप है।

**अभियंता प्रमुख का पद भी खाली :** पथ निर्माण विभाग में अभियंता प्रमुख का पद भी खाली है। विभाग ने प्रभारी अभियंता संजय कुजूर की सेवा भवन निर्माण विभाग में प्रभारी अभियंता प्रमुख के लिए भेज दी है। इनकी जगह अभी तक किसी वरीय अभियंता की सेवा नहीं दी गयी है। हालांकि, अभी संजय कुजूर पथ विभाग में बैठ रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि बजट सत्र चल रहा है, इसलिए उन्हें फिलहाल रोका गया है। अभियंता प्रमुख कार्यकारी व्यवस्था के तहत अभी कार्य कर रहे हैं। ऐसे में टेंडर इत्यादि का निष्पादित नहीं हो पा रहा है।

# जन-कल्याणकारी होगा राज्य सरकार का बजट : लाल किशोरनाथ शाहदेव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड सरकार द्वारा सोमवार को सदन में पेश की जानेवाली बजट जन-कल्याणकारी और मूलभूत सुविधाओं के लिए ढांचे का निर्माण कर राज्य का विकास सरकार के द्वारा सुनिश्चित करने वाला होगा। प्रदेश कांग्रेस कमिटी के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोरनाथ शाहदेव ने कहा कि वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने पहले ही यह संकेत दिया है कि जनता के उपर कोई अतिरिक्त **कर** नहीं लगेगा यानि साफ है कि जनता पर कोई बोझ नहीं लादा जायेगा।



श्री शाहदेव ने कहा है कि राज्य का बजट जनहित को पूरा करने वाला होगा। अबुआ बजट के लिए प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने पार्टी और कई सामाजिक संगठन और आम जनता से बजटीय प्रावधान के लिए रायशुमारी की और कई आवश्यक सुझाव भी सरकार को दिया है। प्रवक्ता ने कहा कि निश्चित रूप से बजट का आकार बढ़ेगा जो लगभग 1 लाख 45 हजार करोड़ तक जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि बजट का आकार का बढ़ना महत्वपूर्ण तो है उससे ज्यादा महत्वपूर्ण है कि बजट का पैसा जनता के हित में खर्च हो। श्री शाहदेव ने कहा कि आनेवाला बजट में अच्छा समन्वय होगा और सरकार का फोकस कल्याणकारी योजनाओं पर होगा। यही कारण है कि मंइयां सम्मान, वृद्धापेंशन, छात्रों को छात्रवृति, विधवापेंशन, सहित कई योजना पर फोकस, किसानों को राहत पहुंचाना होगा।

## ट्रांसफर आदेश का पालन नहीं करने वाले तीन अधिकारियों को चेतावनी

**पलामू के डीसी ने आरोप पत्र तैयार कर सरकार से कार्रवाई की अनुशंसा की थी**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड प्रशासनिक सेवा के तीन अधिकारियों को चेतावनी देकर छोड़ दिया गया है। इन अधिकारियों ने ट्रांसफर के बाद भी समय पर अपने नये कार्यस्थल पर ज्वाइन नहीं किया था। मामले पर निर्वाचन विभाग की आपत्ति के बाद पलामू के उपायुक्त ने आरोप पत्र तैयार कर सरकार से कार्रवाई की अनुशंसा की थी। इनमें झाप्रसे अधिकारी अधिसूचित प्रखंड विकास पदाधिकारी नौडिहा बाजार संजय शांडिल्य, अधिसूचित अंचल अधिकारी पांडु बुड़ाय सारू, बीडीओ सदर मेदिनीनगर जागो महतो हैं। इन पर स्थानांतरण आदेश का अनुपालन नहीं करने और अधिसूचित पदों पर योगदान नहीं करने का आरोप पत्र लगाकर 15 नवंबर 2024 को भेजा गया था। पूरे मामले पर इनसे स्पष्टीकरण पूछने के बाद भविष्य के लिए चेतावनी संसुचित की गयी है। कार्मिक विभाग ने संचिकाअस्त भी कर दिया है। इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दिया गया है।

## 24 मार्च को विधानसभा मार्च निकालेगी क्रांति सेनाः अजय

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मोरहाबादी स्थित चिल्ड्रेन पार्क में केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की की अध्यक्षता में संयुक्त संगठनों की बैठक रविवार को हुई। बैठक में झारखंड क्रांति सेना नामक संगठन के गठन की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इस संगठन के द्वारा 24 मार्च को विधानसभा तक मार्च किया जाएगा। लोग हरमू मैदान में जुटेंगे और प्रभात तारा मैदान पहुंचकर विधानसभा तक जाएंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार राज्य की जीएसटी का हिस्सा एक लाख 36 हजार करोड़ रुपये बकाया रखा है। इससे झारखंड का विकास प्रभावित हो रहा है। इसके माध्यम से बकाया राशि के भुगतान कराने की मांग की जाएगी। जानकारी दी गयी कि नए संगठन के झंडा का रंग तय कर दिया गया है। मौके पर करीब खान, समी खान, बबलू खान, आर्यन मेहता, दीपक साहू, संजय गिरी, धीरेंद्र गोप, अमित रंजन, रितेश गुप्ता, उमेश साहू, अजय भास्कर सहित कई लोग मौजूद थे।

# भाजपा विधायक नेता प्रतिपक्ष चुनें या सामूहिक इस्तीफा दें : झामुमो

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सत्तासीन झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा है कि भाजपा देश के लोकतंत्र और संघीय ढांचा पर चोट करना चाहती है। सदन में विपक्ष की उपस्थिति के बावजूद नेता प्रतिपक्ष की गैर मौजूदगी में बजट पेश किया जाएगा। सुप्रियो ने पार्टी कार्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान भाजपा के विधायकों से कहा है कि वह अपना नेता चुने नहीं तो सामूहिक इस्तीफा दें। उन्होंने




कहा कि सोमवार को हेमंत सरकार का बजट पेश होगा, उम्मीद है कि भाजपा विधायक इससे पहले अपना नेता प्रतिपक्ष चुन लेंगे।

झामुमो प्रवक्ता ने आगे कहा कि देश में स्वस्थ लोकतांत्रिक व्यवस्था बनाए रखना भाजपा नहीं चाहती। यही वजह है कि देश ने एक साथ 150 सांसदों का निलंबन देखा। दो-दो लोकसभा सांसदों की सदस्यता जाते देखी। जनादेश आ जाने के बावजूद झारखंड में भाजपा ने विपक्ष का नेता तय नहीं किया है। इंडिया गठबंधन की सरकार जनादेश का पूरा सम्मान करते हुए जन आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए प्रयासरत है।

सुप्रियो ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष नहीं होने के कारण संवैधानिक कर्तव्यों का निर्वहन नहीं हो पा रहा है। सरकारी आयोग का गठन नहीं हो पा रहा है, समितियों, नियुक्तियां से संबंधित संवैधानिक कर्तव्यों को नहीं पूरा किया जा सकता। उन्होंने आरोप लगाया कि नेता प्रतिपक्ष नहीं बनाने के पीछे भाजपा का उद्देश्य धीरे-धीरे लोकतंत्र को समाप्त करना और देश में एक दलीय व्यवस्था को बहाल करना है। लेकिन भारत का संविधान इसकी इजाजत नहीं देगा। उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सदन के अंदर नहीं बोलते। सदन की कार्यवाही के बाद बाहर आकर बोलते हैं। यह कितना अजीब है। भाजपा नेतृत्व नेता प्रतिपक्ष को लेकर गंभीर नहीं है।

**हेमंत सरकार का आज 3डी बजट पेश होगा**

झामुमो नेता सुप्रियो ने कहा कि हेमंत सरकार का बजट 3डी होगा। यह समृद्धि, खुशहाली और विकसित झारखंड निर्माण का बजट होगा। बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, पर्यटन, स्वास्थ्य, सामाजिक कल्याण, किसान, मजदूर, इंफ्रास्ट्रक्चर और सभी के विकास पर फोकस रहेगा।

### प्रदेश युवा राजद की बैठक में सदस्यता अभियान की हुई समीक्षा

# युवा राजद के कार्यकर्ता एक बूथ पर पच्चीस यूथ को जोड़ें : रंजन कु. यादव




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राजद प्रदेश कार्यालय रांची में युवा राजद अध्यक्ष रंजन कुमार यादव के नेतृत्व में आयोजित बैठक में रविवार को सदस्यता अभियान की समीक्षा की गई। बैठक में राज्य के सभी जिलाध्यक्ष उपस्थित रहे तथा अपने जिलों में चल रहे सदस्यता अभियान का प्रगति की जानकारी दी। युवा राजद अध्यक्ष रंजन कुमार ने बैठक को संबोधित करते हुए एक बूथ पच्चीस यूथ का नारा देते हुए सभी जिलाध्यक्षों को निर्देश दिया कि सबको इसपर अमल करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हमलोगों का दायित्व है कि तीव्र गति से प्रखंड से लेकर बूथ तक सदस्यता अभियान चलाकर राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के विचारधारा को प्रचारित - प्रसारित कर उनके नीतियों से आमजन को जोड़ना है। उन्होंने कहा कि इतना ही नहीं युवा सम्राट तेजस्वी यादव के कार्यों तथा आर्थिक न्याय के विचारों को अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों तक पहुंचाने का काम करें।

रंजन कुमार यादव ने जिलाध्यक्षों से अनुरोध करते हुए कहा कि पार्टी हित में हमेशा लोगों की बीच में रहें उनके सुख-दुख में शामिल हों और उनकी समास्याओं को सूनकर उसे समाधान करने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि समाज के हर वर्ग से ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ने का काम करें और हर बूथ पर पच्चीस-पच्चीस युवाओं का टीम बनाने का काम करें।

बैठक को प्रदेश उपाध्यक्षा सह सदस्यता अभियान प्रभारी अनीता यादव, वरिष्ठ नेता संजय रंजन, गुलशन खातून, बिनोद भोक्ता, जफीर खान, क्षितिज मिश्रा, अजय यादव ने भी संबोधित किया।

बैठक में अनीता यादव, रंजन कुमार यादव, संजय रंजन, गुलशन खातून, विनोद भोक्ता, जफीर खान, पूनम देवी, गायत्री देवी, रघुनाथ राणा, अभिराज राय, क्षितिज मिश्रा, अजय यादव, कमलेश यादव, धनबाद जिलाध्यक्ष बिट्टू मिश्रा, लातेहार जिलाध्यक्ष दीपक यादव, रांची जिलाध्यक्ष कमलेश सिंह, सलीम जावेद, रामगढ़ जिलाध्यक्ष सुधीर कुमार, फरहान खान, ललन यादव, उपेंद्र यादव, सोनू कुमार, विक्की यादव, समीर सिंह, प्रवीण कुमार, रीतेश पासवान, संतोष कुमार, रविन्द्र कुमार सिंह समेत सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल रहे।

### मिशन ने इन पदों के लिए जारी किये विज्ञापन

# झारखंड राज्य जलछाजन मिशन में टेक्निकल एक्सपर्ट और एकाउंटेंट की जल्द होगी बहाली

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड राज्य जलछाजन मिशन (ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड) द्वारा जिला स्तरीय जलछाजन प्रकोष्ठ सह आंकड़ा केंद्र के लिए अलग-अलग पदों पर योग्य कर्मियों की नियुक्ति करेगा। इसमें टेक्निकल एक्सपर्ट और एकाउंटेंट के पद भरे जायेंगे। बैकलॉग वेकेंसी के तहत जिला तकनीकी विशेषज्ञ के5 पदों पर नियुक्ति होगी जबकि एकाउंटेंट के लिए एक पद तय है। टेक्निकल एक्सपर्ट के पद पर चयनितों को ₹31,050/- प्रतिमाह, जबकि एकाउंटेंट को 12420/- प्रतिमाह दिये जायेंगे। एक्सपर्ट के लिए 50 साल से कम आयु होनी चाहिए, जबकि एकाउंटेंट के लिए 40 वर्ष। एक्सपर्ट पद के लिए एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग, एग्रीकल्चर, हॉर्टिकल्चर, हाइड्रोलॉजी वगैरह में बैचलर डिग्री और संबंधित फिल्ड में कम से कम 5 वर्षों का कायार्नुभव होना चाहिए। एकाउंटेंट के लिए बीकॉम, एमकॉम या एमबीए की डिग्री के अलावा कम से कम दो वर्ष का अनुभव जरूरी होगा। इन दोनों पदों पर संविदा के आधार पर नियुक्ति होगी। वाटरशेड सेल सह डाटा सेंटर के लिए अनुबंध पर जिला तकनीकी सहायक और एकाउंटेंट के पद पर नियुक्ति की जानी है। टेक्निकल एक्सपर्ट के लिए कुल 4 पदों पर नियुक्ति होगी। इसके लिए एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग और इससे संबंधित डिग्री के अलावा कम से कम 5 वर्ष का एक्सपीरियंस जरूरी होगा। आयु सीमा भी 50 वर्ष से कम हो। चयनितों को 31050/- प्रतिमाह मिलेंगे। एकाउंटेंट के लिए कुल 16 पद पर नियुक्ति होनी है। बीकॉम या एम कॉम की डिग्री के अलावा 2 सालों का कायार्नुभव जरूरी होगा। चयनितों को 12420/- हर माह दिये जाएंगे। चयन वॉक इन इंटरव्यू और स्किल टेस्ट के आधार पर होगा। योग्य कैंडिडेट अपना आवेदन एफ एफ पी भवन, धुर्वा, रांची के पते पर 31 मार्च तक स्पीड पोस्ट कर सकते हैं।

### पूर्व सीएम रघुवर दास के आप्त सचिव बने हेम नारायण

**रांची।** झारखंड सचिवालय सेवा के प्रशाखा पदाधिकारी हेम नारायण सिंह को पूर्व मुख्यमंत्री झारखंड रघुवर दास का आप्त सचिव के पद पर नियुक्त किया गया है। इसकी अधिसूचना कार्मिक विभाग ने जारी कर दी है। हेमनारायण सिंह कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग में पदस्थापित थे। कार्मिक विभाग ने अब उनकी सेवा मंत्रिमंडल समन्वय विभाग को सौंपी है।


**कार्यालय : राज्य-कर संयुक्त आयुक्त, रांची दक्षिणी अंचल, रांची।**

सामाग्री/ वस्तु, आपूर्ति हेतू अल्पकालीन निविदा सूचना दिनांक 05 .03 .2025

कार्यालय के उपयोग हेतू से संबंधित सामाग्रियों/वस्तुओं की आवश्यकता है, जिसका ब्यौरा निम्नवत है :

| SL . NO. | commodities/Items | Qty. Requird |
|---|---|---|
| 1 | All in One computer (Intel core i5-13th Gen, 24'' Screen, 16 GB Ram, 1TB SSD Drive) (HP Lenovo Acer Brand) | 5 pc |

सभी सामग्रियों का मूल्य जीएसटी सहित समझा जाएगा। वांछित वस्तुओं की मात्रा आवश्यकता के अनुसार बढ़ाया या घटाया जा सकता है। वैसे व्यक्ति/ संस्थान/ आपूर्ति करता, जो उक्त सामग्री वस्तु की आपूर्ति करने हेतु इच्छुक हैं। दिनांक 07. 03. 2025 तक सील बंद लिफाफा में वस्तु का Rate Quotation कार्यालय : राज्य कर संयुक्त आयुक्त, दक्षिणी अंचल, रांची में समर्पित करें। इस अल्पकालीन निविदा हेतु प्राप्त Rate Quotation को समिति के द्वारा दिनांक 10.3.2025 को खोला जाएगा।

राज्य कर संयुक्त आयुक्त,
रांची दक्षिणी आंचल रांची।


### विभाग की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने की रूपरेखा की जा रही तैयार

# संगठन और सरकार के समन्वय से जनता तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना कांग्रेस का उद्देश्य : केशव महतो

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** संगठन सशक्तिकरण एवं समन्वय को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश लगातार जूम मीटिंग के माध्यम से प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के. राजू के सम्पर्क में हैं। दोनों नेताओं के बीच लगातार हो रही वार्तालाप का एकमात्र मकसद संगठन और सरकार के तालमेल से सरकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंद जनता को समय पर पहुंचाना है। इतना ही नहीं बजट सत्र को देखते हुए नेताद्वय कांग्रेस कोटे के मंत्रियों के साथ क्रमशः जूम मीटिंग कर विभाग की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने की पूरी योजना का रूपरेखा तैयार कर रहे हैं।



इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोरनाथ शाहदेव ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने अगामी छह मार्च को प्रदेश प्रभारी के. राजू के झारखण्ड आगमन को लेकर सभी बोर्ड निगम के अध्यक्षों एवं वरिष्ठ कांग्रेसजनों के साथ बैठक कर उन्हें जिलावार जिम्मेवारी भी दी है। उन्होंने बताया कि जिलावार बनायी गयी समिति के सदस्यगण झारखण्ड प्रभारी के जिला दौरा से पूर्व अपने-अपने जिला में जाकर कार्यक्रम की तैयारी की जानकारी लेंगे तथा समुचित सलाह देंगे।

**कार्यान्वयन समिति की बैठक :** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में रविवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में प्रदेश कांग्रेस कार्यान्वयन समिति की बैठक हुई, जिसमें आगामी 06 से 10 मार्च तक के कार्यक्रम के संबंध में विस्तार से चर्चा की गयी और कार्यान्वयन समिति के सदस्यों को प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यक्रम की सफलता के लिए विशेष निर्देश दिया। बैठक में कार्यान्वयन समिति के समन्वयक नागेन्द्र कुमार, सदस्य डॉ. राजेश गुप्ता, कामेश्वर गिरि, सुरेन राम, जितेन्द्र त्रिवेदी, अख्तर अली के अलावा विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दूबे, लाल किशोरनाथ

### 10 मार्च को 8वीं और 11-12 को होगी 9वीं बोर्ड की परीक्षा

**रांची।** झारखंड अधिविध परिषद (जैक) ने 8वीं और 9वीं बोर्ड की परीक्षा का पुनर्निर्धारित कार्यक्रम घोषित कर दिया है। इसके तहत अब 8वीं बोर्ड की परीक्षा 10 मार्च को होगी। पहली पाली में सुबह 9.45 बजे से हिंदी अंग्रेजी तथा अतिरिक्त भाषा विषय में से कोई एक की परीक्षा होगी। वहीं दूसरी पाली में दोपहर 2 बजे से गणित विज्ञान तथा सामाजिक विज्ञान की परीक्षा होगी। इसी तरह 11 मार्च को से 9वीं की परीक्षा होगी। पहली पाली में सुबह 9.45 बजे से हिंदी एवं अंग्रेजी और दूसरी पाली में दोपहर 2 बजे से गणित और विज्ञान की परीक्षा होगी। दूसरे दिन 12 मार्च को पहली पाली में सोशल साइंस और दूसरे भाषा विषय की परीक्षा होगी। इससे संबंधित नोटिफिकेशन झारखंड अधिविध परिषद के सचिव जयंत मिश्रा ने जारी कर दिया है।

# ई है टाटा नगरिया, देख बबुआ...



जुबिली पार्क में फूलों से गदराया यह पेड़ वसंत रितु के आगमन की मुनादी करता प्रतीत हो रहा है।

# खुशखबरी : टाटा जू में दो तेंदुआ शावकों और एक मैंड्रिल बंदर शिशु का जन्म

खबर मन्त्र ब्यूरो



मादा तेंदुआ अपने बच्चों को दूध पिलाती हुई।



मादा मैंडरील अपने बच्चे को सीने से चिपकाये हुए।

**जमशेदपुर।** टाटा जू में दो तेंदुआ शावकों (जो अभी मां के साथ हैं, इसलिए उनका लिंग स्पष्ट नहीं है) और एक नर मैंड्रिल बंदर शिशु का जन्म हुआ है। यह खबर न केवल जू के लिए गर्व की बात है, बल्कि जैव विविधता संरक्षण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। ये नन्हे तेंदुआ शावक हाल ही में नागपुर जू से टाटा जू लाए गए तेंदुआ जोड़े की संतान हैं। यह जन्म प्रजाति संरक्षण और प्रबंधन के लिए चल रहे सहयोगी प्रयासों को और मजबूत करता है, जो वन्यजीव संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मैंड्रिल, जो अपनी चमकदार चेहरे की रंगत और विशिष्ट सामाजिक संरचना के लिए जाने जाते हैं, एक संकटग्रस्त प्रजाति है। टाटा जू में इन दुर्लभ प्राइमेट्स को इजराइल के एक प्रतिष्ठित प्राणी उद्यान से लाया गया था, जिससे इनके संरक्षण और संवर्धन को बढ़ावा मिला। अपनी इस पहल को और आगे बढ़ाते हुए, टाटा जू ने मैंड्रिल को भारत के विभिन्न प्राणी उद्यानों– ग्रीन जेडआरआर सी, जामनगर (गुजरात), नॉर्थ वेस्ट बंगाल सफारी, सिलीगुड़ी और तिरुपति जू–को दान किया है, ताकि इनके संरक्षण प्रयासों को और विस्तार दिया जा सके।

तेंदुआ और मैंड्रिल बंदर शावकों का यह जन्म टाटा जू की प्रतिबद्धता का प्रमाण है, जो संकटग्रस्त प्रजातियों को सुरक्षित और अनुकूल माहौल प्रदान करने के लिए समर्पित है। जू में इन दुर्लभ जीवों को संतुलित पोषण, बेहतरीन चिकित्सा देखभाल और ऐसा समृद्ध आवास दिया जा रहा है, जो उनके प्राकृतिक परिवेश के समान हो, ताकि वे स्वस्थ और सुरक्षित रूप से विकसित हो सकें।यह हमारे लिए खुशी का क्षण है, जो संरक्षण, जैव विविधता संरक्षण और उत्कृष्ट पशु देखभाल के प्रति हमारी निरंतर प्रतिबद्धता को दशार्ता है। तेंदुआ शावकों का सफल जन्म न केवल हमारे वन्यजीव संरक्षण प्रयासों को और मजबूत करता है, बल्कि जू के बीच सहयोगी कार्यक्रमों के सकारात्मक प्रभाव को भी उजागर करता है। ये नन्हे शावक और उनकी माँ इस समय जू के अनुभवी पशु चिकित्सकों और देखभाल विशेषज्ञों की कड़ी निगरानी में हैं, ताकि उनकी सेहत और विकास सुनिश्चित किया जा सके। टाटा जू पशु देखभाल के उच्चतम मानकों को अपनाते हुए वैज्ञानिक प्रबंधन और सतत संरक्षण प्रयासों को निरंतर बढ़ावा दे रहा है।

## स्पीड न्यूज

### झाड़ फूंक के नाम पर आदिवासी महिला की कर दी पिटाई



गम्हरिया। प्रखंड के जयकान पंचायत अंतर्गत नूनाडीह टोला डुंगरीडीह के बिशु मुर्मू नामक व्यक्ति द्वारा झाड़ फूंक के नाम पर एक आदिवासी महिला के साथ मारपीट किए जाने का मामला प्रकाश में आया है।। इस बावत पीड़िता द्वारा उंक्त व्यक्ति के खिलाफ गम्हरिया थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इस बावत बताया गया है कि बीते 24 फरवरी को महिला कुछ दिनों से बीमार थी। कुछ लोगों द्वारा बताया गया कि बिशू मुर्मू बीमारी का इलाज करता है। महिला के परिजनों द्वारा जब उसे विशु के पास ले जाया गया तो उसने झाड़–फूंक के नाम पर महिला को बाल खोलकर घर में बनाए गए पूजा स्थल पर माथा टेकने को कहा। बताया गया है कि जैसे ही महिला माथा टेकने के लिए झुकी, विशु मुर्मू महिला का बाल पकड़कर उसपर लात, घूंसे और लाठी से प्रहार करने लगा। इतना ही नहीं मानवता को शर्मसार करते हुए मुर्मू ने उक्त महिला के गुप्तांगों पर भी हमला किया जिसे वह महिला बुरी तरह घायल हो गई और बेहोश हो गई। परिजनों द्वारा घायल महिला को चार दिनों तक स्थास्नीय निजी अस्पताल में इलाज कराया गया। इस मामले को लेकर आदिवासी समाज में रोष व्याप्त है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। इधर, इस मामले में झामुमो नेता भोमरा माझी ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुके इस तरह के अंधविश्वास फैलाने वाले के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग किया है।

### नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में ग्रामीणों के स्वास्थ्य की हुई जांच



आदित्यपुर। कांड्रा के बारम्बारी गांव में रविवार को लक्ष्मी नारायण ट्रस्ट के तत्वावधान में गंगोत्री हेल्थ केयर द्वारा नि:शुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया। इस दौरान सैकड़ों ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच किया गया। कार्यक्रम में आने वाले ग्रामीणों के बीच धोती और साड़ी तथा गीता और हनुमान चालिसा का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष डॉक्टर जेएन दास बतौर अतिथि के रूप में शामिल हुए। आयोजन को सफल बनाने में डॉ. एसके प्रसाद, डॉक्टर पंतोभी प्रसाद, डॉ. ललिता गुप्ता आदि मौजूद थे।

### कांग्रेस का होली मिलन समारोह 8 मार्च को तिलक पुस्तकालय में

जमशेदपुर। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के निर्देशानुसार रविवार को जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे के अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यालय तिलक पुस्तकालय बिष्टूपुर में आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने जिला पदाधिकारियों को कडा संदेश देते हुए कहा कि प्रखंड अध्यक्ष एवं मण्डल अध्यक्ष जनहित के मुद्दे को लेकर धारदार आंदोलन करें। जिला पदाधिकारी जिनकी नियुक्ति प्रखण्ड संगठन प्रभारी एवं मण्डल संगठन पर्यवेक्षक के रूप में हुई है। वे सभी प्रखण्ड संगठन प्रभारी एवं मण्डल संगठन पर्यवेक्षक अपने दायित्व का निर्वहन इमानदारी के साथ करें। प्रखण्ड अध्यक्ष एवं मण्डल अध्यक्ष अविलंब नगर निकाय क्षेत्र में होने वाले चुनाव की तैयारी सम्बन्धी सूची निष्पक्षता से तैयार कर जिला कार्यालय को प्रेषित करें। पंचायत क्षेत्र के प्रखण्ड अध्यक्ष एवं मण्डल अध्यक्ष भी कांग्रेस कार्यकर्तागण एवं कांग्रेस विचारधारा के समर्थकों की सूची जिपा सदस्य, मुखिया, उपमुखिया, पं स स, वार्ड सदस्य की सूची तैयार कर जिला कार्यालय को प्रेषित करें।

# टाटा संस के एग्जूक्टिव चेयरमैन एन चंद्रशेखरन जमशेदपुर पहुंचे



कंपनी के जेट से जमशेदपुर एयरपोर्ट पर उतरते एन.चंद्रशेखरन।



जुबिली पार्क की विद्युत सज्जा का नजारा लेते एन.चंद्रशेखरन, और सीईओ टीवी नरेंद्रन।

रविवार की शाम जुबिली पार्क में विद्युत सज्जा का किया उद्घाटन

**आज टाटा स्टील वर्क्स और पोस्टल पार्क में संस्थापक को देंगे श्रद्धांजलि**

विशेष संवाददाता



जुबिली पार्क में संस्थापक जेएन टाटा को नमन करते टाटा स्टील के सीईओ एंड एमडी टीवी नरेंद्रन।

**जमशेदपुर।** टाटा संस के एग्जूक्टिव चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन आज जमशेदपुर पहुंचे। उन्होंने रविवार की शाम जुबिली पार्क में संस्थापक दिवस की पूर्व संध्या पर विद्युत सज्जा का बटन दबा कर उद्घाटन किया, और पार्क में संस्थापक जेएन टाटा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि देकर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर उनके साथ टाटा स्टील लिमिटेड के सीईओ एंड एमडी टीवी नरेंद्रन,टाटा स्टील के एग्जूक्टिव डायरेक्टर कौशिक चटर्जी, टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट चाणक्य चौधरी, श्रीमती रुचि नरेंद्रन, टाटा स्टील यूआइएसएल के एमडी रितुराज सिन्हा एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष संजीव चौधरी टुन्नू, महासचिव सतीश सिंह व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। इसके पूर्व जमशेदपुर एयरपोर्ट पर टाटा स्टील के जेट से चेयरमैन एन चंद्रशेखरन पहुंचे तो वहां उनका स्वागत करने के लिए एमडी एंड सीईओ टीवी नरेंद्रन मौजूद थे। नरेंद्रन ने चेयरमैन का गर्मजोशी से स्वागत किया और खुद कार ड्राइव कर उन्हें डायरेक्टर्स बंगलो तक लेकर गए। सोमवार 3 मार्च को एन चंद्रशेखरन सबसे पहले टाटा मोटर्स लिमिटेड जायेंगे जहां जमशेदपुर प्लांट में उनका स्वागत कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी गिरीश बाघ करेंगे। उनके साथ प्लांट हेड सुनील तिवारी एवं अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी भी होंगे। यहां पर जनरल ऑफिस के सामने संस्थापक की प्रतिमा पर चेयरमैन एवं उनकी टीम पुष्पांजलि अर्पित करेगी। इसके बाद जमशेदपुर प्लांट में विकसित टाटा मोटर्स की नयी पीढ़ी के वाहनों की प्रदर्शनी देखेंगे। टाटा मोटर्स के बाद चेयरमैन सीधे सुबह 8.45 बजे टाटा स्टील वर्क्स पहुंचेंगे जहां वह टाटा स्टील के विभिन्न सहायक कंपनियों एवं विभागों द्वारा पेश की गई झांकी का अवलोकन करेंगे, और बोर्ड के सदस्यों के साथ संस्थापक को श्रद्धांजलि देंगे। इसके बाद सुबह 9.30 बजे वे पोस्टल पार्क, बिष्टुपुर में संस्थापक को श्रद्धांजलि देने के पश्चात शहर के विशिष्ट लोगों को संबोधित करेंगे।

## श्रमिकों के प्रति असंवेदनशील और उदासीन है राज्य सरकार : विधायक पूर्णिमा साहू

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** औद्योगिक नगरी जमशेदपुर में बड़ी संख्या में असंगठित क्षेत्र के श्रमिक कार्यरत हैं, जो विभिन्न समस्याओं से जूझ रहे हैं। इसी मुद्दे को लेकर जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू ने विधानसभा में श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग से सवाल किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में अंत्येष्टि सहायता योजना के तहत किसी निबंधित असंगठित कर्मकार की सामान्य मृत्यु होने पर 15,000 रुपये और कार्य के दौरान मृत्यु होने पर 25,000 रुपये की सहायता राशि देने का प्रावधान है। उन्होंने सरकार से मांग की कि सामान्य मृत्यु होने की स्थिति में भी 25,000 रुपये की सहायता राशि दी जाए, ताकि श्रमिकों के परिवार को उचित राहत मिल सके। हालांकि, सरकार ने इससे इनकार किया है, जिसपर पूर्णिमा साहू ने कड़ी नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि यह रवैया श्रमिकों के प्रति सरकार की असंवेदनशीलता को दशार्ता है और श्रमिकों के प्रति उदासीन नीति को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि विभिन्न प्रतिनिधिमंडलों ने उनसे मिलकर यह मुद्दा उठाने का आग्रह किया था, लेकिन सरकार के नकारात्मक रुख से निराशा हुई है। उन्होंने सरकार से श्रमिकों के हित में पुनर्विचार करने की मांग की है।

## अर्जक संघ का 9वां टाटा जिला सम्मेलन संपन्न, बनारसी अध्यक्ष

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** कुशवाहा भवन साकची में माननीय राम बल्लभ साहु संयुक्त सचिव राष्ट्रीय समिति अर्जक संघ की उपस्थिति में रविवार को नयी जिला समिति का गठन हुआ। सम्मेलन दो सत्रों में सम्पन्न हुआ। प्रथम सत्र में अर्जक संघ के संगठन,देश की वर्तमान समस्या पर चर्चा हुई। समाज में व्याप्त पाखंड अंधविश्वास पर खुल कर चर्चा हुई। सत्ता शासन अंधविश्वास को बढ़ावा देकर असंवैधानिक काम कर रहा है, अर्जक संघ इसका पुरजोर विरोध करता है। समाज में वैज्ञानिक विचार धारा को जन जन तक पहुंचाना अर्जक संघ का दायित्व है। भूत प्रेत, स्वर्ग नर्क,भाग्य भगवान, पुनर्जन्म तथा आत्मा परमात्मा आदि का तर्क संगत विचार समाज में फैल रहा है। प्रगति धीमी अवश्य है किन्तु वैज्ञानिक बातों को कोई नकार नहीं रहा है। संघ अपने लक्ष्य को अवश्य प्राप्त करेगा। अंधविश्वासी कर्म काण्ड और पाखंड को छोड़ने के लिए संकल्पित तर्कवादी बनना होगा। चुनाव पर्यवेक्षक मां राम बल्लभ साहु ने नयी समिति का गठन किये।

## रक्तदान कर संस्थापक दिवस पर अनोखी श्रद्धांजलि देगी टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन संस्थापक दिवस के अवसर पर 3 मार्च को वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन करेगी। जिसमें टाटा मोटर्स कर्मियों समेत शहर के सम्मानित रक्तदाता शिरकत करेंगे। गौरतलब हो कि विगत वर्ष यूनियन के सौजन्य से आयोजित रक्तदान शिविर में कुल 2700 यूनिट रक्तदान संग्रहित हुआ था, जो अपने आप में कीर्तिमान है। यूनियन सूत्रों ने बताया कि यूनियन द्वारा वर्ष 2021 में मॉस ब्लड डोनेशन का शुभारंभ किया गया। महान मजदूर नेता स्वर्गीय गोपेश्वर बाबू की जयंती पर यूनियन

### यूनियन की रक्तदान में इतिहास रचने की है तैयारी

द्वारा रक्तदान शिविर का शुभारंभ हुआ था। प्रथम बार रक्तदान शिविर में यूनियन द्वारा 500 यूनिट का लक्ष्य रखा गया था। परंतु यूनियन के बेहतर प्रबंध एवं कार्य कुशलता के कारण कुल 1250 यूनिट रक्तदान संग्रहित हुआ था । वर्ष 2022 में कुल 1770 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ था। यूनियन के पहल को देखते हुए जमशेदपुर ब्लड बैंक के विशेष अनुरोध पर उक्त रक्तदान शिविर को दिसंबर से बढ़ाकर मार्च में टाटा साहब के जन्मदिन के अवसर पर रखा जाने लगा। विगत वर्ष कुल 2700 यूनिट रक्त संग्रहित हुआ था। निरंतर शिविर में रक्त यूनिट की बढ़ती संख्या से उत्साहित यूनियन ने इस वर्ष अपने ही रिकॉर्ड को तोड़ने का लक्ष्य बनाया है। फलस्वरूप यूनियन के तमाम पदाधिकारी, अध्यक्ष गुरमीत सिंह, महामंत्री आरके सिंह समेत कमेटी मेंबर, आरके सिंह फैंस क्लब के सदस्यों तथा यूनियन शुभचिंतक आगामी 3 मार्च को निर्धारित रक्तदान शिविर को सफल बनाने के लिए लगातार प्रयासरत हैं।


**रक्तदान शिविर में होगी निम्न व्यवस्था :** 3 मार्च को आहुति रक्तदान शिविर में आगंतुकों के सुविधा के लिए रजिस्ट्रेशन काउंटर की संख्या 7 तथा रक्त नमूना जांच काउंटर की संख्या 3 रहेगी ।जबकि रक्तदान के लिए बेडों की संख्या 48 रहेगी। रिफ्रेशरमेंट के लिए चाय, कॉफी, नाश्ता एवं दोपहर में सादा भोजन प्रबंध रहेगा।

### अध्यक्ष, महामंत्री ने की रक्तदान का अपील

यूनियन के अध्यक्ष गुरमीत सिंह एवं महामंत्री आरके सिंह ने संयुक्त रूप से टाटा मोटर्स के सभी मजदूर भाईयों समेत विभिन्न कंपनियों के कामगारों तथा शहर के रक्तदाताओं से टाटा साहब के जन्मदिन पर लेवर ब्यूरो प्रांगण स्थित टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन कार्यालय परिसर में आकर रक्तदान करने की अपील की है। आरके सिंह ने कहा कि कोरोना काल में रक्त की कमी से जब शहर जूझ रहा था तब रक्त की जरूरत को ध्यान में रखते हुए यूनियन ने रक्तदान शिविर आयोजित करने का निर्णय पहली बार 2021 में लिया था, तब से लगातार रक्तदान शिविर जारी है। मजदूर भाईयों समेत शहरवासियों का इसमें भरपूर सहयोग भी मिला। **संस्थापक दिवस पर दस हजार जलेंगे दीप :** अध्यक्ष गुरमीत सिंह ने कहा कि संस्थापक दिवस के अवसर पर टेल्को कॉलोनी स्थित आम बगान मैदान में दस हजार दीप जलाएं जाएंगे। उन्होंने कहा कि कॉलोनीवासी समेत शहर के लोग टाटा साहब के जन्मदिन पर अपने-अपने घरों पर दीप जलाकर उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हैं। इस वर्ष भी 3 मार्च को आम बगान में सामूहिक दीप जलाकर टाटा साहब को श्रद्धांजलि दी जाएगी।

## एक नजर में

### श्री श्याम रात्रि निशान यात्रा 10 मार्च को




जमशेदपुर। श्याम प्रभु की भक्ति में फागुन माह का विशेष महत्व होता है। इस दिन पूरे देश में बाबा श्याम की आराधना की जाती है। जमशेदपुर में भी श्याम भक्तों ने फागुन माह की शुक्ल पक्ष की एकादशी में जमशेदपुर को श्याम मय में बनाने की तैयारी कर रखी है। इसके तहत श्री श्याम बाल मंडल अंतर्गत श्री श्याम रात्रि मासिक निशान यात्रा के तत्वाधान में 10 मार्च को विशाल श्री श्याम रात्रि निशान यात्रा निकाली जाएगी। यह जानकारी देते हुए समिति के अनिल मोदी, विमल अग्रवाल एवं अनिल खंडेलवाल ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी समिति के तत्वावधान में विशाल निशान यात्रा निकालने की तैयारी श्याम भक्तों ने की है। उन्होंने बताया की समिति द्वारा हर माह की शुक्ल पक्ष एकादशी को रात्रि निशान यात्रा निकाली जाती है। फागुन माह में इस यात्रा का विशेष महत्व इसलिए हो जाता है क्योंकि फाल्गुन में राजस्थान में खाटू धाम में बाबा श्याम का विशेष मेला लगता है। इसमें देश–विदेश के करोड़ों भक्त खाटू जाकर बाबा श्याम का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं जो भक्त किसी भी कारण वश वर्ष खाटू धाम नहीं जा पाते ।उनको खाटू जैसा माहौल देने के लिए समिति द्वारा विशेष रूप से निशान यात्रा निकाली जाती है। समिति द्वारा निकाली जाने वाली यह 160वीं निशान यात्रा होगी। इस वर्ष यह निशान यात्रा 10 मार्च को रात्रि 7:00 बजे से साकची शिव मंदिर से शुरू होकर जुगसलाई स्थित बैकुंठ धाम मंदिर आकर समाप्त होगी। इस निशान यात्रा में 2100 पुरुष एवं महिला श्याम भक्त अपने हाथों में निशान लेकर साकची से चलेगी और पूरे रास्ते अपने भजनों से बाबा को रिझाते हुए जुगसलाई आकर बाबा के चरणों में निशान को अर्पित करेंगे। आयोजन में मुख्य रूप से रतन मंगोटिया, नितेश अग्रवाल, सुनील खंडेलवाल,मनोज मोदी, मनोज शर्मा गौरव खंडेलवाल, हैप्पी धानुका, विक्की अग्रवाल, पंकज चौधरी, संदीप अग्रवाल, ललित मित्तल, अमित अग्रवाल, अरविंद मोदी, अमित संघी ,हितेश पारीक, मनीष कसेरा, मनोज मोदी, मोहन अग्रवाल, संदीप बरवालिया, चिंटू अग्रवाल इत्यादि की प्रमुख भूमिका है।

### एनआइटी जमशेदपुर ने ग्रीन क्रेडिट और उत्पाद इकोमार्क-लेबलिंग पर ए-एमडीपी का किया उद्घाटन



जमशेदपुर। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) जमशेदपुर ने 2 मार्च 2025 को 'ग्रीन क्रेडिट प्रोग्राम और उत्पाद इको–लेबलिंग प्रमाणन' पर 5 दिवसीय उन्नत प्रबंधन विकास कार्यक्रम (ए–एमडीपी) का उद्घाटन किया। भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय द्वारा प्रायोजित, कार्यक्रम का लक्ष्य 25 उद्योग पेशेवरों को सस्टेनेबिलिटी, हरित क्रेडिट और इको–मार्क प्रमाणीकरण में कौशल प्रदान करना है। इस कार्यक्रम में डॉ एस रंगनाथन (एमओईएफसीसी विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति), प्रो राजेश कुमार तिवारी (निदेशक, आरवीएससीईटी जमशेदपुर), प्रो. आरवी शर्मा (उप निदेशक, एनआईटी जमशेदपुर), प्रो एम के सिन्हा (डीन, आर एंड सी), और डॉ एनके राय (रजिस्ट्रार, एनआईटी जमशेदपुर) उपस्थित थे। कार्यक्रम संयोजक डॉ सीएम राव, डॉ दिनेश कुमार और डॉ नवीन कुमार वेल्दुरथी ने प्रतिभागियों का स्वागत किया। प्रो रंगनाथन ने सतत औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने में हरित ऋण और इको–लेबलिंग के महत्व पर प्रकाश डाला। पांच दिनों में, प्रशिक्षु विशेषज्ञ व्याख्यान और रीसाइक्लिंग प्लांट के औद्योगिक दौरे के माध्यम से कार्बन और ग्रीन क्रेडिट सिस्टम, अपशिष्ट प्रबंधन, परिपत्र अर्थव्यवस्था और पर्यावरण–प्रमाणन में ज्ञान प्राप्त करेंगे।

### अकेले रह रहे बुर्जुगों के संपर्क में रहेंगे थाने,वरिष्ठ नागरिक संघ लेगा हाल



जमशेदपुर। सिंहभूम वरिष्ठ नागरिक संघ के अध्यक्ष शिवपूजन सिंह के आग्रह पर एसएसपी जमशेदपुर ने उनक बुर्जुगों की सूची निकटतम थानों में उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है जो बुर्जुग अथवा बुर्जुग दंपत्तिअपने घरों में अकेले रहते हैं। वैसे अकेले घरों में रहने वाले बुजुर्गों की सूची उनके निकटतम थाना में रहेगी और उन्हें कभी सहायता की जरूरत पड़ेगी तो उन्हें सहायता पहुंचाई जायेगी और सिंहभूम केन्द्रिय वरिष्ठ नागरिक समिति के प्रतिनिधि प्रतिदिन सुबह उनसे सम्पर्क कर उनकी जानकारी लेगे। अभी ऐसे बुजुर्गों की सूची मेरे पास सिदगोडा क्षेत्र से 12, सोनारी थाना क्षेत्र से 4 और कदमा थाना क्षेत्र में 4 हैं। शिवपूजन सिंह ने कहा है कि ऐसे बुजुर्ग अपना नाम कल तक उनके मोबाइल नं 6201797968 पर भेज दें ताकि उनका भी नाम जोड़ा जा सके। इस पहल से पुलिस और पब्लिक में एक समन्वय स्थापित होगा और असहाय बुजुर्गों की सहायता भी होगी।

### स्कूल अंडर ट्री के बच्चों ने निकाली सड़क सुरक्षा रैली

जमशेदपुर। जमशेदपुर में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए विश्व जन सेवा ट्रस्ट के तहत संचालित स्कूल अंडर ट्री के बच्चों ने गदरा में एक विशेष सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली। इस अभियान का नेतृत्व ट्रस्ट के संस्थापक डॉ. मनीष झा और स्कूल अंडर ट्री की संस्थापक पल्लवी झा ने किया। रैली के दौरान बच्चों ने सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा, हेलमेट पहनिए, सुरक्षित चलिए, और ट्रैफिक नियमों का करें सम्मान, बचाएं जान जैसे नारों से लोगों को जागरूक किया। बच्चों ने पोस्टर और बैनर के माध्यम से सड़क सुरक्षा का संदेश दिया। संस्था के संस्थापक डॉ. मनीष झा ने कहा, गदरा, बाड़ीगोड़ा में हाल ही में कई लोगों की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई और जमशेदपुर में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जागरूकता ही सबसे बड़ा हथियार है। हम अब इस अभियान को लगातार जारी रखेंगे और सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को शिक्षित करने का प्रयास करेंगे। रैली के दौरान स्थानीय लोगों ने भी बच्चों की इस पहल की सराहना की। ट्रस्ट आने वाले दिनों में गदरा और आसपास के क्षेत्रों में सड़क सुरक्षा पर कार्यशालाएं और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करेगा।

### नौरंगराय सूर्य देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर चांडिल में मातृ सम्मेलन संपन्न



चांडिल। नौरंगराय सूर्य देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर चांडिल प्रांगण में मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 700 माताएं सामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथि महोदया श्रीमती सीमा रानी मंडल एवं उपाध्यक्ष श्रीमती उमा महतो विद्यालय के प्रधानाचार्य कुणाल कुमार ने संयुक्त रूप बंदना स्थल पर नारी शक्ति की प्रतिमूर्ति रानी अहिल्याबाई होलकर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने माताओं को संबोधित करते हुए कहा कि माता ही सृष्टि की सृजन करता है तथा आज के युग में महिला सशक्तिकरण का युग है परिवार में महिलाओं की भूमिका अग्रणी है।

## स्पीड न्यूज

### नावाजयपुर थाना पुलिस ने 7.45 किलो गांजा किया बरामद



पाटन पलामू। नावाजयपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने थाना क्षेत्र अंतर्गत डैनीखाड से मुखलाल सिंह पिता स्व मुनेश्वर सिंह, निवासी पूणार्डीह, थाना–नवाजयपुर पलामू) को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 7.45 किलो गांजा बरामद किया गया है। एसपी रीश्मा रमेशन ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर सख्ती से निगरानी रख रही है और इस तरह की गतिविधियों में शामिल व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई जारी रहेगी।

### विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन



पाटन पलामू। पाटन प्रखंड सभागार में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार व झारखंड राज्य विधिक से सेवा प्रावधान में बच्चों, बिधवायें, दिव्यांगों, महिलाओं, अनुसूचित जाति व जनजाति समुदाय व वरिष्ठ नागरिकों के उत्थान के लिए विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के पीएलभी विशाल कुमार मौजूद थे। शिविर की अध्यक्षता पाटन सीओ राकेश कुमार श्रीवास्तव ने की। शिविर में उपस्थित लोगों को कानूनों की जानकारी समेत सरकार के योजनाओं की जानकारी दी गयी। साथ ही डालसा द्वारा किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी गई। शिविर में पुरूषोत्तम कुमार वैद्य, नंदलाल प्रसाद गुप्ता, श्याम सुंदर, पंचायत सचिव देवरती सिंह, मिथलेश कुमार सिंह, बीपीओ स्विटी सिन्हा समेत कई लोग शामिल थे।

### चंद्रवंशी समाज का होली मिलन समारोह 9 मार्च को : बिरेंद्र कुमार वर्मा



पांकी पलामू। पांकी प्रखंड अंतर्गत सगालिम अजय रंजन के आवास पर रविवार को अखिल भारतीय क्षत्रिय चंद्रवंशी समाज का विधानसभा स्तरीय बैठक जरासंध जयंती एवं होली मिलन समारोह को लेकर किया गया। इस बैठक में नये कमिटी बनाने के साथ–साथ वनभोज कार्यक्रम का आयोजन को लेकर निर्णय लिया गया है। सभी के सर्वसम्मति से यह कार्यक्रम पिरी नदी के नदी किनारे (पिरी मोड़) के पास निर्णय लिया गया है। बीरेंद्र वर्मा ने कहा कि समाजिक एकजुटता के साथ राजनैतिक, आर्थिक और संवैधानिक क्षेत्र में समाज कैसे आगे आये इस पर चर्चा किया गया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के उद्देश्य से पांकी विधानसभा क्षेत्र के सभी चंद्रवंशी समाज को एक जुटान करते एक पटल पर लाना है। हमारा को एकजुट होने के साथ आने वाले दिनों में पांकी विधानसभा में प्रतिनिधित्व कौन करेगा यह भी तय किया जाएगा। मौके पर इस बैठक में धीरज कुमार, अजय रंजन, मिंटी वर्मा, कौशल किशोर बचन, जसवंत चन्द्रवंशी, ओमप्रकाश वर्मा, संतु चन्द्रवंशी आस कुमार चंद्रवंसी, उमाकांत वर्मा, राकेश चंद्रवंशी, चंदन चंद्रवंशी, लड्डू चंद्रवंशी, पिन्टू वर्मा, संतोष चन्द्रवंशी, एडवोकेट ओम वर्मा, पत्रकार मन्नू चंद्रवंशी सहित सैकड़ों चंद्रवंशी के लोग रहे मौजूद। कार्यक्रम का अध्यक्षता वीरेंद्र वर्मा तो संचालन धीरज वर्मा ने किया।

### जेजेए नहीं मनायेगी होली मिलन समारोह

मेदिनीनगर। झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन ने इस वर्ष होली मिलन समारोह का आयोजन नही करने का निर्णय लिया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष संतोष श्रीवास्तव ने कहा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी होली मिलन समारोह मनाने का निर्णय जेजेए के द्वारा लिया गया था परंतु गढ़वा के प्रसिद्ध पत्रकार स्व आशुतोष रंजन सिन्हा के आकस्मिक निधन ने पत्रकार जगत को हिलाकर रख दिया जिससे पत्रकारों के बीच दुख का सैलाब आ गया है जिसकी भरपाई सम्भव नहीं है। उक्त घटना को देखते हुए इस वर्ष जेजेए होली मिलन समारोह का आयोजन नहीं करेगी।

### जदयू ने राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार का मनाया जन्म दिन



मेदिनीनगर/पाटन। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का 74वां जन्मदिन पलामू जिला कार्यालय बेलवा टिकट स्थित डालमिया कैंपस में मनाई गई। पलामू जिला अध्यक्ष मनोज कुमार दुबे ने केक काटकर उन्हें दीर्घायु होने की कामना की ताकि उनका दिशा निर्देश एवं कार्य करने की क्षमता हम सब तक पहुंचता रहे। उनके दिशा निर्देश में पार्टी कार्य करें और पूरे देश से पार्टी का प्रतिनिधि चुनकर आए और पार्टी को मजबूत हो। 2025 में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव में फिर से नीतीश कुमार के नेतृत्व में सरकार बने और बिहार में एनडीए एक साथ मिलकर विकास करें। प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो के नेतृत्व में जदयू झारखंड में पूरी तरह एकजुट है और पार्टी एक सूत्र से संगठन का काम हो रहा है। मौके पर दिलीप पांडेय, प्रदेश सचिव अवध किशोर सिंह, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष राजेंद्र कुमार रवि, मुकेश पाठक, हरि नारायण प्रजापति, राजपति प्रजापति, जिला उपाध्यक्ष भीम कुमार मेहता, शंकर सिंह सचिन मेहता, अरुण प्रसाद, चिंटू मेहता, राजेंद्र राय आदि लोग मौजूद थे।

### नदी नाला बचाओ अभियान के संचालन के लिए समन्वय समिति का गठन



मेदिनीनगर। नदी नाला बचाओ अभियान के लिए कार्यशाला के अंतिम सत्र में 10 सदस्यी समन्वय समिति का गठन किया गया और भावी कार्य योजना बनाई गई। सत्र के दौरान यह भी निर्णय लिया गया कि समन्वय समिति के विस्तार के लिए और भी सदस्यों को जोड़ा जाएगा। इस अभियान के समन्वय समिति में विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों को जोड़ा गया है। समन्वय समिति के मुख्य संयोजक के रूप में सर्वसम्मति से संपूर्ण ग्राम विकास केंद्र के वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता विनोद कुमार को बनाया गया। समिति का उप संयोजक नई संस्कृति समिति के अजीत पाठक और सामाजिक कार्यकर्ता गणेश रवि को बनाया गया। तकनीकी सहयोग के लिए समिति की ओर से गोपीनाथ पात्रा और मुख्य सलाहकार के रूप में नेचर कंजर्वेशन सोसायटी के डॉ डी एस श्रीवास्तव और यूनिसेफ के तबरेज आलम को बनाया गया। सत्र के अंत में नदी नाला बचाओ अभियान के समन्वय समिति की बैठक लोहड़ा अथवा उतकी पंचायत भवन में करने का निर्णय लिया गया। इस सत्र में मुख्य रूप से ज्ञानचंद कुमार, आदिल हुसैन, मुकेश कुमार, ममता देवी, बिंदु देवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## निष्ठावान एवं कर्तव्यनिष्ठ कार्यकर्ता को मिले जवाबदेही : सांसद बीडी राम

### संगठनात्मक चुनाव को लेकर भाजपा की बैठक आयोजित



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** संगठनात्मक चुनाव को लेकर पलामू जिलाध्यक्ष अमित तिवारी की अध्यक्षता में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं प्रदेश एवं जिला पदाधिकारी, सभी मोर्चा के अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष एवं महामंत्री, मंडल प्रभारी, मंडल चुनाव प्रभारी एवं सह प्रभारियो की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित पलामू जिला चुनाव अधिकारी सुरेश साव ने कहा कि पार्टी के निर्देशा पर संगठन पर्व सदस्यता अभियान को लेकर जिले में भी सक्रिय सदस्यता बनाने का कार्य अग्रसर है। साव ने कहा कि मार्च में ही संगठन के बूथ, मंडल एवं जिला स्तरीय चुनाव कराना तय किया गया है। आज की बैठक में मंडल चुनाव प्रभारियों की रिपोर्ट बताती है कि जिले के अधिकांश मंडलों में बूथ कमेटी बनाने का कार्य अंतिम चरण में है। वही बूथ कमेटी मंडल अध्यक्ष का चुनाव करेगी, इसके बाद जिला अध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा। सह चुनाव अधिकारी लवली गुप्ता ने कहा कि बूथ कमेटी मे कम से कम तीन महिलाओं एवं सभी वर्गों की भागीदारी का होना अनिवार्य है। सभी कार्यकर्ता सक्रियता के साथ निर्धारित समय में ही बूथ एवं मंडल मे चुनाव संपन्न कराने के लिए तत्परता के साथ लगे। सांसद ने कहा कि संगठनात्मक चुनाव पारदर्शी तरीके से नियम संगत निर्धारित समय में हो। साथ ही निष्ठावान एवं कर्तव्यनिष्ठ सक्रिय कार्यकर्ता को जवाबदेही मिले ताकि संगठन मजबूत एवं धारदार हो। मौके पर वरिष्ठ नेता प्रेम सिंह, विजयानंद पाठक परशुराम ओझा ने भी अपने-अपने संगठनात्मक अनुभव एवं विचार व्यक्त किए। बैठक में विभाकर नारायण पांडेय, प्रफुल्ल सिंह, उदय शुक्ला, अजय तिवारी, विजय ओझा, सुनील पासवान, शिव कुमार मिश्रा, अभिमन्यु तिवारी, धर्मेंद्र उपाध्याय, अरविंद सिंह, रामचंद्र यादव, धीरेंद्र दुबे, ओमप्रकाश गुप्ता, शुभम प्रसाद, श्वेतांग गर्ग, श्रवण गुप्ता, शशि भूषण पांडेय, जवाहर चंद्रवंशी, राजहंस अग्रवाल, सुशील सिंह, अविनाश उर्फ छोटू सिंहा, राजेश सिंह, संजय कुमार, साधु मांझी, मधु लता सिंह, रेणु देवी, मंजू देवी भाजयुमो पलामू जिला अध्यक्ष विपुल गुप्ता व कार्यकर्ता मौजूद थे। संचालन जिला महामंत्री विजय ठाकुर ने एवं धन्यवाद ज्ञापन ज्योति पांडेय ने किया।

## पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता मृतक के परिजनों से मिले



खबर मन्त्र संवाददाता

**पांकी पलामू।** पांकी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रखंड पांकी के ग्राम तेतराई निवासी विकास कुमार गुप्ता की मौत बीते दिनों सड़क दुघर्टना में हो गई थी। इसकी सुचना मिलने पर विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने उनके घर जाकर परिजनों से मुलाकात किये। उन्होंने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए परिजनों को ढाढ़स बंधाया। साथ ही परिजन को हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने मृतक के आत्मा के शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया। मौके पर पांकी प्रखंड के विधायक प्रतिनिधि मिंटी वर्मा, संतोष वर्मा, राकेश वर्मा उर्फ सोनू उपस्थित थे।

### हुसैनाबाद एसडीएम ने अनुमंडलीय अस्पताल का किया निरीक्षण

## लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराये प्रबंधक शिकायत मिलने पर होगी कार्रवाई : गौरांग महतो



खबर मन्त्र प्रतिनिधि

**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद एसडीएम गौरांग महतो ने बीते रात्रि को हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी वार्ड की साफ सफाई के साथ प्रसूति गृह, कुपोषण उपचार केंद्र, मरीजों के लिए उपलब्ध बेड के अलावा सहिया, एएनएम की जानकारी ली।

उन्होंने आयुष्मान भारत का लाभ के अलावा अस्पताल परिसर की साफ सफाई का भी जायजा लेकर उन्हें कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद अनुमंडल अस्पताल अनुमंडल क्षेत्र के लोगों के लिए काफी सहयोगी है। सभी मिलकर क्षेत्र के लिए बेहतर स्वास्थ्य सेवा दे सकते हैं। अस्पताल की साफ-सफाई के साथ-साथ एंबुलेंस सेवा के अलावा अनुमंडल में कार्यरत सभी एएनएम व सहिया को कार्य में तत्परता लाने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि कार्य में कोताही करने पर कार्रवाई होगी। उन्होंने अस्पताल परिसर के सभी वार्ड सहित चिकित्सक व मरीज रूम का निरीक्षण कर उपस्थित सभी चिकित्सकों को कई दिशा निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र का परिधि काफी बड़ा है। जहां स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना सभी का दायित्व बनता है। इस मौके पर चिकित्सक डॉ राजकुमार, विभूति प्रसाद गुप्ता, अनुमंडल सहायक अशोक कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

### एमएमसीएच के सर्जरी विभाग में मेडिकल सेमिनार का किया गया आयोजन

## चिकित्सक सर्जरी में रूचि लें : प्रो डॉ महतो



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज पोखराहा में सर्जरी विभाग एसोसिएशन ऑफ सर्जन ऑफ इंडिया पलामू शाखा के द्वारा सर्जरी विभाग के सभागार में मेडिकल सेमिनार का आयोजन किया गया। उदघाटन मुख्य अतिथि प्रो डॉ पीएन महतो व सर्जन एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ रघुवंश नारायण सिंह व अन्य ने किया। इस मौके पर पलामू, गढ़वा व लातेहार के सर्जन उपस्थित थे। इस मौके पर डा महतो ने कहा कि सर्जरी में चिकित्सक रूचि लें कारण कि आज भारत ही नहीं पूरे विश्व में सर्जरी को लोग विश्वास के साथ आशा भरी निगाह से देखते हैं। सर्जरी एक ऐसा पार्ट है जो जटिल रोगों को सर्जरी कर मरीजों को निजात देता है। न्यूरोलॉजिस्ट डॉ प्रेम कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि सर्जरी के क्षेत्र में कई विभाग हैं जो अपने आप में सभी महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। चाहे वह न्यूरोलॉजिस्ट हो कार्डियोलोजी हो या न्यूरो हो समेत कई ऐसे सर्जरी के विभाग हैं जिसमें चिकित्सक विशेषज्ञ बन सकते हैं। ऐसे चिकित्सकों का चिकित्सा के क्षेत्र में ही नहीं बल्कि समाज में एक महत्वपूर्ण स्थान के साथ ख्याति प्राप्त होती है। प्लास्टिक सर्जन डॉ विक्रांत रंजन ने कहा कि प्लास्टिक सर्जन एक ऐसा विभाग है जो मानव के प्राकृतिक अंगों के भांति कृत्रिम अंग प्रदान कर मानव को खड़ा करता है। इसलिए जितने भी लोग चिकित्सा के क्षेत्र में अध्ययनरत हैं उन्हें सर्जरी करने के लिए विशेष रूचि लेते हुए सुपर स्पेशलिटी विभाग में ख्याति प्राप्त करना चाहिए। एसोसिएशन के सचिव डॉ संजय कुमार ने कहा कि आज दूषित खानपान व बुरी आदतों के कारण लोग गंभीर रोगों से ग्रसित हो रहे हैं। जिस कारण लगभग 90 प्रतिशत लोग सर्जरी का सहारा ले रहे हैं। ऐसे लोगों को गंभीर रोगों से निजात दिलाने के लिए एक विशेष प्रकार के सर्जन की आवश्यकता होती है। इसलिए हम सभी को सर्जरी विभाग को दोषमुक्त रखते हुए इसे विशेष स्थान प्रदान कराना चाहिए। मौके पर सर्जन सुशील कुमार पांडेय, अमित कुमार, डॉ अंशुल कुमार, डॉ रविश कुमार, डॉ निशांत सिंह, डॉ सतीश कुमार सिंह, डा सर्वेश कुमार दूबे, डॉ सुनील टुडू, डॉ राजीव, डा परीणीत समेत कई सर्जन चिकित्सक मौजूद थे।

## क्षेत्र के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे : मुखिया अरविंद शुक्ला



खबर मन्त्र संवाददाता

**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड के हरतुवा पंचायत ग्राम बैरिया एवं डबरा में क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता देते हुए मुखिया अरविंद शुक्ला ने 15वें वित्त आयोग की निधि से बनने वाले पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस अवसर पर मुखिया शुक्ला ने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता पंचायत के लोगों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं देना है। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि विकास की गाड़ी सिर्फ छोटे कार्यों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि वे बड़े स्तर पर भी बदलाव लाने के लिए प्रयासरत रहेंगे। मौके पर वार्ड सदस्य, सुशील यादव, लाजवंती देवी, द्रौपदी देवी, रामजीत साव, दयानंद गिरी, अरविंद मिश्रा, सुशील तिवारी, पवित्री देवी, रिंकी देवी, महावीर साव सविता देवी, अमरेश साव झरी साव, विकास साव सहित कई लोग मौजूद थे।

**विधायक से मिलकर करायेंगे बड़ी योजनाएं स्वीकृत :** मुखिया ने बताया कि क्षेत्र में अधूरी पड़ी योजनाओं को पूरा कराने और नई विकास योजनाओं को मंजूरी दिलाने के लिए वे जल्द ही स्थानीय विधायक डॉ शशिभूषण मेहता से मुलाकात करेंगे। उन्होंने कहा कि पंचायत में सड़क, जल, बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुधार के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाएं तभी सफल होंगी जब आम जनता इनसे सीधे जुड़कर लाभान्वित होगी। इस मौके पर उपस्थित ग्रामीणों ने मुखिया की पहल की सराहना की और अपनी राय भी दी। लोगों ने जल निकासी, स्वास्थ्य सुविधाओं और रोजगार से जुड़ी समस्याओं को सामने रखा, जिस पर मुखिया ने कहा कि हर समस्या का समाधान उनकी प्राथमिकता में शामिल है और वे इसे जल्द से जल्द पूरा कराने की कोशिश करेंगे। वे सिर्फ वादे करने में नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर विकास कार्यों को धरातल पर उतारने में विश्वास रखते हैं। उन्होंने जनता से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि सबके साथ और सहयोग से ही पंचायत का समग्र विकास संभव है।

### पाटन राष्ट्रीय चेरो जनजातीय महासंघ ने मनिका विधायक रामचन्द्र सिंह का किया स्वागत



पाटन पलामू। राष्ट्रीय चेरो जनजातीय महासंघ के पाटन प्रखंड अध्यक्ष संजय कुमार सिंह चेरो के नेतृत्व में महासंघ ने मनिका विधायक सह राष्ट्रीय चेरो जनजातीय महासंघ के प्रधान महा सचिव रामचन्द्र सिंह से मुलाकात किया। मौके पर महासंघ के पदाधिकारियों व सदस्यों ने सिंह को माला पहनाकर स्वागत किया। महासंघ के लोगों ने चेरो जनजातियों की समस्याओं से अवगत कराया। साथ ही चेरो समाज के उत्थान, विकास, मजबूती समेत कई बिंदुओं पर विधायक सिंह चर्चा की। मौके पर मनिका विधायक सिंह ने चेरो जनजातियों के सर्वांगीण विकास के लिए पहल करने व समस्या समाधान करने का आश्वासन दिया। मौके पर महासंघ के सचिव प्रवीण कुमार सिंह उर्फ शेर सिंह, कोषाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह चेरो, मिडिया प्रभारी इंद्रदेव सिंह उर्फ पप्पू सिंह चेरो, डॉक्टर अभिषेक कुमार सिंह चेरो तथा बरवाडीह प्रखंड अध्यक्ष सह खुरा पंचायत के मुखिया हुलास कुमार सिंह चेरो एवं सभी लोगो ने मिलकर मनिका विधायक सिंह को फूल माला एवं गुलदस्ता देकर सम्मानित किया।

## पूल के अभाव मे टापू बन जाता है खरीदाग गांव

आजादी के बाद मूलभूत सुविधा नहीं होने को जायजा लेने पहुंचे विधायक प्रतिनिधि



सुधीर यादव

**मनातू (पलामू)।** प्रखंड मुख्यालय से 25 किलोमीटर की दूरी पर अवस्थित खरीदाग गांव स्थित है। यह गांव जंगल और पहाड़ों से चारों ओर गिरा हुआ है गांव हरनिखाड़ (बूढी. कहुआ ) नदी पर पुल निर्माण को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने विधायक कुशवाहा शशि भूषण मेहता से पुल बनाने की मांग की थी खबर निकालने के बाद विधायक प्रतिनिधि मनातू उदेश कुमार यादव ने कहा वर्तमान विधायक के द्वारा हमें निरीक्षण के लिए भेजा गया है बहुत जल्दी इस पुल का कार्य किया जाएगा एवं स्थानीय ग्रामीणों को बिजली रोड से निजात मिलेगी विधायक प्रतिनिधि ने बताया कि पूर्व के जनप्रतिनिधि अगर ध्यान देते तो आजादी के 75 साल बाद भी यह गांव मूलभूत सुविधा से वंचित रहा है। ग्रामीण रघु यादव ने बताया कि विधायक के द्वारा मामले को संज्ञान लेने के बाद उनके विधायक प्रतिनिधि पहुंचे तो अब लगता है कि हम लोगों को मुख्यालय तक जाने में कोई परेशानी नहीं होगी और जल्द ही हम लोगों को पुल सहित रोड बिजली गांव में स्थापित किया जाएगा

## नर में होता है नारायण की सेवा: शीला



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** मिशन समृद्धि संस्था द्वारा निरंतर भोजन का वितरण होते ही रहता है जिसमें ईश्वर की कृपा बनी हूई है। यदि ऐसा नहीं होता तो शायद सालों साल से यह अभियान नहीं चल पाता। सेवा की भावना ही मनुष्य को इन कार्यो के प्रति निष्ठावान बनाता है। उक्त बातें मिशन समृद्धि की अध्यक्ष शीला श्रीवास्तव ने कही। उन्होंने कहा कि भोजन जितना ही श्रद्धा से बनाया या परोसा जाता है उसमें उतना ही अधिक मिठास पाया जाता है। जरूरतमंदों के बीच भोजन देते समय नारायण की सेवा की अनुभूति होती है। शनिवार को दातून व पत्तल बेचने वाले गरीबों, जरूरतमंदों के बीच रोटी सब्जी व खिचड़ी का वितरण किया गया। उन्होंने भोजन देने वाले परिवारों का आभार प्रकट किया है। इस अभियान के में अहिल्या गिरि, बैजन्ती गुप्ता, वीणा राज, रंजीता, ममता, शिल्पी गोस्वामी का योगदान रहा।

### किशुनपुर पंचायत सचिवालय में विशेष ग्राम सभा का आयोजन, योजनाओं पर की गयी चर्चा



पाटन पलामू। सबकी योजना सबका विकास अभियान के तहत विशेष ग्राम सभा का आयोजन पंचायत सचिवालय किशुनपुर के सभागार में किया गया। ग्राम सभा की अध्यक्षता मुखिया सुमन गुप्ता ने की। सबसे पहले बाल सभा एवं महिला सभा एवं प्रत्येक गांव के ग्राम सभा के माध्यम से आये योजना पर चर्चा किया तथा प्राप्त योजनाओं को पढ़ कर सुनाया गया। उपस्थित सदस्यों ने प्राथमिकता के आधार पर विशेष ग्राम सभा की कार्यवाही पुस्तिका में योजनाओं को अंकित किया। यह वार्षिक कार्य योजना वित्तीय वर्ष 25–26 में प्रविष्ट होगा। उपस्थित सदस्यों ने ग्रामीणों को मईयां सम्मान योजना की सूची को पढ़ कर सुनाया गया। साथ ही भौतिक सत्यापन किया गया तथा त्रुटि को दूर करने हेतु आवश्यक दस्तावेज की मांग की गई। मौके पर पंचायत सचिव नंदलाल प्रसाद, उपमुखिया विकाश साव, वार्ड सदस्य पुतुल कुंवर, रेखा देवी, मनीष उपाध्याय, कौशल झा, महिला संगठन की अध्यक्ष, विनोद कुमार प्रजापति, प्रमोद सोनी, लव सोनी व लोग मौजूद थे।

## विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर का किया गया आयोजन

### सशक्तिकरण शिविर का उद्देश्य आम आवाम लोगों को जागरूक करना है : पीडीजे नीरज कुमार श्रीवास्तव





शिविर में दिव्यांग को व्हील चेयर प्रदान करते पीडीजे नीरज श्रीवास्तव , बीडीओ, सीओ व अन्य।

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** डालसा के द्वारा सदर प्रखंड के सभागार में विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उदघाटन पलामू के प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव ने लाभुकों से कराया। शिविर में डीजे विनोद कुमार सिंह, अखिलेश कुमार, राज कुमार मिश्रा, शंकर कुमार महाराज, श्वेता ढींगरा, आभास कुमार, आनंद सिंह, संजय सिंह यादव, संदीप निश्चित बारा, अर्पित श्रीवास्तव, शिखा अग्रवाल, परमानंद उपाध्याय, निशिकांत, रितु कुजूर, रोजलिना बारा, समीरा खान, बीडीओ जागो महतो, सीओ अमरदीप बल्होत्रा, लीगल एड डिफेंस काउंसिल के चीफ अमिताभ चन्द्र सिंह, डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय, वीर विक्रम वक्स राय, उतम कुमार, पुष्कर राज, नीतू सिंह, संजीव सिंह, सुनील कुमार, पीएलवी बिनय प्रसाद, भागीरथी दुबे, प्रखंड, अंचल कर्मी के अलावे सैकड़ो लोग उपस्थित थे। शिविर में बड़कागांव के एक दिव्यांग विकास कुमार पांडेय को पीडीजे नीरज कुमार श्रीवास्तव द्वारा ऑन स्पॉट व्हीलचेयर व दिव्यांग पेंशन का लाभ प्रदान किया गया। वही बच्चों को अन्नप्रासन कराया गया। वही फीमेल जजेज के द्वारा गर्भवती महिलाओं को गोदभराई की रस्म की गई। नन्हे मुन्हें स्कूली बच्चे जहां ड्रेस पाकर खुश दिखे वही किशोरियों को लक्ष्मी लाडली योजना का लाभ दिया गया। शिविर में पीडीजे ने कहा कि आम लोगों को विधिक का जानकारी होना जरूरी है। सशक्तिकरण शिविर का उद्देश्य आम आवाम लोगों में जागरूकता लाना है। बीडीओ जागो महतो ने कहा कि यह शिविर कमजोर वर्ग के लिए मील का पत्थर साबित होगा। सीओ अमरदीप ने कहा कि डालसा समाज के अंतिम व्यक्ति की समस्या के समाधान करने, कानून की जानकारी देने व गरीबों को लाभ पहुंचाने में सफल साबित हुई है। संतोष पाण्डेय ने डालसा से प्रदत सुविधा के बारे में से जानकारी दी।

## पथरा में मेडिकल चेकअप कैंप का आयोजन





खबर मन्त्र संवाददाता

**चैनपुर पलामू।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत नरसिंहपुर पथरा पंचायत भवन में मेडिकल चेकअप कैंप का आयोजन किया। कैंप का उदघाटन चैनपुर उत्तरी पूर्व जिला परिषद बिकास चौरसिया व मीना देवी मुखिया पति व्यास राम चौरसिया ने किया। कैंप में डा सरोज कुमार (जेनरल फिजिशियन) व डॉ नीलम (स्त्री व प्रसुति रोग विशेषज्ञ) ने अपने सहायक मनोज कुमार, उपेन्द्र कुमार चौरसिया, फीरोज अंसारी, प्रमिला कुमारी, रुपा कुमारी, रीमा कुमारी, सीमा कुमारी के एक एक रोगी का संपूर्ण जांच कर मुफ्त में दवा उपलब्ध कराया। इस कैंप में जांच के दौरान तीन रोगी मुंशी शर्मा, अनीषा कुमारी, कलावती देवी के विशेष रोगों का पता चला जहां चिकित्सक सरोज कुमार ने उन्हें विशेष बचाव व समयानुसार दवाएं लेने को सलाह दी। शिविर में डॉ सरोज कुमार ने बताया कि विशेष परिस्थितियों में पुलिस लाइन पेट्रोल पंप शिव मंदिर के सामने डाल्टनगंज अपने निजी क्लीनिक पर लोग आकर इलाज करा सकते हैं। इस अवसर पर पंसस कमल किशोर चौरसिया, नागेन्द्र प्रसाद, आशुतोष रौशन, रौशन कुमार, आलोक कुमार, अमरेन्द्र चौरसिया शिक्षक, रविन्द्र चौरसिया, बिकास चौरसिया, हरिहर साव, यमुना विश्वकर्मा उपस्थित थे।

# जिप अध्यक्ष ने की सड़क एवं पुल निर्माण कार्य की जांच

खबर मन्त्र संवाददाता

**रमना।** रेलवे क्रॉसिंग रमना से सारांग होते हुए जतपुरा गांव तक 3 करोड़ 82 लाख रुपए की लागत से 5 किमी पीडब्लूडी विभाग से हो रहे सड़क निर्माण कार्य में संवेदक द्वारा घोर अनियमितता बरती जा रही है। साथ ही कार्य प्रारम्भ हुए एक वर्ष हो गया, लेकिन अभी तक योजना पट नहीं लगा है। जबकि कार्य प्रारम्भ होने से पूर्व ही योजना पट लगाना था। जिससे इस सड़क से लाभान्वित होने वाले गांव के ग्रामीणों में काफी नाराजगी है। योजना अनुसार सड़क निर्माण नहीं होने का विरोध ग्रामीणों ने किया था, लेकिन उन्हें डराया धमकाया गया जिसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना जिप अध्यक्ष शांति देवी को दिया। ग्रामीणों की सूचना पर शांति देवी ने स्थल पर पहुंचकर हो रहे उक्त सड़क निर्माण कार्य एवं पुल पुलिया निर्माण की जांच पड़ताल की। जिसमें ग्रामीणों द्वारा लगाया गया अनियमितता सही पाया गया। पुलिया निर्माण में नाम मात्र का सीमेंट डाला गया हैं। पानी तो पटाया ही नहीं गया है, गुणवत्ता पूर्ण काम नहीं होने से पुलिया के



जांच करती जिप अध्यक्ष

दीवार में दरार दिखने लगा है। सड़क पर गिट्टी भीस डालकर पानी डाला ही नहीं जा रहा हैं जिससे पैदल एवं मोटर साइकिल से आने जाने वाले को घोर परेशानी हो रही है। इस पर अध्यक्ष ने कड़ी आपत्ति जतायी और कार्यस्थल पर मौजूद संवेदक के द्वारा प्रतिनियुक्त आदमियों को सख्त हिदायत दी की इस प्रकार से हो रहे घठिया सड़क निर्माण कार्य को करके आप चले जायेंगे, लेकिन इस सड़क से आने जाने वाले ग्रामीणों को एक ही बरसात में फिर से वही स्थिति हो जाएगी। इस गुणवत्ताहीन कार्य की जब तक जांच नहीं हो जाता तब तक सड़क निर्माण कार्य को बंद रखने का निर्देश जिप अध्यक्षा ने दिया। राहगीर अनीश कुमार यादव ने बताया कि सड़क बनते करीब एक वर्ष हो गया लेकिन सड़क से उड़ने वाली धूल से से हमलोग परेशान है। रविन्द्र कुमार ने बताया कि इस सड़क निर्माण में बहुत अनियमितता बरती जा रही है, इसका विरोध करने पर हमलोगो को ही धमकाने लगते है। मौके पर उक्त सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## गायत्री शक्तिपीठ के दूसरे स्थापना दिवस पर मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



उद्घाटन करते एसडीओ संजय कुमार पांडेय

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** प्रखंड के चन्द्री स्थित माता गायत्री शक्तिपीठ स्थापना के दूसरे वर्षगांठ के अवसर पर मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन गढ़वा एसडीओ संजय कुमार पांडेय, मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अशोक कुमार, गायत्री परिवार के जिला संयोजक बिनोद पाठक, मुख्य प्रबंध ट्रस्टी संजय सोंनी, रेफरल अस्पताल प्रभारी डॉ गोविंद प्रसाद सेठ, पल्स हॉस्पिटल रांची के चिकित्सक डॉ साकेत कुमार सोनी, सांसद प्रतिनिधि शोभा जायसवाल, सत्या दुबे, मारुति नंदन सोनी आदि ने संयुक्त रूप से माता गायत्री के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। स्वास्थ्य शिविर में डॉ मनीष कुमार सिंह, डॉ साकेत कुमार सोनी, डॉ दशरथ प्रसाद, डॉ अन्नपूर्णा गुप्ता, डॉ राम ईश्वर विश्वकर्मा, डॉ सीता सरन एवं राधिका नेत्रालय गढ़वा द्वारा अलग अलगकाउंटर पर अलग अलग रोगों के कुल 390 मरीजों का निःशुल्क जांच किया गया। साथ ही मरीजों को निःशुल्क दवा दी गई। कार्यक्रम के अंत में महाप्रसाद का आयोजन किया गया। मौके पर एसडीओ ने कहा कि आप सभी सौभाग्यशाली है कि गायत्री परिवार द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर में आए हैं। गायत्री परिवार में संस्कार एवं इंसानियत सिखाई जाती है। उन्होंने कहा कि 1950 के दशक से ही उनके ससुराल पक्ष के लोग गायत्री परिवार से जुड़े हुए हैं। कोई नेता, कोई अधिकारी, कोई व्यवसायी और कोई पत्रकार की पहचान रखता है लेकिन सबसे बड़ी अच्छी पहचान इंसानियत है जो गायत्री परिवार सिखाती है। जिसका गुणगान ऋषि मुनि भी करते हैं। कार्यक्रम का संचालन गायत्री परिवार के प्रखंड संयोजक नागेन्द्र सिंह ने किया।

मौके पर गायत्री परिवार के युवा मंडल के जिला संयोजक बिरेन्द्र सोंनी,केंद्रीय टोली सदस्य अच्युतानंद तिवारी,देवमुनि विश्वकर्मा, आनंद विश्वकर्मा, अनिल कमलापुरी, अशोक गुप्ता,गढ़वा जिला संयोजक अखिलेश मेहता, कृष्ण कुमार मेहता, श्रीकांत मेहता, बिंदा ठाकुर, महिला मंडल के प्रखंड संयोजक सुनीता चौरसिया, सीमा दुबे, धर्मशीला देवी, सारो देवी, फुलझरी देवी, सिमा सोंनी, धानो देवी,शिव प्रसाद,अशोक कमलापुरी, अरुण सोंनी, बेचन राम उपस्थित थे।

## अधेड़ की टांगी से काट कर हत्या



जांच करती पुलिस

खबर मन्त्र संवाददाता

**धुरकी/सगमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत शारदा गांव के जमुनियाटांड़ पीपरडंडी टोले में 70 वर्षीय धनी बैठा की टांगी से काटकर हत्या कर दी गई। घटना दोपहर 3 बजे की है। परिजनों से प्राप्त जानकारी के अनुसार उसके गोतिया में ही कुछ दिन पहले मनोज बैठा जो होमगार्ड का जवान था उसकी मौत हो गई थी।

उसी के जादू टोना के शक में राजेश्वर बैठा एवं संजय बैठा एवं उनके साथ अन्य व्यक्तियों ने मिलकर पीपरडंडी पाही पर पहुंचकर धनी बैठा की हत्या कर दी। हत्या करने के बाद राजेश्वर बैठा एवं संजय बैठा फरार हो गए। घटनास्थल से राजेश्वर बैठा का मोबाइल भी बरामद किया गया है। थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने बताया कि यह घटना बहुत मार्मिक है। प्रथम दृष्टया से पता चलता है कि डायन बिसाही जादू टोना के शक में कुछ दिन पूर्व इनके गोत्र में ही मनोज बैठा जो की होमगार्ड का जवान था उसकी मौत हो गई थी। धनी बैठा अपने घर में काम कर रहा था। तभी बाहर बुलाकर दोनों ने मिलकर टांगी से कई जगह प्रहार कर दिया।

शव का पंचनामा कर अंत्य परीक्षण के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। मृतक के पोते के फर्द बयान के आधार पर अनुसंधान जारी है। मौके पर एएसआई सुभाष कुमार अकेला, एसआई बीकू कुमार रजक, एएसआई शैलेन्द्र कुमार यादव, मुंशी संजय पाठक, राजेन्द्र राम सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## दुर्गा मंदिर के छठे स्थापना दिवस को लेकर नगर भ्रमण



नगर भ्रमण करते लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**रंका।** अनुमंडल मुख्यालय के थाना मोड़ स्थित दुर्गा मंदिर का छठा स्थापना दिवस समारोह वेद मंत्र उच्चारण के साथ नगर भ्रमण कर शुभारंभ किया गया। भ्रमण का नेतृत्व मंदिर समिति के संरक्षक समाजसेवी श्याम सुंदर प्रसाद, आशीष कुमार गुप्ता तथा समिति के अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी के संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस दौरान बजरंग दल, विहिप, दुगार्वाहिनी सहित सैकड़ों कुंवारी कन्याओं ने दुर्गा माता की जय की उद्घोष के साथ सम्पूर्ण नगर का भ्रमण किया। भ्रमण के क्रम में थाना क्षेत्र, राष्ट्रीय राजमार्ग 343 भ्रमण करते हुए रंका बर मुहल्ला, सोनार मोहल्ला अस्पताल चौक होते हुए रंका बाजार होते हुए हनुमान मंदिर चेकनाका से वापस रंका ठाकुरबाड़ी मंदिर, गणदेवी मंदिर भ्रमण कर वापस रंका थाना मोड़ आया। जहां आचार्य भोलानाथ पांडेय के देखरेख में यजमान अंजय प्रसाद गुप्ता, राम कुमार गुप्ता ने मां की पूजा-अर्चना किया। तत्पश्चात आरती, हवन के पश्चात भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। जहां सैकड़ो लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर मनोज कुमार निराला, पूर्व मुखिया महिमा गुप्ता, अगस्त कुमार गुप्ता, प्रेमचंद प्रसाद गुप्ता, रामप्रसाद साव, विगन साव, छठु साव, संतोष कुमार चंद्रवंशी, रमेश राम चंद्रवंशी, दिनेश कुमार गुप्ता, विश्वनाथ राम आदि लोग उपस्थित थे।

## मझिआंव में एक्सीलेंट कोचिंग क्लास का उद्घाटन



उद्घाटन करते अतिथि

**मझिआंव।** मझिआंव-सुंडीपुर रोड स्थित राधा कृष्ण बालिका उच्च विद्यालय के सामने एक्सीलेंट कोचिंग क्लास का उद्घाटन किया गया। जिसका उद्घाटन निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित्रा देवी ने फीता काटकर किया। इस दौरान निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि एक्सीलेंट कोचिंग क्लासेज के खुल जाने से छात्र-छात्राओं को कोचिंग करने में काफी सहूलियत मिलेगी। अनुभवी शिक्षकों के द्वारा छात्र-छात्राओं की पठन पाठन गुणवत्तापूर्ण कराई जाएगी। वहीं एक्सीलेंट क्लासेस के निर्देशक अंगद कुमार ने कहा कि कोचिंग सेंटर खोलने का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। उपनिदेशक डॉ अमरकांत एवं फाउंडर गोविंदा ने बताया कि क्लासेस में कक्षा आठवीं से दसवीं तक के छात्र-छात्राओं की पढ़ाई कराई जाएगी।

## श्री श्री मां चतुर्भुजी नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में नवाडीह मटियांव की जीत

खबर मन्त्र संवाददाता

**केतार।** प्रखंड स्थित लोहिया समता उच्च विद्यालय के मैदान में श्री श्री मां चतुभुर्जी नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन 1 का आगाज हुआ। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि समाजसेवी सह जिला परिषद उम्मीदवार पंकज कुमार सिंह ने फीता काटकर किया। इस दौरान पंकज सिंह को 51 किलो के फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया। टूर्नामेंट का पहला मैच बिहार के नवाडीह मटियांव टीम एवं झारखंड के बंशीधर नगर के बीच 12-12 ओवर का खेला गया। बिहार की नवाडीह मटियांव टीम ने बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट खोकर 150 रन बनाए। वही बंशीधर नगर की टीम ने 10 विकेट खोकर मात्र 41 रन ही सिमट गई। मौके पर श्री सिंह ने कहा कि इस तरह के खेल से हमारे युवाओं में एक नई प्रतिभा की आगाज होगी। आज बड़े-बड़े खिलाड़ी जो अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहे हैं वह भी



ट्रॉफी प्रदान करते अतिथि

कभी अपने गांव कस्बे, मोहल्ले में इसी तरह के माहौल और मैदान में खेल सीख कर आज देश का नाम रौशन कर रहे हैं। मेरा पूरा प्रयास रहेगा कि प्रत्येक वर्ष इस तरह का खेल का आयोजन होता रहे। इस दौरान केतार पुलिस प्रशासन एवं पत्रकार एकादश के बीच 10-10 ओवरों का मैच खेला गया। जिसमें केतार पुलिस ने पत्रकार एकादश को पराजित कर दिया। प्रषासन टीम के कप्तान थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम से युवा वर्ग में एक अच्छा संदेश जाता है। इस तरह का आयोजन हमेशा होना चाहिए। हार जीत मायने नहीं रखता, यदि दो टीम खेलते हैं तो किसी न किसी एक को हार का सामना करना पड़ता है। पत्रकार टीम के कप्तान संतोष कुमार ने कहा कि जीवन में सफल होने के लिए मेहनत लगातार करना चाहिए। हार से हौसला को कमजोर नहीं होने देना चाहिए। मौके पर प्रमुख चंद्रावती देवी, टूर्नामेंट के अध्यक्ष बिट्टू सिंह, सचिव रामाश्रय मेहता, केतार भाजपा मंडल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद, मुखिया मूंगा साह, मुखिया प्रमोद कुमार, मुखिया श्याम सुंदर बैठा, सुरेंद्र प्रसाद, पत्रकार सूरज कुमार, गोकुल प्रसाद, ज्वाला प्रसाद, बिट्टू सिंह, धनंजय कुमार, संदीप कुमार, पुरुषोत्तम कुमार, प्रदीप चंद्रवंशी, अंगद कुमार, शशि कुमार, माधव लाल, एनुअल प्रवेश, चंदन पासवान, लव कुमार वर्मा, हेमंत कुमार मेहता, श्याम बिहारी राम, अभिमन्यु कुमार सहित अन्य कई लोग उपस्थित थे।

# बेरमो की खबर

## राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन के प्रतिनिधियों की बैठक में संगठनात्मक चर्चा

**कथारा।** 4 नंबर कथारा के अम्बेडकर पार्क के समीप राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन के सदस्यों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता संगठन के क्षेत्रीय अध्यक्ष बैरिस्टर सिंह ने की। जबकि संचालन कथारा कोलियरी परियोजना के शाखा सचिव व क्षेत्रीय कार्यकारी अध्यक्ष गणेश राम द्वारा किया गया। यहां संगठन के प्रतिनिधियों द्वारा किए जाने वाले कार्यक्रम को रखने का कार्य किया गया। वही सदस्यों द्वारा बेलफेयर और सेफ्टी से संबंधित मामले को रखने का कार्य हुआ। क्षेत्रीय सचिव विजय कुमार सिंह ने अश्वस्त किया कि प्रवधान द्वारा प्रदत सुविधाओ को श्रमिकों को मिलने का कार्य हो, इसके लिए हर संभव उपाय किया जाएगा। यहां जारंगडीह शाखा के सचिव खगेश्वर रजक, कथारा कोलियरी शाखा के अध्यक्ष नागवंत प्रसाद, महाप्रबंधक कार्यालय शाखा के अध्यक्ष संतन कुमार, कथारा कोलियरी के सेफ्टी बोर्ड के सदस्य सतीश वर्णवाल, महाप्रबंधक कार्यालय शाखा के कार्यकारी अध्यक्ष विकास सिंह सहित गणेश राम 2. देवकांत पटेल, शिवलाल मिस्त्री, निर्मल महतो, विनय कुमार राम, जेजे सांगा, ओमप्रकाश रजक, लाल बहादुर सिंह, भीम यादव उर्फ छोटू, प्रकाश तुरी आदि लोग मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## पोखरिया की टीम बना विजेता गोनियाटो उपविजेता





खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो /उपरघाट।** नवाडीह प्रखंड के ऊपरघाट गोनियाटो पंचायत के ग्रामीण स्टेडियम गोसाई टोंगरी में युवा विकास क्लब एवं ग्राम विकास समिति गोनियाटो की और से आयोजित दो दिवसीय 16वा स्व शिवनारायण कु महतो मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका फाइनल मैच मां मनसा क्लब पोखरिया बनाम युवा विकास क्लब गोनियाटो के बीच खेला गया मैच का उद्धघाटन युवा आजसू के राज्य संयोजक टिकैत कुमार महतो पूर्व विधायक प्रतिनिधि टेकलाल चौधरी मुखिया प्रतिनिधि रामकुमार मरांडी झामुमो नेता गंगाराम महतो समाजसेवी सीताराम सोरेन ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया फाइनल मैच पहले टॉस जीतकर गोनियाटो की टीम ने फील्डिंग का निर्णय लिया बल्लेबाजी करते हुए पोखरिया की टीम ने 8 ओवर पर 8 विकेट के नुकसान से 64 रन बनाए जबावी पारी खेलते हुए गोनियाटो के टिम ने 6 विकेट खोकर 58 रन बनाकर उपविजेता बने जबकि 6 रन से पोखरिया की टीम विजेता बना इस मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष काजल उर्फ तुलसी कुमार महतो उपाध्यक्ष शैलेश कुमार सचिव बीरेंद्र कुमार महतो कोषाध्यक्ष अशोक तुरी उपसचिव होरिल महतो टिंकू कुमार अजय नायक मैच संचालक दिनेश कुमार महतो दिलीप मरांडी संजीत कुमार विजय कुमार दास कृष्णा कुमार गणपत महतो जितेंद्र मुर्मू दशरथ मुर्मू मिथुन कुमार महेंद्र महतो कपिल तुरी जितेंद्र महतो राजाबाबू आदि लोग उपस्थित थे।

## बोकारो बुद्ध बिहार के प्रांगण में कार्यक्रम आयोजित

**बेरमो।** रविवार को बोकारो बुद्ध बिहार के प्रांगण में बौद्ध उपासकों, समाज सेवियों और राजनीतिक प्रतिनिधियों की उपस्थिति में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में बोकारो बुद्ध विहार के संस्थापक सदस्य, कुशवाहा समाज चास बोकारो के पूर्व महासचिव तथा अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के संरक्षक, राजेश्वर प्रसाद सिन्हा उर्फ आर. पी. सिन्हा, जिन्होने बौद्ध संस्कृति को अपनाकर चीवर धारण कर भंते प्रज्ञानंद के नाम से ख्याति प्राप्त की थी। इस अवसर पर बौद्ध घम्म के विधी विधान के अनुसार, भंते एम. के. राजन, बौद्धाचार्य वी. एन. मेहता, बागीश्वर साह और बैरिस्टर बौद्ध ने बुद्ध वंदना, त्रिशरण, पंचशील और परित्राण पाठ के साथ कार्यक्रम का संपन्न किया। सभी उपस्थित लोगों ने भंते प्रज्ञानंद जी की याद में बुद्ध विहार परिसर में सामूहिक रूप से स्मृति वृक्ष लगाए। श्रद्धांजलि सभा में जिले के कई सामाजिक और राजनीतिक संगठनों के पदाधिकारी और प्रतिनिधि शामिल हुए।

## माईनस रेस्कयु असनापानी में झामुमो के सदस्यता अभियान-इकबाल अहमद

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** इन दिनों पुरे प्रदेश मे झारखण्ड मुक्ति मोर्चा अपनी सदस्ता अभियान के साथ ही साथ जिला, प्रखंड, व पंचायत स्तर पर नये कमेटी गठन की प्रक्रिया भी युद्ध स्तर पर चला रखी है, इसी क्रम में 02/03/2025 दिन रविवार को बोकारो जिला के बेरमो अनुमंडल अंतर्गत गोमिया प्रखंड के माईनस रेस्क्यू व असनापानी के लगभग तमाम कार्यकर्ताओ का एक अहम बैठक सम्पन्न हुई, इस बैठक की अध्यक्षता संयोजक मंडली के इकबाल अहमद व संचालन फुरकान अंसारी ने किया। बताते चले की बैठक के बाद झामुमो के नए सदस्यता अभियान चलाया गया और झारखण्ड मुक्ति मोर्चा मे जुड़ने वाला राज्य के मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन पर विश्वास व्यक्त किया।

## शिविर में दिव्यांगों के बीच उपकरण वितरण

**बेरमो /फुसरो।** करगली गेट स्थित कल्याण मंडप में श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति झारखंड की ओर से बेरमो के पूर्व मंत्री स्व राजेंद्र प्रसाद सिंह के स्मृति में आयोजित पांच दिवसीय निशुल्क पर कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर के चौथे दिन रविवार को भी 58 दिव्यांगों के बीच उपकरण बांटे गये। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह ने समिति के पदाधिकारीयो के साथ संयुक्त रूप से स्वं सिंह के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्वलित कर किया।

## 67वें नवाह्न श्री श्री रामचरित मानस पाठ एवं महायज्ञ के चौथे दिन केवट प्रसंग

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो /फुसरो।** करगली गेट स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में मानस सत्संग समिति बेरमो की ओर से आयोजित 67वें नवाह्न श्री श्री रामचरित मानस पाठ एवं महायज्ञ के चौथे दिन रविवार को भगवान श्रीराम का वनवास, केवट के द्वारा श्रीराम का पैर धोना आदि घटनाओं का सुंदर चित्रण संगीतमय पाठ के द्वारा किया गया। यहॉ मिथिलाकुंज अयोध्या से आये मानस मर्मज्ञ वैष्णव संतस्वामी पूज्य यज्ञाचार्य श्री श्री 1008 राम बिहारी शरण जी महाराज कि अध्यक्षता मे आयोजन हो रहा है। यहॉ दर्जनों कि संख्या मे श्रद्धालू यज्ञ परिसर में बैठकर श्री राम चरित मानस का पाठ किया। उज्जैन से पधारे श्री श्री लोकेशानन्द शास्त्री जी के द्वारा संगीतमय मानस परिवचन किया गया। श्री शास्त्री ने कहा कि पैसा कमाने के चक्कर में अपने माता-पिता से दूर ना हो बल्कि उनकी सेवा करें।

### प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में

## त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव मना

खबर मन्त्र संवाददाता

**फुसरो।** नया रोड फुसरो स्थित एलआईसी ऑफिस के समिप प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के द्वारा 89वॉ त्रिमूर्ति शिव जयंती मनाया गया। सर्वप्रथम यहां शिव ध्वजारोहण किया गया। इसके पश्चात कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए सीसीएल बीएंडके के फाइनेंस ऑफिसर ज्ञानेंदू चौबे, विशिष्ठ अतिथि सीसीएल के केंद्रिय अस्पताल ढोरी के सीएमओ डॉ संजय कुमार सिंहा सहीत ब्रह्मकुमारी बोकारो सेक्टर 4ई की निदेर्शीका बीके कुसुम, ब्रह्मकुमार शैलेश, ब्रह्मकुमारी बीके सुमन, बीके कमला आदि भाई- बहनों ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया। साथ ही संस्था द्वारा अतिथियो को गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन बहन अनामिका ने की।




मुख्य अतिथि सीसीएल बीएंडके के फाइनेंस ऑफिसर श्री चौबे, सीसीएल के केंद्रिय अस्पताल ढोरी के सीएमओ डॉ सिंहा, सहित ब्रह्मकुमारी बीके कुसुम, ब्रह्मकुमार शैलेश, ब्रह्मकुमारी बीके सुमन व बीके कमला ने बताया कि शिव और शंकर दोनों में महान अंतर है। परमात्मा शिव जो की ज्योतिर बिंदु के समान है और शंकर अकारी देवता है। उन्होंने बताया कि शिव का दिव्य अवतरण होने पर ही शिवरात्रि पर्व मनाया जाता है।

संसार में जब धर्म की अतिग्लानि होती है तो शिव धरा पर उतर कर खुद ज्ञान देकर स्वर्णिम भारत का निर्माण करते हैं। शिव समस्त मनुष्यों को एक दूसरे से प्रेम करना सिखाते हैं। कहा कि पवित्र बनो, राजयोगी बनो, जहां पवित्रता है वहीं सुख और शांति है। कहा कि परमात्मा शिव कल्याणकारी हैं और सबका कल्याण करते हैं। साथ ही महाशिवरात्रि का आध्यात्मिक रहस्य बताते कहा कि परमात्मा का अवतरण पाप और भ्रष्टाचार के नाश के लिए होता है। समय पर भगवान अपने वायदे के अनुसार संसार में अवतरित हो चुके है। इस कार्यक्रम के दौरान संस्थान के बच्चीयो द्वारा नृत्य की प्रस्तुति किया गया, जिसमे छोटी- छोटी बच्चियों ने नृत्य से सबका मन मोह लिया। मौके पर सीसीएल के सर्वे ऑफिसर भरत यादव, सुव्रतो राय, पंकज झा, भाजपा बोकारो जिला उपाध्यक्ष अर्चना सिंह, चैंबर्स ऑफ कॉमर्स के सुशांत राईका, पूर्व वार्ड पार्षद रशिम सिंह, चीकु सिंह, ब्रह्मकुमारी बीके सीमा बहन, बीके उषा बहन, बीके प्रिंयका बहन, बीके जगदीश भाई, बीके अरूप भाई, बीके बिमला बहन, बीके सुरूची बहन, बीके प्रिया, बीके लक्ष्मी, बीके उषा, बीके बेबी, बीके चंदा, बीके सालू, बीके देंवती आदि सैकड़ो लोग मौजुद थे।

खबर मन्त्र

रांची. सोमवार 03 मार्च 2025

# अभिव्यक्ति

epaper.khabarmantra.net

## समस्या बनती खाद

यह तथ्य निर्विवाद है कि खेती में अत्यधिक उर्वरकों का उपयोग एक जटिल समस्या बनता जा रहा है। दरअसल, आम किसानों को ठोस जानकारी नहीं मिल पाती कि इसका कितना उपयोग अधिक फसल लेने व भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ाने के लिये काफी है। आम किसान पैदावार बढ़ाने के लिये बड़ी मात्रा में यूरिया का उपयोग करते हैं। खासकर नई उच्च नाइट्रोजन वाली गेहूं की किस्मों के लिये। वहीं एनपीके यानी सोडियम, फॉस्फोरस व पोटेशियम उर्वरक की खपत में वृद्धि ने यूरिया पर निर्भरता को और अधिक बढ़ा दिया है। जिससे मिट्टी का क्षरण, कीट जोखिम बढ़ने के साथ ही भूजल प्रदूषण में तेजी से वृद्धि हो रही है। निर्विवाद रूप से रासायनिक उर्वरकों का अंधाधुंध उपयोग न केवल मिट्टी के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर डाल रहा है बल्कि कृषि भूमि की दीर्घकालीन उपादेयता को भी कम कर रहा है। उर्वरकों की खपत में तेजी से वृद्धि देश की आर्थिकी पर प्रतिकूल असर डाल रही है। उर्वरकों के आयात पर देश की बढ़ती निर्भरता वित्तीय संकट को भी बढ़ावा दे रही है। देश वार्षिक रूप से करीब 75 लाख टन यूरिया का आयात करता है। यूरिया की बढ़ती वैश्विक कीमतों ने उर्वरक सब्सिडी को 1.75 ट्रिलियन रुपये से अधिक कर दिया है। यदि इस स्थिति पर समय रहते नियंत्रण नहीं किया गया तो बढ़ती उर्वरक मांग अर्थव्यवस्था पर भारी दबाव डालेगी। ऐसे में जरूरी हो जाता है कि सरकार उर्वरक की बिक्री की निगरानी को सशक्त बनाए । सब्सिडी वाली रासायनिक खाद का दुरुपयोग करने वालों के लिये सख्त दंड की व्यवस्था लागू करने की जरूरत है। इसके अलावा किसानों को भी जागरूक करने की जरूरत है कि खेती में खाद का उपयोग कैसे संतुलित ढंग से किया जाना चाहिए। अधिक खाद के अन्य नुकसान पर बहस जारी है। सकरात्मक दिशा देना आवश्यक है।

### कार्टून वर्ल्ड







**मेष : व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग।**

**वृष : सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। यात्रा का योग हैं। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा।**

**मिथुन : प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे।**

**कर्क : शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे।**

**सिंह : शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। परिश्रम लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा।**

**कन्या : परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें। स्वास्थ्य लाभ में व्यय होगा।**

**तुला : स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा।**

**वृश्चिक : लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी।**

**धनु : सुख आरोग्य प्रभावित होगा। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।**

**मकर : स्वविवेक से कार्य करें। किसी से कहा सुनी न हो यह ध्यान रहें। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा। माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। पूजा-पाठ आदि धार्मिक कार्य संपन्न होंगे।**

**कुंभ : प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। धर्म-कर्म में रुचि जागृत होगी।**

**मीन : श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है।**

### लेटर टू एडिटर

#### आशातीत सफलता

**प्रयागराज** महाकुंभ के आशातीत सफल समापन पर विचार प्रकट करने वाला था। महाकुंभ में संगम में लगभग 66 करोड़ देश-विदेश के श्रद्धालुओं ने सनातनी परंपरा को जीवंत कर दिया। श्रद्धालुओं का कुंभ पर्व पर एकत्रित होना सामाजिक, आध्यात्मिक एकता समरसता का प्रतीक है। उत्तर प्रदेश सरकार की कुशल शासन प्रशासन व्यवस्था से महाकुंभ को सफल बनाया उल्लेखनीय है। **-अनिल कौशिक,रांची**

#### जेनेरिक दवाइयां को बढ़ावा

ब्रांडेड दवाइयां महंगी होती हैं, जिससे हर साल लाखों लोग गरीबी रेखा के नीचे चले जाते हैं। जेनेरिक दवाएं, जो उसी साल्ट से बनती हैं, 10 से 20 गुना सस्ती होती हैं और इन्हें सरकारी योजनाओं में बढ़ावा दिया जा रहा है। डॉक्टरों को जेनेरिक दवाइयों का प्रयोग के लिए बढ़ावा देना चाहिए। जिससे गरीबों को राहत मिले। **- श्यामलाल सिंह, गढ़वा**

## एक महामानव जिसने भारतीय उद्योग को एक नयी दिशा दी



**जमशेदजी नसरवानजी टाटा (1839 -1904)**

**सिर्फ** 37 वर्ष की आयु में, जमशेदजी ने एक ऐसे सफर की शुरूआत की, जिसने भारतीय उद्योग को एकनयी दिशा दी। एक विरासत जिसने आधुनिक भारत की नींव रखी। टाटा समूह के संस्थापक जमशेदजी नसरवानजी टाटा का जन्म 1839 में गुजरात के नवसारी में हुआ। उनके पिता नसरवानजी टाटा ने एक स्थानीय बैंकिंग व्यवसायी से कारोबार की बारीकियां सीखीं और फिर बॉम्बे (अब मुंबई) जाकर एक हिंदू व्यवसायी के साथ काम किया। जमशेदजी ने एल्फिंस्टन संस्थान में शिक्षा प्राप्त की और 1858 में ग्रीन स्कॉलर (आधुनिक स्नातक के समकक्ष) के रूप में स्नातक हुए। उनके व्यवसायिक सफर की शुरूआत 1859 में हुई, जब उन्होंने अपने पिता की कंपनी ₹नसरवानजी एंड कालियंदास, जनरल मर्चेंट्स में शामिल होकर व्यापार की गहरी समझ विकसित की। जल्द ही, उनकी प्रतिभा को पहचानते हुए, उन्हें हांगकांग में एक नई शाखा के सह-प्रबंधक के रूप में नियुक्त किया गया।

**शुरूआती व्यवसायिक चुनौतियां :** 1860 के दशक में अमेरिकी गृहयुद्ध (1861-1865) ने वैश्विक कपास कारोबार को बाधित कर दिया। ब्रिटेन में कच्चे कपास की कमी के कारण भारत से आयात की मांग अचानक बढ़ गई, जिससे कई व्यापारियों ने तेजी से धन अर्जित किया। इसी समय, जमशेदजी बॉम्बे लौटे। उनके पिता के व्यापारिक साझेदार प्रेमचंद रॉयचंद लंदन में अपनी बैंक एशियाटिक बैंकिंग कॉरपोरेशन की एक शाखा खोलना चाहते थे और इसके संचालन के लिए उन्होंने जमशेदजी को चुना। शुरूआत में, यह बैंक भारत की फलती-फूलती अर्थव्यवस्था के कारण तेजी से सफल हुआ।


हालांकि, 1865 में अमेरिकी गृहयुद्ध समाप्त होते ही अमेरिकी कपास की आपूर्ति फिर से शुरू हो गई, जिससे बाजार में अचानक गिरावट आ गई। इस आर्थिक संकट के कारण जमशेदजी के चीन बाजार में किए गए निवेश बेकार हो गए। इसके बावजूद, उन्होंने पूरी जिम्मेदारी ली, ऋणदाताओं और बैंकरों को स्थिति स्पष्ट रूप से समझाई, और उनकी ईमानदारी और नैतिकता को देखते हुए उन्हें फर्म का लिक्विडेटर नियुक्त किया गया।

**वस्त्र उद्योग में कदम :** 1867 में, मैनचेस्टर की यात्रा के दौरान, जमशेदजी ने दार्शनिक थॉमस कार्लाइल का एक व्याख्यान सुना, जिसमें उन्होंने कहा, जो राष्ट्र लोहे पर नियंत्रण कर लेता है, वह शीघ्र ही सोने पर भी नियंत्रण पा लेता है। इस विचार ने जमशेदजी को गहराई से प्रभावित किया और आगे चलकर भारत में इस्पात उद्योग की स्थापना के उनके दृष्टिकोण की आधारशिला बनी। जमशेदजी ने महसूस किया कि भारतीय उद्योग ब्रिटिश कपड़ा व्यापार को चुनौती दे सकते हैं। 1869 में, उन्होंने बॉम्बे के चिंचपोकली में एक दिवालिया तेल मिल खरीदी, उसे एक कपड़ा मिल में बदला और उसका नाम एलेक्जेंड्रा मिल रखा। दो साल बाद, उन्होंने इस मिल को मुनाफे में बेच दिया और लैंकाशायर के कपड़ा उद्योग का अध्ययन करने के लिए इंग्लैंड की यात्रा की। व्यापक शोध के बाद, उन्होंने भारत में एक नई कपड़ा मिल स्थापित करने का निर्णय लिया, जो ब्रिटिश मिलों से प्रतिस्पर्धा कर सके। जब अधिकांश उद्योगपति बॉम्बे में कपड़ा मिलें स्थापित करना चाह रहे थे, जमशेदजी की दूरदृष्टि ने उन्हें एक अलग राह दिखाई। उन्होंने सफलता के लिए तीन महत्वपूर्ण कारकों की पहचान की–कपास उत्पादन क्षेत्रों के निकटता, रेलवे जंक्शन तक पहुंच, और प्रचुर मात्रा में जल एवं ईंधन की उपलब्धता। नागपुर इन सभी मानदंडों पर खरा उतरता था। 1874 में, उन्होंने सेंट्रल इंडिया स्पिनिंग, वीविंग एंड मैन्युफैक्चरिंग कंपनी की स्थापना की, जिसमें प्रारंभिक पूंजी 1.5 लाख रुपये थी। तीन साल बाद, 1 जनवरी 1877 को–जिस दिन क्वीन विक्टोरिया को भारत की सम्राज्ञी घोषित किया गया–नागपुर में उनकी एम्प्रेस मिल्स का संचालन शुरू हुआ। सिर्फ 37 वर्ष की आयु में, जमशेदजी ने एक ऐसे सफर की शुरूआत की, जिसने भारतीय उद्योग को एक नई दिशा दी।

**राष्ट्रवाद और परोपकार :** जमशेदजी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रबल समर्थक थे। उन्होंने इसके पहले अधिवेशन में बॉम्बे में भाग लिया, आर्थिक सहयोग दिया और जीवनभर इसके सदस्य बने रहे। जमशेदजी मानते थे कि भारत की प्रगति दान से नहीं, बल्कि शिक्षा से संभव है। 1892 में, उन्होंने जे.एन. टाटा एंडोमेंट की स्थापना की, जिससे भारतीय छात्रों को, बिना किसी जाति या धर्म के भेदभाव के, इंग्लैंड में उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिला। 1924 तक, भारतीय सिविल सेवा में शामिल होने वाले हर पांच में से दो भारतीय टाटा स्कॉलर थे। शिक्षा को देश की प्रगति की नींव मानने वाले जमशेदजी ने बेंगलुरु में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस की स्थापना का सपना देखा। उन्होंने अपनी व्यक्तिगत संपत्ति से 30 लाख रुपये दान देने का संकल्प लिया, संस्थान की रूपरेखा तैयार की और इसके लिए लॉर्ड कर्जन व स्वामी विवेकानंद जैसे प्रभावशाली नेताओं का समर्थन प्राप्त किया। 1899 में, स्वामी विवेकानंद ने इसे भारत में अब तक प्रस्तावित सबसे दूरगामी और लाभकारी पहल कहा। लेकिन, तमाम प्रयासों और समर्थन के बावजूद, यह संस्थान 1911 में बनकर तैयार हुआ–जमशेदजी की मृत्यु के सात साल बाद। उनका यह सपना भले ही उनके जीवनकाल में साकार न हो सका, लेकिन यह उनके अटूट संकल्प और राष्ट्र के प्रति उनकी गहरी प्रतिबद्धता का प्रतीक बन गया।

**इस्पात, ऊर्जा और आधुनिक भारत का सपना :** अपने अंतिम वर्षों में, जमशेदजी ने तीन बड़े लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित किया- भारत में एक विश्वस्तरीय इस्पात संयंत्र की स्थापना। जलविद्युत ऊर्जा का विकास। एक उन्नत शैक्षणिक संस्थान की स्थापना। हालांकि, इनमें से कोई भी सपना उनके जीवनकाल में साकार नहीं हुआ, लेकिन उनकी अटूट दृढ़ता और प्रारंभिक प्रयासों ने इन परियोजनाओं की सफलता की नींव रखी। मैनचेस्टर में कार्लाइल के व्याख्यान से प्रेरित होकर जमशेदजी ने भारत में एक मजबूत इस्पात उद्योग की परिकल्पना की। लेकिन उस दौर में औपनिवेशिक कानूनों ने भारतीयों के लिए इस क्षेत्र में कदम रखना असंभव बना दिया था। 1899 में, मेजर माहोन की एक सरकारी रिपोर्ट में भारत में इस्पात उद्योग की संभावनाओं को उजागर किया, जिसके बाद लॉर्ड कर्जन ने इन कठोर प्रतिबंधों में ढील दी। लेकिन यह राहत भी काफी नहीं थी–नौकरशाही की जटिलताओं और सरकारी अड़चनों ने उनके सपने की राह में लगातार बाधाएं खड़ी कीं।

उनके जीवनीकार फ्रैंक हैरिस ने इन संघर्षों को वे अजीब अवरोध, जो हमेशा पूरब के आधुनिकीकरण की राह में खड़े हो जाते हैं₹ कहकर वर्णित किया। लेकिन जमशेदजी हार मानने वालों में नहीं थे–उन्होंने हर चुनौती को पार किया और भारत में इस्पात क्रांति की नींव रखी। ब्रिटिश अधिकारियों की शंकाओं और उपहास के बावजूद, जमशेदजी अपने लक्ष्य से कभी नहीं डिगे। ग्रेट इंडियन पेनिनसुला रेलवे के प्रमुख आयुक्त, सर फ्रेडरिक अपकॉट ने उनकी इस्पात परियोजना को लेकर कटाक्ष करते हुए कहा था, ₹अगर टाटा इस्पात का उत्पादन करने में सफल होते हैं, तो मैं हर पाउंड स्टील रेल खा जाऊंगा। लेकिन इतिहास ने कुछ और ही लिखा था। 1912 में, जमशेदजी की मृत्यु के आठ साल बाद, भारत में पहली बार इस्पात का उत्पादन हुआ–उनके सपने को साकार करते हुए और आलोचकों को गलत साबित करते हुए। उनके बेटे दोराबजी टाटा और चचेरे भाई आर.डी. टाटा ने इस मिशन को आगे बढ़ाया, एक ऐसी इस्पात नगरी की नींव रखी, जो आने वाले दशकों में भारत के औद्योगिक विकास की रीढ़ बन गई।



जमशेदजी ने दार्शनिक थॉमस कार्लाइल का एक व्याख्यान सुना, जिसमें उन्होंने कहा, जो राष्ट्र लोहे पर नियंत्रण कर लेता है, वह शीघ्र ही सोने पर भी नियंत्रण पा लेता है। इस विचार ने जमशेदजी को गहराई से प्रभावित किया और आगे चलकर भारत में इस्पात उद्योग की स्थापना के उनके दृष्टिकोण की आधारशिला बनी।

**जमशेदजी मानते थे कि भारत की प्रगति दान से नहीं, बल्कि शिक्षा से संभव है। 1892 में, उन्होंने जे.एन. टाटा एंडोमेंट की स्थापना की, जिससे भारतीय छात्रों को, बिना किसी जाति या धर्म के भेदभाव के, इंग्लैंड में उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिला।**

**जमशेदपुरः श्रमिकों के लिए एक आदर्श शहर :** जमशेदजी की दूरदृष्टि सिर्फ उद्योग तक सीमित नहीं थी–वे मानते थे कि किसी भी महान उद्योग की नींव उसके श्रमिकों की खुशहाली पर टिकी होती है। उस दौर में, जब श्रम अधिकारों पर दुनिया भर में चर्चा तक नहीं होती थी, उन्होंने कम कार्य घंटे, हवादार कार्यस्थल, और भविष्य निधि एवं ग्रेच्युटी जैसी सुविधाएं सुनिश्चित कर एक मिसाल कायम की। लेकिन उनकी सोच इससे भी आगे थी। 1902 में, इस्पात संयंत्र के लिए अंतिम स्थान चुनने से पांच साल पहले, उन्होंने अपने बेटे दोराबजी टाटा को एक पत्र लिखा, जिसमें उन्होंने केवल एक कारखाने की नहीं, बल्कि एक आदर्श श्रमिक-नगर की परिकल्पना की–एक ऐसा शहर, जहाँ श्रमिक सिर्फ काम ही नहीं करें, बल्कि सम्मान, सुरक्षा और बेहतर जीवन जी सकें। चौड़ी सड़कों के दोनों किनारों पर घने छायादार पेड़ लगाएं, जिनके बीच तेजी से बढ़ने वाली प्रजातियां हों। बाग-बगीचों और हरे-भरे लॉन के लिए पर्याप्त खुली जगह रखें। फुटबॉल, हॉकी और पार्कों के लिए विशाल मैदान आरक्षित करें। हिंदू मंदिरों, मुस्लिम मस्जिदों और ईसाई चर्चों के लिए भूमि आवंटित करें, ताकि हर धर्म और समुदाय को समान सम्मान मिले। जमशेदजी की यह दूरदृष्टि सिर्फ शब्दों तक सीमित नहीं रही, बल्कि हकीकत का रूप लेकर जमशेदपुर के रूप में साकार हुई। उनके सम्मान में बसा यह शहर उनके प्रगतिशील औद्योगिकीकरण और सुनियोजित नगरीय विकास की जीवंत मिसाल है। एक विरासत जिसने आधुनिक भारत की नींव रखी।

## अरुणाचल पर चीन के दावे बेबुनियाद

-ओम प्रकाश सिंह

**भारत** के सबसे खूबसूरत राज्यों में से एक अरुणाचल प्रदेश को लेकर चीन ने एक बार फिर बड़े-बड़े दावे किए हैं, लेकिन उसके सारे दावे ऐतिहासिक, भौगोलिक और अंतरराष्ट्रीय कानूनों के आधार पर बेबुनियाद हैं। अरुणाचल सदियों से भारतीय संस्कृति से जुड़ा रहा है। ऐतिहासिक तथ्यों देखा जाए तो अरुणाचल प्रदेश का भारत से संबंध हजारों साल पुराना है।

प्राचीन भारतीय ग्रंथों में उल्लेख इसका उल्लेख मिलता है। अरुणाचल प्रदेश का उल्लेख महाभारत और रामायण में है। माना जाता है कि भगवान परशुराम ने यहां तपस्या की थी और यह स्थान भारतीय संस्कृति का हिस्सा रहा है। तवांग मठ का ऐतिहासिक महत्व भी रहा है। तवांग मठ, जो दुनिया के सबसे बड़े बौद्ध मठों में से एक है, भारत से सांस्कृतिक और धार्मिक रूप से जुड़ा है। यह दलाई लामा के भारत आगमन से पहले ही बौद्ध धर्म के पवित्र केंद्रों में गिना जाता था।

अहोम साम्राज्य और भारतीय प्रशासन भी एतिहासिक तथ्य के रूप में उभर कर आता है। मध्यकाल में अरुणाचल प्रदेश अहोम साम्राज्य के प्रभाव में था, जो भारत का प्रमुख शक्ति केंद्र था। अहोम शासकों ने इस क्षेत्र को कभी चीन के अधीन नहीं माना। ब्रिटिश शासन में दौरान भी यही वास्तविकता थी। 19वीं शताब्दी में ब्रिटिश शासन के दौरान अरुणाचल प्रदेश को भारत के पूर्वी क्षेत्र का हिस्सा माना गया। साल 1914 में ब्रिटिश भारत और तिब्बत के बीच हुए शिमला समझौते में मैकमोहन रेखा को भारत और तिब्बत की सीमा के रूप में मान्यता दी गई थी। भौगोलिक तर्कों को अगर देखा जाय तो अरुणाचल, भारत की प्राकृतिक सीमा में आता है। 1914 में तय की गई मैकमोहन रेखा भारत और तिब्बत की सीमा को स्पष्ट रूप से निर्धारित करती है। चीन कभी इस समझौते का हिस्सा नहीं था इसलिए उसका दावा पूरी तरह से बेबुनियाद है। अरुणाचल की

### सामयिक

प्राकृतिक स्थिति पर नजर डालने पर भी यही स्थिति सामने आती है। अरुणाचल प्रदेश की भौगोलिक स्थिति और भारत की भौगोलिक संरचना से जुड़ाव इसे भारत का अभिन्न हिस्सा साबित करते हैं। खास बात यह है कि चीन इस मुद्दे पर एक लंबे कालखंड तक चुप्पी साधे रहा। 1962 के भारत-चीन युद्ध से पहले चीन ने कभी अरुणाचल प्रदेश पर दावा नहीं किया। यह दिखाता है कि चीन का दावा पूरी तरह से राजनीतिक है, न कि ऐतिहासिक या भौगोलिक आधार पर सही। लिहाजा, चीन का दावा कानूनी तर्कों पर भी नहीं ठहरता। चीन का दावा अंतरराष्ट्रीय कानूनों के खिलाफ है। चीन का यह दावा संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतरराष्ट्रीय संधियों के खिलाफ है।

यह भारत की संसद द्वारा स्वीकृत राज्य है। 1987 में अरुणाचल प्रदेश को भारतीय संसद द्वारा आधिकारिक रूप से पूर्ण राज्य का दर्जा दिया गया। यह दशार्ता है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का संवैधानिक हिस्सा है। भारत अरुणाचल प्रदेश पर प्रशासनिक नियंत्रण रखता है, वहां लोकतांत्रिक रूप से चुनी हुई सरकार है और वहां की जनता स्वयं को भारतीय मानती है। चीन की दोहरी नीति है।चीन, ताइवान और तिब्बत पर ऐतिहासिक आधार पर दावा करता है लेकिन जब भारत अपने ऐतिहासिक तर्क प्रस्तुत करता है, तो वह उन्हें नजरअंदाज करता है। चीन ने तिब्बत का जबरन विलय कराया। चीन ने 1950 में तिब्बत पर कब्जा किया लेकिन भारत ने कभी भी तिब्बत की स्वतंत्रता को चुनौती नहीं दी। अब चीन अरुणाचल प्रदेश पर दावा करके अपनी विस्तारवादी नीति को आगे बढ़ा रहा है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने इस विवाद को लेकर स्पष्ट किया है कि ₹अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग था, है और रहेगा। चीन के झूठे दावों से यह सच्चाई नहीं बदलेगी।

भारत में सभी राजनीतिक दल चीन के इस दावे का विरोध कर रहे हैं। संसद में भी इस मुद्दे पर चर्चा हुई और सभी सांसदों ने चीन की विस्तारवादी नीति की आलोचना की। सीमा पर भारत की कड़ी चौकसी है। भारतीय सेना अरुणाचल प्रदेश में पूरी तरह सतर्क है और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। भारत सरकार ने हाल के वर्षों में सड़कों, पुलों और सैन्य सुविधाओं का तेजी से विस्तार किया है। भारत पहले ही चीन की घुसपैठ की कोशिशों को नाकाम कर चुका है, और यह जता दिया है कि भविष्य में भी ऐसी किसी हरकत को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।भारत ने संयुक्त राष्ट्र और अन्य वैश्विक मंचों पर चीन के झूठे दावों का विरोध किया है। भारत ने क्वाड (दर्४) और अन्य सुरक्षा संगठनों में अपनी भूमिका मजबूत की है, जिससे चीन पर रणनीतिक दबाव बढ़ेगा। भारत ने चीनी कंपनियों पर प्रतिबंध लगाकर और आत्मनिर्भर भारत अभियान को बढ़ावा देकर चीन को कड़ा आर्थिक संदेश दिया है। भारत ने स्पष्ट कर दिया है

## हिंदी की स्वीकार्यता में सभी भारतीय भाषाओं का विकास जुड़ा है

हृदयनारायण दीक्षित

**तमिलनाडु** के मुख्यमंत्री स्टालिन ने केन्द्र पर हिन्दी थोपने का आरोप दोहराया है। इस बयान से राष्ट्रभाषा प्रेमी आहत हैं। हिन्दी हमारा जीवनरस है। प्राण और आत्म भी। मां के गर्भ से संसार में आए तो रोये हिन्दी में। सोए हिन्दी के आंचल में। जागे तो हिन्दी सुने। उठे, बैठे, चले, लुढ़के, गिरे, रोए हिन्दी में। मां ने उठाया और मनाया भी हिन्दी में। गुस्साए और रूठे भी हिन्दी में। बालक से तरुण हुए, गांव, क्षेत्र, नगर जाना हिन्दी में। प्रीति, रीति, नीति हिन्दी की। हमारी प्रकृति हिन्दी है। स्वाभाविक ही हमारी संस्कृति भी हिन्दी में ही खिलती है। उल्लास और उत्साह का रस हिन्दी है। हम हिन्दी में सोचते हैं, हिन्दी में प्रकट होते हैं। हिन्दी हमारी मां है।

अंग्रेजी हमारे परिवार की भाषा नहीं है। हमें बताया जाता है कि अंग्रेजी अंतरराष्ट्रीय भाषा है। हम यह उपदेश मान भी लेते लेकिन क्या करें? एशिया महाद्वीप के 48 देशों में से भारत छोड़ किसी भी देश की मुख्य भाषा अंग्रेजी नहीं है। अजरबैजान की भाषा अजेरी, अर्मेनिया की अर्मेनियन, इजराइल की हिब्रू, ईरान की फारसी, उज्बेकिस्तान की उज्बेक, ओमान, सऊदी अरब, सीरिया, ईराक, जार्डन, यमन, बहरीन, कतर व कुवैत की भाषा अरबी है। चीन, ताईवान, सिंगापुर की मंदारिन, इण्डोनेशिया की डच, दोनों कोरिया की कोरियायी, श्रीलंका की सिंहली व तमिल, कम्बोडिया की खमेर, अफगानिस्तान की पश्तो, पाकिस्तान की उर्दू और तुर्किए की तुर्की है।

यूरोप को अंग्रेजी भाषी क्षेत्र माना जाता है लेकिन यूरोप के 43 देशों में से 40 की भाषा अंग्रेजी नहीं है। यहां डेनमार्क की डेनिस, चेक गणराज्य की चेक, रूस की रूसी, स्वीडन की स्वीडिस, जर्मनी की जर्मन, स्विटजरलैण्ड व पोलैण्ड की पोलिस, इटली की इटैलियन, ग्रीस की ग्रीक, बुल्गारिया की बल्गेरियन, मोल्दोवा की रोमानियन, यूक्रेन की यूक्रेनियन, फ्रांस की फ्रेंच, स्पेन की स्पेनिस है। सिर्फ ब्रिटेन की ही भाषा अंग्रेजी है। आयरलैण्ड की आयरिश व अंग्रेजी है। अफ्रीका और आस्ट्रेलिया के क्षेत्रों में भी अंग्रेजी मूल भाषा नहीं है। बावजूद इसके अंग्रेजी अंतरराष्ट्रीय भाषा क्यों है?

लार्ड मैकाले ने ब्रिटिश संसद में कहा था उच्चतर जीवन मूल्य और क्षमताओं को देखते हुए भारतीयों पर तब तक विजय प्राप्त नहीं की जा सकती, जब तक वहां की आध्यात्मिक, सांस्कृतिक परम्परा की सशक्त रीढ़ नहीं तोड़ी जाती। इसलिए मेरा

### विज्ञान

प्रस्ताव है कि भारत की प्राचीन शिक्षा पद्धति, संस्कृति को विस्थापित करें कि भारतवासी अंग्रेजी को श्रेष्ठ समझते हुए स्वसंस्कृति और स्वाभिमान खोकर हमारी इच्छानुरूप शासित हो जाएं ह्व महात्मा गांधी ने आहत मन कहा था, ह्लपृथ्वी पर हिन्दुस्तान ही ऐसा देश है जहां मां-बाप बच्चों को मातृभाषा के बजाय अंग्रेजी पढ़ाना-लिखाना पसंद करेंगे।

भारत की संविधान सभा में राजभाषा पर तीन दिन बहस हुई। एनजी आयंगर ने सभा (12.9.1949) में हिन्दी को राजभाषा बनाने का प्रस्ताव रखा, ह्लहम अंग्रेजी को एकदम नहीं छोड़ सकते। यद्यपि सरकारी प्रयोजनों के लिए हमने हिन्दी को अभिज्ञात किया फिर भी हमें यह मानना चाहिए कि आज वह सम्मुनत भाषा नहीं है।

डॉ. धुलेकर ने बहस (13.9.1949) में कहा, ह्लअंग्रेजी वीरों की भाषा नहीं है। वह वैज्ञानिकों की भी भाषा नहीं है। विज्ञान का एक शब्द भी अंग्रेजी भाषा का नहीं कहा जा सकता और न अंग्रेजी भाषा में प्रयुक्त अंक उस भाषा के अंक हैं। आप कहते हैं अगले 15 वर्षो तक अंग्रेजी भाषा को देश की राजभाषा के रूप में रहने दिया जाये। स्वराज्य के पश्चात भी हमारे स्कूल, विश्वविद्यालय तथा वैज्ञानिक अंग्रेजी में ही काम करते रहेंगे तो यह सुनकर मैं कांप उठता हूं ह्व

सेठ गोविंददास ने कहा हमने सेक्युलर स्टेट मान लिया है। मगर इसका यह अर्थ कभी नहीं समझा कि सेक्युलर स्टेट मानना अनेक संस्कृतियां मानना हैं। यह एक प्राचीन देश है और इसका पुराना इतिहास है। इस देश में हजारों वर्षों से एक ही संस्कृति चली आई है। इस परम्परा को रखने के लिए और इस बात का खण्डन करने के लिए कि हमारी दो संस्कृतियां हैं, हम एक भाषा और एक लिपि रखना चाहते हैं।सभा की बहस रोमांचकारी है। पं. नेहरू ने कहा, ह्लहमने अंग्रेजी इस कारण स्वीकार की, कि वह विजेता की भाषा थी, अंग्रेजी कितनी ही अच्छी हो किन्तु इसे हम सहन नहीं कर सकते ह्व पं. नेहरू अंग्रेजी सहन करने को तैयार नहीं थे।

राजभाषा प्राविधान के प्रस्तावक हिन्दी को कमतर बता रहे थे। सभा ने 14 सितम्बर 1949 को हिन्दी को राजभाषा बनाया। 15 वर्ष तक अंग्रेजी में राजकाज चलाने का ह्यपरन्तुकह्व जोड़ा। संविधान के अनु0 343 (1) में हिन्दी राजभाषा बनी, किन्तु अनु0 343 (2) में अंग्रेजी जारी रखने का प्राविधान हुआ। हिन्दी के लिए आयोग/समिति बनाने की व्यवस्था हुई। हिन्दी के विकास की जिम्मेदारी (अनु0 351) केन्द्र पर डाली गयी। मूल प्रश्न यह है कि क्या अंग्रेजी ज्यादा ज्ञानबोधक है? अमेरिकी भाषा विज्ञानी ब्लूम फील्ड ने अंग्रेजी की बाबत (लैंगुएज, पृष्ठ 52) लिखा ह्लयार्कशायर (इंग्लैंड) के व्यक्ति की अंग्रेजी को अमेरिकी नहीं समझ पाते ह्व तो फिर अंग्रेजी विश्व भाषा क्यों है?

प्रख्यात भाषाविद् चिंतक डॉ. रामबिलास शर्मा ने ह्यभाषा और समाजह्व (पृष्ठ 401) में लिखा ह्लअंग्रेजी के भारतीय प्रोफेसरों को हॉलीवुड की फिल्म दिखाइए, पूछिए, वे कितना समझे? इसके विपरीत हिन्दी की सुबोधता को हर किसी ने माना है। हिन्दी अपनी बोलियों के क्षेत्र में तो समझी ही जाती है गुजरात, महाराष्ट्र आदि प्रदेशों में भी उसे समझने वाले करोड़ों है। यूरोप में जर्मन और फ्रांसीसी अंग्रेजी से ज्यादा सहायक है।

जर्मनी और अस्ट्रिया की भाषा जर्मन है। स्विट्जरलैण्ड के 70 फीसदी लोगों की मातृभाषा भी जर्मन है। चेकोस्लोवाकिया, हंगरी, युगोस्लाविया और पोलैण्ड के लोग जर्मन समझते हैं ह्व हिन्दी भाषी बढ़े हैं। हिन्दी वाले ज्यादा हैं बावजूद इसके वह अपने ही देश में परिपूर्ण राष्ट्रभाषा भी नहीं है।

## स्पीड न्यूज

### कुजू में वन बचाने का संकल्प



**कुजू।** छोटकी डूंडी वन समिति ने मोरसेरिया जंगल में रविवार को वृक्ष रक्षाबंधन कार्यक्रम किया। इस दौरान मुख्य रूप से रेंजर बटेश्वर पासवान, वनपाल प्राभारी अजीत कुमार, वनरक्षी नीतीश कुमार, रोहित कुमार, सुरेंद्र कुमार, वन समिति अध्यक्ष रंजीत कुमार शामिल थे। या बीच सभी लोगों ने वन बचाने को लेकर अपनी बातें रखी। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत पंडित सत्यदेव पांडेय द्वारा पूजा अर्चना किए जाने के बाद अतिथियों ने वृक्ष रक्षाबंधन किया। इस दौरान अभियान की शुरूआत में करीब 250 से 300 पेड़ पौधों में रक्षा सूत्र बंधा गया। जबकि 6.62 एकड में फैली वन क्षेत्र को बचाने का संकल्प लिया। अतिथियों ने कहा कि पेड़ पौधे के बगैर जीवन की कल्पना करना संभव नहीं है। इसके बावजूद लोग इसकी रक्षा करने के बजाय उजाड़ने पर तुले हैं। उन्होंने कहा ऐसे विपरीत परिस्थिति में लोगों को सजगता दिखाना बेहद जरूरी है। साथ ही उजड़ते जंगल को बचाने के साथ समय समय पर पौधरोपण करना अतिआवश्यक है। मौके पर समिति के अध्यक्ष वीरू महतो, तुलेश्वर प्रसाद, शक्ति कुमार महतो, शोभा महतो, संजय कुमार, गुड्डू वर्मा, गणेश महतो, ठाकुरदास महतो, राजेश कुमार, मुकेश कुमार, सुखदेव महतो, कमलनाथ महतो, रीना कुमारी, ललिता देवी, राजू कुमार, सुरेंद्र कुमार, विनोद कुमार, शोभा देवी, लाखेश्वरी देवी समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

### सेवा मंच ने गरीबों को खिलाया खाना




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** राष्ट्रीय सेवा मंच ने प्रत्येक सप्ताह की भांति इस रविवार को भी साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में दुर-दराज ग्रामीण क्षेत्रो से दातुन-पत्तल बेचने आने वाले लगभग 150 गरीबों को भोजन कराया। कार्यक्रम में चोरधरा पंचायत के लपंगा कॉलोनी निवासी रूबी वर्मा एवं शेखर वर्मा की गोल्ड मेडलिस्ट 15 वर्षीय पुत्री तीरंदाज तमन्ना वर्मा ने मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह के साथ मिलकर गरीब-जरूरतमंद महिला-पुरूष और बच्चों के बीच पुरी-सब्जी और मिष्ठान का वितरण किया। बताते चलें कि तमन्ना तिरंदाजी में गोल्ड मेडल सहित कई मेडल और ट्राफी जीत चुकी है। साथ ही फरवरी माह 2025 में उत्तराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेल तिरंदाजी में तमन्ना वर्मा ने सिल्वर मेडल प्राप्त कर अपने माता-पिता सहित पूरे क्षेत्र का नाम रोशन की है। तमन्ना की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए मंच द्वारा बुके देकर सम्मानित किया गया। साथ ही उसके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आगामी दिनों में होने वाले तिरंदाजी प्रतियोगिता में जीत की शुभाकानाएं दी गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, विजय राम, उदयभान दुबे, वीरेंद्र पांडेय, प्रोफेसर रामानुज सिंह, श्रीनिवास अग्रवाल, मो. शाहिद, लखन राम, सनी नायक आदि का विशेष योगदान रहा।

### छह साल की रुमैसा ने रखी रोजा



रजरप्पा। चितरपुर के नन्हे रोजेदार छह वर्षीय रुमैसा रुखसार ने रमजान का पहला रोजा रखी और अल्लाह की इबादत करने की बात की। रुमैसा की पिता मोतीउल्लाह ने बताया कि इस्लाम में 6 साल के बच्चे को रोजा रखने की इजाजत नहीं देता, लेकिन बच्चे ने अपनी जिद और आस्था के चलते रोजा रखा। रुमैसा चार साल कि उम्र से रोजा रख रही है, पूरे परिवार के साथ रोजा खोली। रुमैसा ने अल्लाह से दुआ मांगी कि पढ़ने-लिखने में जेहन दे एवं हमें नेक बनाये। रुमैसा ने माँ बाप की आदर्श पर चलने साथ ही पूरे मुल्क में अमन-शांति, भाइचारा व तरक्की की दुआ मांगी।

### सरहुल को लेकर समिति का गठन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** प्रकृति पर्व सरहुल पूजा को लेकर रविवार को ग्राम कुरसे सरना स्थल में ग्रामीणों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता जगन्नाथ मुंडा और संचालन रामदास बेदिया ने किया। बैठक में पूजा की तैयारियों पर चर्चा करते हुए हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी एक अप्रैल को पूरे धूमधाम और भक्तिभाव के साथ सरहुल पूजा मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही 2 अप्रैल को भुरकुंडा थाना मैदान में आयोजित मिलन समारोह में शामिल होने की बात कही गई। कहा गया कि मिलन समारोह में कुरसे गांव से सैंकड़ों की संख्या में महिला-पुरूष पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होकर इसे ऐतिहासिक बनाने का काम करेंगे। पूजा की सफलता को लेकर सर्वसम्मति से सरहुल पुजा समिति का गठन किया गया। जसमें अध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष विजय मुंडा, और संरक्षक पूर्व पंचायत समिति जनार्दन मुंडा, पुर्व मुखिया रामदास बेदिया, गिरधारी गोप, फुलेश्वर राम, विरेन्द्र यादव, राणा प्रताप सिंह, राजेश्वर सिंह कपूर, शंकर मुंडा, शिवलाल बेदिया, उमेश प्रजापति, दिनेश बेदिया, देवा करमाली, सन्नी कुमार सिंह, उमेश मुंडा, शंभू बेदिया, अनिल, मुंडा, मुकेश सिंह, संजय बेदिया भुनेश्वर बेदिया, जयलाल सिंह, कमल मुंडा, विजय मुंडा, गौतम, मुंडा, ईश्वर मुंडा, मनोज मुंडा, सुरज बेदिया, जोंकी मुंडा, बुलेंद बेदिया चुने गये।

# रामगढ़ में 40 टन अवैध कोयला जब्त

## बसंतपुर वन क्षेत्र से कोयले की हो रही थी तस्करी, ट्रक चालक गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता






रामगढ़ । अवैध कोयला लदा एक ट्रक पुलिस ने जब्त किया है। चालक अवधेश कुमार को गिरफ्तार किया इस मामले की जानकारी रविवार को एसपी अजय कुमार ने दी। पुलिस अधीक्षक अजय कुमार को गुप्त सूचना मिली कि अवैध कोयला तस्करों धोबी घाट बंसतपुर के वन अधिसूचित क्षेत्र से अवैध कच्चा कोयला निकाल कर एक ट्रक पर लोड किया गया है तथा ट्रक को पिला रंग के त्रिपाल से बांधकर परिवहन हेतु तैयार किया जा रहा है। सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए समय करीब 2:20 बजे करमटीया मोड़ के पहुंची तो देखे की बसंतपुर गांव से करमटीया जाने वाली रास्ते में एक ट्रक आ रही है। जिसे पुलिस बल के सहयोग से रोका गया। ट्रक के चालक से नाम पता पूछे जाने पर उसके द्वारा अपना नाम एवं पता आवेधेश कुमार, उम्र 48 वर्ष, पिता-मदन साह, पता-घोड़ासहन (कस्बा), पो० घोड़ासहन, थाना-घोडासहन, जिला-मोतीहारी (बिहार) बताया। उक्त ट्रक नं0-बीआर01जीजी-2610 को जांच करने पर ट्रक में करीब 40 टन कच्चा कोयला लदा हुआ पाया गया। ट्रक चालक अवधेश कुमार से लदे कच्चे कोयला के संबंध में वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु कहा गया। परन्तु ट्रक के चालक द्वारा किसी प्रकार का दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया और चालक द्वारा अपने ट्रक नं0-बीआर01जीजी-2610 के मालिक पंकज सिंह जो पटना के रहने वाले है, से संपर्क कर उक्त ट्रक पर लदे कोयला से सबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने का अनुरोध किया परन्तु काफी इंतजार करने के बाद भी उक्त ट्रक नं0-बीआर01जीजी-2610 के मालिक व चालक के द्वारा कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया और ना ही ट्रक नं0- बीआर01जीजी-2610 के मालिक पंकज सिंह उपस्थित हुए। ट्रक चालक द्वारा बताया गया कि अवैध कच्चा कोयला मोइसिन खान, कुज्जू, बसंतपुर के छोटा महेन्द्र महतो एवं अन्य व्यक्तियों के सहयोग से अवैध कोयला का उत्खनन कर परिवहन करते है। तत्पश्चात विधिवत जबती सूची तैयार कर ट्रक नं०-बीआर 01जीजी-2610 को विधिवत जब्त किया गया तथा ट्रक चालक अवधेश कुमार, को विधिवत गिरफ्तार किया गया। कोयला तस्करों द्वारा वन अधिसूचित क्षेत्र से अवैध रूप से कच्चा कोयला उत्खनित करने एवं बेचने के आरोप में ट्रक नं0- बीआर 01जीजी-2610 के चालक 1. अवधेश कुमार 2. पंकज कुमार एवं सहयोगी 3. मोइसिन खान 4. महेन्द्र महतो तथा अन्य अवैध कोयला तस्करो द्वारा वन अधिसुचित क्षेत्र से अवैध रूप से कच्चा कोयला उत्खनित करने एवं बेचने के आरोप में माण्डू (वे०बो०) थाना काण्ड सं0-58/25, दिनांक 02.03.2025, धारा-317 (5)/3(5) बी०एन०एस० 30 (पप) कोल माईन्स एक्ट एवं 33 वन अधिनियम दर्ज किया गया है।

## हजारीबाग में पुरानी पेंशन योजना की बहाली में बड़ी सफलता

# छह हजार कर्मियों को मिला लाभ

## पेंशन भुगतान करने की प्रक्रिया पूरीः उपायुक्त

संदीप सिन्हा

**हजारीबाग।** राज्य सरकार द्वारा बहाल की गई पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) के तहत सरकारी कर्मियों को उनके अधिकार से वंचित न रहने देने की दिशा में हजारीबाग जिले में ठोस कदम उठाए गए हैं। उपायुक्त नैंसी सहाय के निर्देश पर जिला पेंशन एवं लेखा निदेशालय, भविष्य निधि कार्यालय और जिला कोषागार कार्यालय ने मिलकर मात्र दो महीनों में लगभग छह हजार कर्मियों को भविष्य निधि लेखा संख्या आवंटित कर दी है। उपायुक्त नैंसी सहाय ने बताया कि 1 सितंबर 2022 से पहले सेवानिवृत्त हुए कर्मी, जिन्हें नई पेंशन योजना (एनपीएस) के तहत राशि नहीं मिली थी, उनके खाते में जमा राशि को समायोजित कर उन्हें पुरानी पेंशन योजना का लाभ दिया गया है। वही जिला कोषागार पदाधिकारी उज्ज्वल कुमार चौरसिया ने बताया कि ऐसे कर्मचारी, जो पहले दैनिक वेतनभोगी या संविदा पर कार्यरत थे और बाद में नियमित किए गए, उन्हें भी ओपीएस का लाभ दिया गया है। साथ ही, जो सेवानिवृत्त कर्मी एनपीएस की राशि प्राप्त कर चुके थे और ओपीएस का लाभ चाहते थे, उन्होंने अपनी जमा राशि सरकार के खजाने में जमा कर पुरानी पेंशन योजना को अपनाया।

**घर जाकर दी जा रही पेंशन :** इस पहल के तहत 48 सेवानिवृत्त कर्मियों के अलावा उन कर्मचारियों से भी संपर्क किया गया, जो सेवानिवृत्ति के बाद अपने घर चले गए थे। उनके एनपीएस खाते में जमा सरकारी अंशदान और लाभांश की राशि को चालान के माध्यम से सरकारी खजाने में जमा करवाया गया और उनका पेंशन प्रपत्र महालेखागार, रांची को भेजा गया।

विशेष रूप से, दिव्यांग पेंशनरों को घर जाकर पेंशन की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है ताकि वे किसी परेशानी के बिना योजना का लाभ उठा सकें। साथ ही, जो सेवानिवृत्त कर्मी अब तक इस योजना से वंचित हैं, उन्हें भी जल्द लाभ पहुंचाने के प्रयास किए जा रहे हैं। इस पहल से यह स्पष्ट है कि सरकार और प्रशासन मिलकर ओपीएस को प्रभावी तरीके से लागू करने में जुटे हैं। हजारीबाग जिले में की गई यह त्वरित कार्रवाई अन्य जिलों के लिए भी मिसाल बन सकती है, जिससे सरकारी कर्मियों को उनका हक और सम्मानजनक पेंशन सुरक्षा मिले।

### सहजानंद सरस्वती की 137 वीं जयंती मनी

**रामगढ़।** असेश्वर सिंह ब्रह्मर्षि धर्मशाला रामगढ़ के सभागार में रविवार को किसानों के प्रणेता स्वामी सहजानंद सरस्वती की 137 वीं जयंती समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। समारोह के उद्घाटन चतरा के सांसद कालीचरण सिंह ने स्वामी सहजानंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप जलाकर किया। साथ ही अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ, अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान कर किया गया।

कार्यक्रम के अध्यक्षता ब्रह्मर्षि परिषद के अध्यक्ष रविंद्र प्रसाद शर्मा ने की। समारोह का सफल मंच संचालन डॉक्टर संजय प्रसाद सिंह किया। समारोह में समाज के अध्यक्ष एवं सचिव दिवाकर सिंह ने पुष्प गुच्छ एवं अंग वस्त्र प्रदान कर मुख्य अतिथि संसद चतरा का स्वागत किया। जबकि, कोषाध्यक्ष विभन सिंह एवं भू दाता परिवार संरक्षक अनमोल सिंह को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# हजारीबाग में शातिर चोर का आतंक थाने के सामने दुकान में की चोरी

खबर मन्त्र संवाददाता



सीसीटीवी में कैद हुयी शातिर चोर की तस्वीर।

**हजारीबाग।** शहर में एक शातिर चोर ने व्यापारियों और पुलिस प्रशासन की नींद उड़ा रखी है। यह शातिर अपराधी अब तक आधा दर्जन से अधिक दुकानों में सेंध लगा चुका है, लेकिन पुलिस की पकड़ से दूर है।

उसकी चोरी करने की स्टाइल भी अनोखी है–आधी रात को दुकान में घुसता है, मुंह में टॉर्च दबाए और हाथ में कटर मशीन व कैची लिए हुए, फिर बड़े ही शातिर तरीके से नगदी और कीमती सामान पर हाथ साफ कर देता है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इस शातिर चोर ने पुलिस के नाक के नीचे, यानी सदर थाना के सामने स्थित दुकानों को भी नहीं बख्शा। वह किसी दुकान का वेंटिलेटर काटकर घुसता है, तो किसी का शटर तोड़कर। चोरी करने से पहले सीसीटीवी कैमरों की तार काट देता है ताकि कोई सबूत न बचे। लेकिन इसके बावजूद कई घटनाओं में उसका चेहरा कैमरे में कैद हो चुका है। इस शातिर चोर ने हाल ही में गवाल टोली के जानवी प्लाजा स्थित कपड़े की दुकान, झंडा चौक की ड्रायफ्रूट दुकान, और खंडेलवाल कपड़े की दुकान को निशाना बनाया। इससे पहले, विष्णुगढ़ और इचाक में भी कई वारदातों को अंजाम दे चुका है। व्यापारियों ने कई बार पुलिस को शिकायत दी, लेकिन अब तक यह चोर पुलिस के हाथ नहीं लगा है। सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि वह लगातार चोरी कर रहा है और उसके हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। अब देखना यह है कि पुलिस कब तक इस अपराधी को पकड़ पाती है या फिर शहर में चोरी की घटनाएं यूं ही बढ़ती रहेंगी?

### राजद उपाध्यक्ष से संतोष यादव ने दिया इस्तीफा



**भुरकुंडा ।** रिभर साईड भुरकुंडा निवासी सह कोल फील्ड मजदूर यूनियन के केंद्रीय सदस्य संतोष यादव ने अपने पद से त्याग देते हुए यूनियन से इस्तीफा दे दिया है। इस बावत उन्होंने यूनियन के महामंत्री को पत्र लिखकर इस्तीफा स्वीकार करने की बात कही है। पत्र में श्री यादव ने कहा है कि मैं स्वेच्छा से व्यक्तिगत कारणों से कोल फील्ड मजदूर यूनियन से इस्तीफा दे रहा हूं। मेरा त्याग-पत्र स्वीकार किया जाए। संतोष यादव वर्तमान में राजद के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष हैं। संतोष यादव बिहार-झारखंड में कदावर नेता के रूप में जाने जाते हैं। उनका बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव और उनके पुत्र तेजस्वी यादव से गहरा नाता है। बिहार-झारखंड में संतोष यादव की काफी मजबुत पकड़ है। वे सभी के सुख-दुख में साथ खड़ा रहने वाले नेता माने जाते हैं। इधर रिभर साईड भुरकुंडा निवासी सह कोफिमयू के सक्रिय सदस्य सुभाष तिवारी ने भी अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। इस बावत उन्होंने भी यूनियन के महामंत्री को पत्र लिखकर इस्तीफा स्वीकार करने की बात कही है।

# बुधबाजार : शिव मंदिर में भक्ति जागरण आयोजित

**▶▶ भजन पर रातभर झूमे श्रद्धालु**





**भुरकुंडा (रामगढ़)।** महाशिवरात्रि के अवसर पर गांधी पार्क पूजा कमेटी के तत्वावधान में भुरकुंडा रिवर साइड बुधबाजार गांधी पार्क स्थित शिव मंदिर प्रांगण में शनिवार रात भक्ति जागरण हुआ। इसमें धनबाद जय हो ग्रुप के सुदेश सिंह की मंडली ने अपनी प्रस्तुति से लोगों को देर रात तक झुमाए रखा। जागरण का शुभारंभ गणेश वंदना से हुआ। इसके बाद भजन मंडली के गायक बबलू बवाली, मास्टर जुगनू, मुन्ना यशस्वी, श्वेता तिवारी, श्वेता सिंह ने हर हर शंभु, ये गणेश के पापा, अरे द्वार पालों, ये प्रयागराज है सहित एक से बढ़कर एक भक्ति गीत और भजनों की प्रस्तुति से लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया। इस दौरान श्रद्धालु महिला-पुरूष भी नाचते-झुमते रहें। कलाकारों का वाद्य यंत्र पर ऑक्टोपैड में सुदेश सिंह, नाल में संधीर, ऑर्गन पर उमेश सिंह बखुबी साथ निभाया।

जागरण को सफल बनाने में गांधी पार्क पूजा कमेटी के अध्यक्ष नरेंद्र सिन्हा, सचिव विनय उर्फ बीनू भगत, संजय कुमार रवि, जिबू सैनी, राजन सिन्हा, आनंद शर्मा, रमेश केवट, रामू यादव, मिथिलेश राय, नीलू सरकार, विनोद चंद्रवंशी, राजू मल्होत्रा, संजय जायसवाल, सुजीत राम, प्रेम सिंह, भीम सिंह, विजय कुमार, सत्येंद्र पांडेय, पंकज राणा, बुकुन नायक, बसंत, परमजीत सिंह, विक्की नायक, सोहन आदि का विशेष योगदान दिया।

## एक नजर में

### टाटीझरिया अंचल कार्यालय के कर्मचारी मनीष कुमार पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप



टाटीझरिया। टाटीझरिया अंचल कार्यालय में भ्रष्टाचार अपने चरम पर पहुंच चुका है। कर्मचारी मनीष कुमार पर ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वह जमीन म्यूटेशन और प्लॉट नंबर चढ़ाने के नाम पर मनमानी कर रहे हैं। झरपो पंचायत के कई ग्रामीणों का कहना है कि वे केवला, खतियान और अन्य जरूरी कागजात सौंप चुके हैं, लेकिन महीनों बीतने के बाद भी प्लॉट नंबर ऑनलाइन नहीं चढ़ाया गया। झरपो निवासी संतोष सोनी ने कर्मचारी मनीष कुमार पर रिश्वत मांगने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि जब पैसे देने से मना कर दिया गया तो उनके म्यूटेशन में बेवजह अड़चनें लगाकर रोक दिया गया। इससे तंग आकर उन्होंने व्यवहार न्यायालय में न्याय की गुहार लगाई है। ग्राम सभा में भी उठ चुका है मुद्दा : 31 जनवरी 2025 को झरपो पंचायत भवन में आयोजित ग्राम सभा में भी यह मामला गरमाया था। मुखिया सह 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष शिबू प्रसाद सोनी, पंचायत सचिव गुड़िया रानी, वार्ड सदस्य केदार गौरव, मनोज सिंह, रवि यादव की उपस्थिति में कई ग्रामीणों ने मनीष कुमार को कागजात सौंपे थे, लेकिन तीन महीने बीत जाने के बाद भी प्लॉट नंबर ऑनलाइन नहीं चढ़ाया गया। ग्राम सभा में लखन पांडेय, शिव कुमार, किशोरी ठाकुर, बद्री भुइंया, जमुना सिंह, बासुदेव प्रसाद, लक्ष्मीकांत सोनी, सुरेश राम, बिनोद कुमार, संतोष कुमार, मुकेश कुमार, निर्मल प्रसाद, कैलाश राम सहित कई ग्रामीणों ने इस मनमानी का विरोध किया।

### आदर्श पब्लिक स्कूल का स्थापना दिवस मना



**विष्णुगढ़।** नरकी पंचायत स्थित आदर्श पब्लिक स्कूल ने शनिवार को प्रथम स्थापना दिवस मनाया। कार्यक्रम की शुरूआत दौलत महतो मेमोरियल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. सुनील कुमार चतुर्वेदी ने दीप प्रज्वलित कर और फीता काटकर की। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने झूमर, संथाली नृत्य, संगीत, हास्य नाटक और भाषण प्रस्तुत किए, जिससे समारोह में सांस्कृतिक रंग भर गया। कार्यक्रम का संचालन नितिन सर ने किया। मुख्य अतिथि डॉ. चतुर्वेदी ने विद्यालय परिवार को प्रथम वर्षगांठ की शुभकामनाएं दीं और कहा कि शिक्षा हमारे भविष्य की नींव है, जिसे हमें मजबूती से गढ़ना चाहिए। उन्होंने विद्यालय की गुणवत्ता की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए वरदान बताया। विद्यालय निदेशक डिलेश्वर कुमार महतो ने कहा कि इसके बिना मानव जीवन के विकास की कल्पना अधूरी है। उन्होंने शिक्षा को सबके लिए सुलभ बनाने पर जोर दिया। इस अवसर पर प्रो. राघवेंद्र प्रताप, समाजसेवी माही पटेल, ऑक्सफोर्ड इंटरनेशनल स्कूल बनासो के संचालक डुमरचंद महतो, पत्रकार सह शिक्षक धीरज शर्मा, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय परसिया के शिक्षक जीवाधन प्रसाद, पिनेकल इग्नाइटेड माइंड्स स्कूल चानो के संचालक कोलेश्वर महतो, एसवीएम स्कूल गोविंदपुर के प्राचार्य प्रदीप कुमार, भारतीय युवा संसद के सुरेश कुमार, समाजसेवी सनी कुमार, जवाहर नवोदय रेसिडेंटल एकेडमी विष्णुगढ़ के संचालक प्रकाश महतो, प्राचार्य कालीचरण महतो, बिहिन प्ले स्कूल बिष्णुगढ़ के संचालक मुकेश महतो, ग्रीन वैली पब्लिक स्कूल चतरोचट्टी के संचालक विजय महतो सहित कई शिक्षाविद, अभिभावक और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। विद्यालय के इस उत्सव ने न केवल उसकी उपलब्धियों को उजागर किया, बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में उसकी प्रतिबद्धता को भी दर्शाया।

### डांटों कला में महायज्ञ को लेकर कलश यात्रा



**कटकमसांडी (हजारीबाग)।** रविवार को कटकमसांडी प्रखंड के डांटो कला में श्री श्री 108 शिव परिवार एवं हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा श्री राम चरित परायण महायज्ञ को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में 651 महिला श्रद्धालुओं ने सिर पर कलश लेकर पांच किमी. दूर त्रिवेणी नदी से जल उठाकर वापस शिव मंदिर पहुंची। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष सरयू यादव, पश्चिमी के जिप प्रतिनिधि कारू राम, पंचायत के मुखिया कुमारी बखला, उप मुखिया विनोद उरांव, समाजसेवी भोला सिंह, दीपक कुमार राणा, दीपक कुमार यादव, दिनेश राणा, संतोष राणा, सुनील कुमार राणा, कृष्ण कुमार यादव, किशोर कुमार राणा, सुनील सिंह, उपेंद्र राम, डॉ. सुमित कुमार, विकास कुमार ठाकुर, रामचंद्र यादव, चंद्र यादव, राजेश कुमार भुईयां, राजेंद्र कुमार यादव, मनोज कुमार यादव, कांग्रेस के जिला सचिव रंजीत यादव, सामाजसेवी कमलदेव यादव सहित सैकड़ो ग्रामीणों ने कलश देकर महिला श्रद्धालुओं को रवाना किया। कलश यात्रा गाजे बाजे के साथ निकली, जो मझगवां के त्रिवेणी नदी पहुंची, जहां आचार्य श्री सुरेश अवस्थी जी महाराज जी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलश में जल भरा गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने जय माता दी व जय श्री राम के जयकारे लगाए।

### जन औषधि दिवस पर लगा आरोग्य मेला



बरही। अनुमंडलीय अस्पताल में रविवार को जन औषधि दिवस के अवसर पर आरोग्य मेला का उद्घाटन डीएस डा. प्रकाश ज्ञानी ने अन्य चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों के साथ फीता काटकर किया। मेला में करीब 100 मरीजों का नि:शुल्क बीपी और शुगर जांच किया गया। इसके अलावा, नि:शुल्क चिकित्सीय परामर्श, जांच और उपचार की सुविधा भी दी गई। जरूरतमंद मरीजों के बीच दवाओं का भी वितरण किया गया। जन औषधि केंद्र बरही के संचालक सुजीत कुमार सिंह ने अस्पताल के चिकित्सकों डा. प्रकाश ज्ञानी, डा. इंद्रजीत कुमार और डा. अमन कुमार को सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि जन औषधि केंद्र पर 50 से 80 प्रतिशत कम कीमतों पर जेनेरिक दवाएं उपलब्ध हैं, जिससे आम जनता को किफायती उपचार मिल सके। शिविर में स्वास्थ्य कर्मी राजेश यादव, लक्ष्मी कुमारी, प्रीति कुमारी, कंचन कुमारी, सचिन यादव समेत कई लोग मौजूद थे।

### सार्वजनिक बासंती दुर्गा पूजा समिति गठित



बरही। बरसोत दुर्गा मंदिर प्रांगण में सार्वजनिक बासंती दुर्गा पूजा समिति की बैठक हुई, इसकी अध्यक्षता मुखिया मोतीलाल चौधरी ने की। बैठक में पूर्व अध्यक्ष पप्पू पांडेय ने पिछले वर्ष का आय-व्यय विवरण प्रस्तुत किया। समिति के पुनर्गठन में सर्वसम्मति से मोतीलाल चौधरी को अध्यक्ष, सुजीत कुमार को सचिव और परवीन बक्शी को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके अलावा, ओम प्रकाश साव और राजकुमार राम को उपाध्यक्ष बनाया गया, जबकि प्रभाकर पाठक और अजय कुमार रामराज को निगरानी समिति में शामिल किया गया। अध्यक्ष मोतीलाल चौधरी ने घोषणा की कि इस वर्ष रामनवमी को भव्य तरीके से मनाया जाएगा और क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों को आमंत्रित किया जाएगा। बैठक में दिवाकर पाठक, मणिलाल चौधरी, वीरेंद्र प्रसाद, इंद्रदेव रजवार, वीरेंद्र सिंह, पूर्व सचिव रुपेश कुमार, अजीत चंद्रवंशी, टुनटुन सिंह, मुकेश बक्शी, सिकंदर केशरी, वनबिहारी कुमार, युगल किशोर साव, दीपू सिंह, मनोज केशरी, विनोद पांडे समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे। समिति के गठन के साथ ही रामनवमी की तैयारियों की रूपरेखा भी तय की गई।

# प्रश्नपत्र वायरल करने वाला प्रिंस समेत दो चढ़े पुलिस के हत्थे

- छह आरोपी पहले हो चुके हैं गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता




**कोडरमा।** झारखंड बोर्ड 10वीं हिंदी और विज्ञान विषय का प्रश्नपत्र लीक होने के मामले में कोडरमा पुलिस ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में बघेयडीह जमुआ गिरिडीह निवासी प्रिंस कुमार और मरकच्चो निवासी मूकबधिर प्रिंस राणा शामिल हैं। वहीं बघेयडीह जमुआ निवासी प्रिंस को मधुपुर से गिरफ्तार किया गया, जबकि मरकच्चो के प्रिंस राणा को बेंगलुरु से पुलिस ने पकड़ा है। दोनों को शनिवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

**प्रिंस राणा है व्हाट्सएप ग्रुप का एडमिन**

मरकच्चो निवासी प्रिंस राणा जैक अपडेट सर नाम से संचालित व्हाट्सएप ग्रुप का एडमिन है, जिसमें प्रश्नपत्र वायरल हुआ था। उसने 350 रुपये क्यूआर कोड पर मंगाकर कई लोगों को प्रश्नपत्र उपलब्ध कराया था, जबकि जमुआ निवासी युवक की भूमिका भी प्रश्नपत्र को वायरल करने में रही है। पहले इस युवक के चतरा निवासी के रूप में पहचान बतायी जा रही थी, मगर पुलिस जांच में वह जमुआ निवासी निकला।

**पिछले दिनों छह आरोपी हो चुके हैं गिरफ्तार**

पुलिस ने पिछले दिनों गिरिडीह के न्यू बरगंडा स्थित मकान से गिरफ्तार किये गये छह आरोपियों रोहित कुमार, मुकेश कुमार, लालमोहन कुमार, अंशु कुमार पांडेय, कृष्णा कुमार पांडेय व कमलेश कुमार को पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया है। वहीं पुलिस ने इन सभी को अदालत से तीन दिनों के रिमांड पर लिया था। रिमांड अवधि में इनसे प्रश्नपत्र कैसे लीक किया गया और इसमें किसकी भूमिका है इसे जानने का प्रयास किया। हालांकि, पूछताछ में आरोपियों ने क्या राज उगला है? इसे पुलिस पदाधिकारी बताने से बच रहे हैं, पर शुरुआती पूछताछ में यह बात सामने आयी थी कि मास्टरमाइंड कमलेश ने अपने साथी मुकेश के साथ मिलकर प्रश्नपत्र को उस समय लीक किया था, जब उसे गिरिडीह में बनाये गये स्ट्रांग रूम में वाहन से अनलोड किया जाना था। कमलेश ने प्रश्नपत्र चोरी करने के बाद सबसे पहले अपनी कथित प्रेमिका को इसे भेजा था, जबकि बाद में कुछ लोगों से पैसे लेकर प्रश्नपत्र उपलब्ध कराया गया था, बाद में यही प्रश्नपत्र अन्य आरोपियों ने वायरल किया।

**पेपर लीक मामले में दो और गिरफ्तार**

कोडरमा एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा है कि जैक का प्रश्नपत्र लीक होने के मामले में दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि गिरिडीह से गिरफ्तार किये गये छह आरोपियों की तीन दिन की रिमांड अवधि खत्म होने पर उन्हें भी जेल भेज दिया गया है। पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर आगे की जांच की जा रही है।

## नव दिवसीय शत चंडी महायज्ञ सह देवी प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकली भव्य कलश यात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता



**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सिमरिया पंचायत स्थित ग्राम कोसडीहरा (महुवाटांड) में रविवार से 11 मार्च तक चलने वाले श्री श्री अनन्त श्री नव दिवसीय शत चंडी महायज्ञ सह देवी मंडप प्राण प्रतिष्ठा को लेकर रविवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा को महामंडलेश्वर सुखदेव दास जी महाराज, कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव ने फीता काटकर कलश यात्रा को रवाना किये। इस मौके पर प्रमुख विजय कुमार सिंह, भाजपा जिला महामंत्री विजय यादव, मुखिया जामु नीतु कुमारी, राजेश पासवान मुख्य रूप से उपस्थित थे। वहीं महामंडलेश्वर सुखदेव दास जी महाराज ने कहा कि यज्ञ करने से वातावरण शुद्ध होता है तथा आपस में मेल मिलाप बढ़ता है। वहीं कोडरमा विधायक डॉ.नीरा यादव ने कहा कि यज्ञ करने से वातावरण तो शुद्ध होता ही है, साथ ही आपसी भेद भाव भी मिटता है एवं एक दूसरे को जानने का मौका मिलता है। वही कलश यात्रा कोसडीहरा स्थित नवनिर्मित देवी मंडप यज्ञ स्थल से ढोल गाजे बाजे, गगनचुंबी नारों के साथ धूम-धाम से निकाली गई। कलश यात्रा यज्ञ स्थल से निकलकर जामु, डूमरडीहा, दशारो होते हुए उत्तर वाहिनी पहुंची, जहां से जल भरकर सिमरिया होते हुए यज्ञ स्थल कोसडीहरा महुआटांड़ पहुंची। जहां यज्ञाचार्य पंडित दशरथी परपन्ना जी महाराज व यज्ञ में लगे पंडितों ने विधि विधान के साथ कलश को यज्ञ मंडप में प्रवेश कराया। वहीं यज्ञ समिति के अध्यक्ष महेश यादव सचिव सुरेश कुमार, कोषाध्यक्ष महेश कुमार महतो ने संयुक्त रूप से बताया कि यज्ञ 2 मार्च से 11 मार्च तक चलेगी। सम्पूर्ण यज्ञ कार्य यज्ञाचार्य पंडित दशरथी प्रपन्नाचार्य की देख-रेख में होगा। वहीं प्रतिदिन बाल विदुषी रामा किशोरी जी का संगीतमय प्रवचन किया जाएगा। महायज्ञ को सफल बनाने में महेश यादव, सुरेश कुमार दास, महेश कुमार महतो, बाबुलाल यादव, कैलाश यादव, रंजीत यादव, दामोदर ठाकुर, सुरेश यादव, शंकर यादव, श्यामसुंदर यादव, शंकर ठाकुर, दिनेश यादव, द्वारिका यादव, अरुण यादव, अनिल यादव, उपेंद्र यादव समेत दर्जनों ग्रामीण लगे हुए हैं।

### फर्नीचर एंड इलेक्ट्रॉनिक शॉपिंग मॉल का उद्घाटन



**जयनगर (कोडरमा)।** बरकट्ठा में शानदार फर्नीचर एंड इलेक्ट्रॉनिक मॉल का शुभारंभ मुख्य अतिथि बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव ने फीता काटकर किया। इसके पूर्व प्रतिष्ठान के संचालक द्वारा विधायक का फूलों के गुलदस्ते भेंट कर स्वागत किया। वहीं संचालक ने बताया कि मॉल खुलने से क्षेत्र के लोगों को काफी सहूलियत होगी। हमारे यहां लोगों को उचित मूल्य में ब्रांडेड फर्नीचर और इलेक्ट्रोनिक उत्पाद मिल सकेगा। सस्ते दरों पर ब्रांडेड ड्रेसिंग टेबल, सोफा, आलमीरा, तकिया, कूलर, टीवी, वाशिंग मशीन आदि उपलब्ध है।

## टैंकर की चकमे से स्कॉर्पियो सड़क किनारे टकरायी, दो घायल

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ताराघाटी के समीप टैंकर के चकमा देने से स्कॉर्पियो सड़क किनारे जा टकराया, जिसमें स्कॉर्पियो सवार दो लोग घायल हो गए। वहीं मिली जानकारी के अनुसार स्कॉर्पियो में तीन लोग मोतिहारी से कोडरमा शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरानप ताराघाटी के समीप कोडरमा की ओर से आ रही टैंकर ने चकमा दे दिया, जिसमें दुर्घटना हो गई। घटना के बाद चालक टैंकर लेकर मौके से फरार हो गया। इस घटना में स्कॉर्पियो सवार दो व्यक्ति घायल हो गया, जिसकी पहचान मोतिहारी निवासी इंद्र कुमार पिता रामजीवन प्रसाद और विजय कुमार पिता एसएस सिंह के रूप में की गई। वहीं घटना के बाद रोड सेफ्टी सदस्य सागर कुमार गिरी द्वारा घायलों को एम्बुलेंस की मदद से सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां घायलों का इलाज किया जा रहा है।

## खबर एक नजर में

### चतरा जिला क्रिकेट लीग: पिपरवार सीनियर बना विजेता, बिरसा क्रिकेट एकेडमी को 19 रनों से हराया



**गिद्धौर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में रविवार को खेले गए चतरा जिला क्रिकेट लीग के फाइनल मुकाबले में पिपरवार सीनियर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बिरसा क्रिकेट एकेडमी को 19 रनों से हराकर खिताब अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पिपरवार सीनियर की टीम 22 ओवरों में सभी विकेट खोकर 149 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। टीम की ओर से रौशन ने 34 और पप्पू ने 24 रन का अहम योगदान दिया। बिरसा क्रिकेट एकेडमी की ओर से शुभम और चंदन ने 3-3 विकेट जबकि विनायक साहू ने 2 विकेट झटके।149 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बिरसा क्रिकेट एकेडमी की टीम 17.3 ओवरों में सभी विकेट खोकर 131 रन ही बना सकी और 19 रनों से हार गई। टीम की ओर से सुमित ने 29 और आयुष ने 21 रन बनाए। वहीं, पिपरवार सीनियर के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। सुमित ने 4 विकेट, जबकि सचिन ने 2 विकेट चटकाए। फाइनल मैच में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले पिपरवार सीनियर के सुमित कुमार को 'मैन ऑफ द मैच' का पुरस्कार दिया गया। वहीं, टूर्नामेंट में सबसे अधिक रन बनाने वाले विकास कुमार को 'बेस्ट बैट्समैन', चंदन कुमार को 'बेस्ट बॉलर' और शुभम को 'बेस्ट फील्डर' का अवॉर्ड मिला। इसके अलावा, पिपरवार सीनियर टीम के रौशन गोस्वामी को 'मैन ऑफ द सीरीज' का खिताब दिया गया। मैच में प्रेम और सुमित ने अंपायर की भूमिका निभाई, जबकि राहुल स्कोरर रहे। फाइनल मुकाबले के दौरान क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष विनय सिंह, सचिव मनोज सहाय, सह सचिव आशुतोष भारती, कोषाध्यक्ष सरोज सिन्हा, जिला क्रिकेट लीग अध्यक्ष प्रेम राणा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे। इस जीत के साथ पिपरवार सीनियर ने चतरा जिला क्रिकेट लीग का खिताब अपने नाम कर लिया, जबकि बिरसा क्रिकेट एकेडमी उपविजेता रही।

### मरकच्चो झामुमो प्रखंड कमेटी की बैठक आयोजित

## डगरनवा पंचायत कमेटी का गठन व सदस्यता अभियान चलाने को लेकर किया विचार विमर्श

खबर मन्त्र संवाददाता



**मरकच्चो (कोडरमा)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला समिति के तवधान में रविवार को प्रखंड कमेटी की बैठक डगरनवा पंचयात अंतर्गत ग्राम कटियो के स्कुल मैदान में की गई। बैठक में मुख्य रूप से डगरनवा पंचायत कमेटी का गठन व सदस्यता अभियान चलाने को लेकर विचार विमर्श किया गया।

बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष दीवाकर तिवारी व संचालन रामेश्वर मुर्मू ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से पंचायत अध्यक्ष झरी राय, उपाध्यक्ष दामोदर सिंह, सचिव सीताराम सोरेन, सगठन सचिव मानसिंह हेमब्रम, कोषाध्यक्ष यमुना लाल किस्कू का चयन किया गया। साथ ही दस कार्यकारणी सदस्य का भी चयन किया गया।

बैठक में मो. रियासत आलम, रामेश्वर मुर्मू, दिलीप गुप्ता, भैया टुडू, बसंत मरान्डी, रुपलाल सिंह, मनोज टुडू, विशुन किस्कू, शिबू हेमब्रम, राजेंद्र राय, सीताराम सोरेन, दासो सोरेन, राजेश हेमब्रम, मिना देवी, बसंती देवी, हरी राय, दिनेश टुडू आदि मौजूद थे।

### सियार के हमले से किसान घायल

**मरकच्चो (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत डुमरडीहा में सियार ने एक व्यक्ति पर हमला कर घायल कर दिया। वहीं घायल की पहचान डुमरडीहा निवासी कन्हाई लाल महतो के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार कन्हाई लाल महतो शनिवार को अपने खेत की ओर गये थे, इसी दौरान सियार ने उन पर हमला कर घायल कर दिया। वहीं घायल व्यक्ति का सदर अस्पताल में इलाज किया गया।

### मोटरसाइकिल चोरी को लेकर सनहा दर्ज

**कोडरमा।** तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत सीएच प्लस टू उच्च विद्यालय के समीप मोटरसाइकिल संख्या जेएच12एन9322 चोरी हो गई। इसे लेकर मोटरसाइकिल मालिक कुन्दन सिंह पिता राजेन्द्र सिंह डोमचांच कालीमंडा निवासी वर्तमान पता विद्यापुरी झुमरीतिलैया ने तिलैया थाना में आवेदन देकर बाइक चोरी का सनहा दर्ज कराया है। उन्होंने कहा है कि सीएच ग्राउंड गेट के सामने अपना स्प्लेंडर बाइक खड़ा कर पानी लाने गया, पानी लेकर जब वापस आया तो अपना बाइक उक्त स्थल पर नहीं पाया।

### एकतरवा में पाइप टूटने से पांच दिनों से जलापूर्ति बाधित



**कोडरमा।** मेघातरी पंचायत अंतर्गत एकतरवा वार्ड नंबर 6 में पिछले पांच दिनों से जलापूर्ति बाधित है। वहीं मुखिया प्रतिनिधि राजकुमार राम ने बताया कि विद्युत विभाग के द्वारा गांव में बिजली पोल गाड़ा जा रहा है। जिसको लेकर मेघातरी पंचायत में पोल गाड़ने का काम किया जा रहा था। इसी दौरान एकतरवा में पानी पाइप टूट गया, जिसके बाद यहां जलापूर्ति बाधित हो गया है और लोगों को पेयजल की समस्या हो गई है। मेरे द्वारा कई बार संबंधित विभाग को सूचित किया मगर अभितक पाइप बदला नहीं गया।

### कोडरमा-धनबाद रेलखंड में 1040 बेटिकट यात्रियों से वसूला गया 5,37,095 रुपये जुर्माना



**कोडरमा।** बिना टिकट यात्रा करने वालों पर नकेल कसने के लिए कोडरमा-धनबाद रेलखंड में मजिस्ट्रेट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान कोडरमा, चंद्रपुरा, डाल्टनगंज, चोपन, बरकाकाना और सिंगरौली में टिकट की जांच की गयी। जिसमें कुल 1040 यात्री बिना टिकट या बिना उचित प्राधिकार के यात्रा करते पकड़े गये। इनके पास बिना बुक किये सामान भी मिला। इन यात्रियों से कुल 5,37,095 रुपये जुर्माना वसूला गया। अभियान रेलवे द्वारा बिना टिकट यात्रा पर अंकुश लगाने के लिए अभियान चलाया गया। वहीं वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक एवं वरीय जनसंपर्क अधिकारी अमरेश कुमार ने बताया कि इस तरह के अभियान भविष्य में भी जारी रहेंगे, ताकि यात्रियों में टिकट लेने की आदत विकसित हो और रेलवे को राजस्व की हानि न हो।

## झामुमो नगर सम्मेलन में नगर समिति का पुनर्गठन की भेजी गयी अनुशंसा

- जिला संयोजक मंडली केंद्रीय समिति ने की दीपक विश्वकर्मा को नगर अध्यक्ष अनुशंसित

खबर मन्त्र संवाददाता



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** झुमरीतिलैया ब्लॉक रोड स्थित साहू धर्मशाला में नगर सम्मेलन वीरेंद्र कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में किया गया। वहीं सम्मेलन में नगर समिति का पुनर्गठन हेतु जिला संयोजक मंडली केंद्रीय समिति के द्वारा नगर के चयनित पदाधिकारी की अनुशंसा भेजी गई।

सम्मेलन के दौरान सर्वसम्मति से नगर अध्यक्ष दीपक विश्वकर्मा, नगर उपाध्यक्ष दिलीप चंद्रवंशी, संजय कुमार पांडेय, महेश वर्मा, नगर सचिव मंटू प्रसाद वर्मा, कोषाध्यक्ष पंकज मोदी, संगठन सचिव श्रीकांत कौन्तेय, संयुक्त सचिव देवानंद कुशवाहा सहित 27 कार्यकारिणी सदस्यों के नाम शामिल है। इस अवसर पर रविंद्र शांडिल्य, वीरेंद्र पांडेय, संजय पांडेय, पवन माइकल कुजूर, संजय साजन, उमेश राम आदि के अलावे भारी संख्या में नगर के सभी वार्डों की वार्ड अध्यक्ष एवं सचिव तथा पदाधिकारी उपस्थित हुए।

### मध्यस्थता शिविर में कई मामले निष्पादित



**हंटरगंज।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में चतरा सचिव के निर्देश पर वशिष्ठ नगर जोरी थाना परिसर में रविवार को कई मामलों का निष्पादन सुलह के आधार पर मध्यस्थता के माध्यम से किया गया। इस शिविर में जानकारी देते हुए पीएलवी संदीप कुमार गुप्ता ने बताया कि थाना क्षेत्र के दंतार, कसियाडीह, जोरी,से आए ग्रामीणों ने अपना - अपना पक्ष रखा सभी पक्षों के बातों को सुनने के बाद ग्रामीणों ने मध्यस्थता निष्पादन सुलह के आधार पर कराने की अपील की तथा इसके लिए मध्यस्थों को बधाई दी। सबसे महत्वपूर्ण बात तो यह रही कि इस सभी मामलो में अधिकांश मामले पति-पत्नी के बीच साथ रहने की सहमति पर तथा पुत्रों द्वारा माता-पिता को भरण-पोषण देने की सहमति के आधार पर निष्पादित किये गए है। मध्यस्थता शिविर को सफल बनाने में वशिष्ठ नगर थाना सब इंस्पेक्टर छोटा राम ने मध्यस्थता में आए सभी पक्षकारों को समझा-बुझा कर समझौता के लिए राजी किए।

### हंटरगंज में भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपाइयों ने निकाला मशाल जुलूस



**हंटरगंज।** हंटरगंज में भाजपाइयों ने भ्रष्टाचार के खिलाफ रविवार की शाम 6 बजे हंटरगंज में मशाल जुलूस निकाला. जुलूस हंटरगंज पानी टंकी से शुरू होकर बाजार होते हुवे ब्लॉक मोड़ पहुंचकर समापन हुआ. इसका नेतृत्व भाजपा मंडल प्रखण्ड के अध्यक्ष अरुण चौरसिया कर रहे थे. इस दौरान जिला प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई. इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अरुण चौरसिया ने कहा कि जिले में भ्रष्टाचार चरम पर है. पदाधिकारी बेलगाम है. बिना पैसा दिये कोई काम नहीं होता है, जिससे आम लोग परेशान है. पदाधिकारी दलगत भावना से प्रेरित होकर कार्य कर रहे है. पंचायत से लेकर जिला तक के पदाधिकारी भ्रष्टाचार में डूबे है. पदाधिकारी प्रोटोकॉल को ताक पर रख कर काम कर रहे हैं. जनता त्राहि - त्राहि मांग रही हैं वही आगे उन्होंने सीधे सत्ता पक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य के मुखिया के द्वारा खुद बयान दिया गया है बिना पैसा का प्रखण्ड में कोई कार्य नहीं हो रहा है ब्लॉक में बिचौलियों का ढेर है. राज्य के मुखिया का ऐसा बयान दुर्भाग्यपूर्ण है .चार मार्च को प्रखण्ड मुख्यालय के समक्ष काला बिला लगाकर धरना प्रदर्शन किया जायेगा. मौके पर मंडल अध्यक्ष अरुण चौरसिया, सुबल पांडे, जलेंद्र सिंह, नागेंद्र यादव, यदुनंदन प्रसाद यादव, रौनक सिंह, रौशन सिंह, रामरतन सिंह, परमानंद सरस, संजीव कुमार, देवकुमार पासवान आदि दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नगर पंचायत व नगर परिषद् में बेकार पड़े हैं कई मॉड्यूलर टॉयलेट

- प्रमुख चौक-चौराहा और बाजार में लोगों की सुविधा के लिए इसे बनाया गया था, मगर आज यह सिर्फ शोभा की वस्तु बन गया है

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** जिले के नगर पंचायत कोडरमा, डोमचांच, नगर परिषद् झुमरीतिलैया में स्वच्छ भारत अभियान के तहत मॉड्यूलर टॉयलेट का निर्माण कराया गया है। वहीं प्रमुख चौक चौराहा और बाजार में लोगों की सुविधा के लिए इसे बनाया गया था, मगर आज यह मॉड्यूलर टॉयलेट सिर्फ शोभा की वस्तु बन गयी है। मॉड्यूलर टॉयलेट के ऊपर बना प्लास्टिक का छोटा पानी टंकी जर्जर हो गया है, ऐसे में पानी की व्यवस्था नहीं है। वहीं स्थानीय लोगों की मानें तो इसके निर्माण में सिर्फ सरकारी पैसे का दुरुपयोग किया गया है। लोग बताते हैं कि इस मॉड्यूलर टॉयलेट के जरिए सिर्फ कमीशनखोरी की गयी है। आज तक एक भी शौचालय में पानी की व्यवस्था ही नहीं की गयी, जिस कारण सभी शौचालय बेकार पड़े हुए हैं। वहीं सीएम हाई स्कूल मैदान परिसर, डोमचांच थाना भवन के समीप, प्रखंड कार्यालय परिसर, बालिका उच्च विद्यालय के सामने सहित नगर क्षेत्र व नप में कई मॉड्यूलर टॉयलेट का निर्माण कराया गया है। इसका उद्देश्य राहगीरों और बेघरों को टॉयलेट की सुविधा उपलब्ध कराना था, मगर रख-रखाव और देख-रेख के अभाव में लोगों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है।

## टायर दुकान में लगी भीषण आग, लाखों का नुकसान

खबर मन्त्र संवाददाता



**टंडवा (चतरा)।** टंडवा के उड़सू मोड़ के पास स्थित गुड्डू टायर दुकान में रविवार दोपहर अचानक भीषण आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने पूरी दुकान को चपेट में ले लिया, जिससे सारा सामान जलकर राख हो गया। इस घटना में करीब 10 लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

दुकान के मालिक गुड्डू कुमार बिहार के रहने वाले हैं और उड़सू मोड़ पर बड़ी गाड़ियों के टायर रिपेयरिंग और रिसोलिंग का काम करते थे। दुकान के बाहर सैकड़ों पुराने टायर रखे हुए थे, जिनमें दोपहर करीब 12:30 बजे अचानक आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि दुकान में रखे गैस सिलेंडर और अन्य सामान भी जल गए। घटना की सूचना मिलते ही सांसद प्रतिनिधि सुनील कुमार चौरसिया की पहल पर दो दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। लेकिन आग इतनी तेज थी कि उसे बुझाने में काफी मुश्किल हुई। काफी मशक्कत के बाद दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक दुकान का सारा सामान जल चुका था। आग लगने के कारणों का अब तक पता नहीं चल पाया है। स्थानीय प्रशासन ने जांच शुरू कर दी है। इस घटना से आसपास के दुकानदारों में दहशत फैल गई, हालांकि कोई हताहत नहीं हुआ। दुकान मालिक गुड्डू कुमार सदमे में हैं, क्योंकि आग में उनकी पूरी कमाई स्वाहा हो गई।

## नवयुवक संघ तेलगांव ने 101 जोड़ों का कराया सामूहिक विवाह

- पूरे धार्मिक रीति रिवाज से विवाह हुआ संपन्न, हजारों लोग बने गवाह
- ढुकु परंपरा के तहत जीवन यापन कर रहे जोड़ों का हुआ विवाह



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** नव युवक संघ तेलगांव के द्वारा रविवार को सामुदायिक भवन परिसर में 101 जोड़ों का विवाह कराया गया। यह पांचवीं बार है जब नवयुवक संघ तेलगांव के द्वारा सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। गुमला आदिवासी बहुल व पिछड़ा जिला है। यहां गरीबी के कारण एक-दो नहीं नहीं, सैकड़ों लोग बिना किसी शादी विवाह के एक साथ रहते हैं। इस परंपरा को इस क्षेत्र के लोग ढुकू विवाह (लिव इन रिलेशनशीप) कहते हैं। ढुकु विवाह करने वाले दंपती को किसी तरह की सामाजिक मान्यता नहीं मिलती है। नवयुवक संघ तेलगांव के द्वारा ढुकू विवाह करने वाले ऐसे 101 जोड़े युवक-युवतियों को पूरे धार्मिक रीति रिवाज के साथ विवाह कराकर उन्हें सामाजिक मान्यता प्रदान की है। जिससे उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। यहां गोद में बच्चा साथ लेकर पहुंचे महिला-पुरुष किसी और की शादी समारोह में शामिल होने नहीं बल्कि खुद की शादी में भाग लेने आए थे। इस विवाह कार्यक्रम में जोड़ों की शादी सरना विधि से संपन्न कराई गई। ढोल-मांदर की थाप पर थिरकते युवक-युवतियों का समूह और विवाह के सहभागी बनने उमड़े जनसैलाब का हुजूम के बीच सामूहिक विवाह का यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसे सफल बनाने में मुख्य रूप से युवा संघ के संरक्षक जगरनाथ उरांव, राजकुमार साहू, फसिया पंचायत के मुखिया नरेश उरांव, अध्यक्ष कृष्णा उरांव, उपाध्यक्ष प्रदीप चौधरी, सचिव विनोद उरांव, रवि उरांव, प्रभात उरांव, अमित उरांव, आशीष उरांव, देवी राम उरांव आदि लोग थे।

### सदान के 25 व आदिवासी के 76 जोड़ों की हुई शादी

सामूहिक विवाह में कुल 101 जोड़ों की शादी संपन्न हुई। समारोह में सदान के 25 जोड़ों का विवाह आचार्य शेखर मिश्रा द्वारा पूरे विधि-विधान से संपन्न कराया गया। वही 76 जोड़ों का विवाह आदिवासी रीति-रिवाज से पहान अर्जुन मुंडा, बुधमनिया उरांव, बंसती उरांव, गंदूर बैगा, सुषमा उरांव द्वारा कराया गया। वहीं कन्यादान जगरनाथ उरांव व स्वाति उरांव ने किया।

### शादी को सामाजिक मान्यता दिलाने का किया जा रहा प्रयास : जगरनाथ

संघ के संरक्षक सह सेवानिवृत्त इंस्पेक्टर जगरनाथ उरांव ने कहा कि इस क्षेत्र में आपसी रजामंदी के बाद लड़की विवाह के बिना ही लड़के के घर में रहने लगती है। ऐसे जोड़ों को सूचीबद्ध कर दाम्पत्य सूत्र में बांधने और उनकी शादी को सामाजिक मान्यता दिलाने के लिए यह प्रयास पांच साल से कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि सेन्हा में जब वर्ष 2020 में थानेदार के रूप में कार्यरत था। वहां पर 67 जोड़ी सामूहिक विवाह हुआ था। जिसे देखकर वर्ष 2021 से तेलगांव में प्रारंभ किया गया। इस सामूहिक विवाह कार्यक्रम में कई लोगों का अहम योगदान रहता है। तब जाकर यह सामूहिक विवाह सफलता पूर्वक संपन्न होता है। शादी के उपरांत प्रीतिभोज भी होता है, उसे भी बरकरार रखकर प्रीतिभोज की व्यवस्था भी रहती है। जिसमें आदिवासी रीतिरिवाज से लोग पत्तल में भोजन ग्रहण करते हैं।

## स्पीड न्यूज

### उपायुक्त ने हरी झंडी दिखाकर वाटरशेड यात्रा का किया शुभारंभ



**गुमला।** परिसदन गुमला से वाटर शेड यात्रा का शुभारंभ उपायुक्त एवं उप विकास आयुक्त गुमला ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस यात्रा का आयोजन प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के द्वारा प्रखंड जारी एवं विशुनपुर के 25 गांवों में किया जा रहा है। जारी प्रखंड के सीसीकरम टोली एवं सिकरी पंचायत के 13 एवं विशुनपुर के तीन पंचयत विशुनपुर, सिकरी एवं बनारी के 14 गांवों में प्रचार गाड़ी के माध्यम से लोगों को जल की उपयोगिता एवं संरक्षण पर जागरूक किया जाएगा। अंतिम 4 मार्च को विशुनपुर के चिंगरी गाँव में आयोजित मुख्य आयोजन हेतु कृषि, मत्स्य, पशुपालन, हॉर्टिकल्चर एवं कृषि विज्ञान केंद्र सहित गैर सरकारी संगठन स्टाल लगाकर लोगों को सरकारी योजना की जानकारी प्रदान करेंगे। वाटर शेड यात्रा के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जारी एवं विशुनपुर के सभी पंचायत मुखिया को आमंत्रित किया गया है। इस अवसर पर भूमि संरक्षण पदाधिकारी श्री आशीष प्रताप, जलछ्जन के जिला तकनीक विशेषज्ञ जुनूल समद, कृषि विशेषज्ञ श्री अटल बिहारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### सुडी समाज का होली मिलन समारोह 12 मार्च को, सभी सदस्यों से भाग लेने की अपील



**गुमला।** सुडी समाज गुमला कार्यसमिति की बैठक रविवार को बस स्टैंड स्थित सुडी धर्मशाला में संपन्न हुई। बैठक में पिछले बैठकों की संपुष्टि और आगामी कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा हुई। जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 12 मार्च को सुडी समाज का होली मिलन समाज के धर्मशाला में मनाया जाएगा। जिला अध्यक्ष सूरज कुमार साहू ने समाज के सभी सदस्यों से होली मिलन समारोह में शामिल होने की अपील की। आगे उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह के आयोजन से समाज में एकजुटता आती है। समय-समय पर समाज को एक मंच पर अपनी एकता का परिचय जरूर देना चाहिए। कार्यक्रम में स्थानीय व्यंजनों, गीत संगीत और अबीर गुलाल का आनंद समाज के लोग लेंगे। साथ ही आगामी एक अप्रैल को सरहुल के पावन अवसर पर होटल विंदेश के समीप सुडी समाज पानी और शर्बत का स्टाल लगाकर जुलूस में शामिल लोगों का स्वागत और अभिनंदन करेगी। इसकी जानकारी जिला सचिव संदीप कुमार ने दिया। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व अध्यक्ष दिलीप नाथ साहू, रविंद्र नाथ साहू, महावीर साहू ,नंदकिशोर प्रसाद ,पंचू साहू, मिथिलेश प्रसाद, ऋतुराज गुलशन ,सुधीर कुमार ,वरुण कुमार, बसंत साहू ,नितेश कुमार किस्टो साहू उपस्थित थे।

### महिला दिवस 8 मार्च को गुमला में केंद्रीय महिला कन्वेंशन का होगा आयोजन

**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल की महिला मोर्चा महिला मंडल सहयोग संचालन समिति की केंद्रीय स्तर के चुनिंदे महिलाओं को लेकर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च को गुमला में महिला कन्वेंशन आयोजित की जाएगी ।कन्वेंशन में महिला उत्पीड़न, डायन बिसाही के आरोप में हिंसा, पलायन व मानव तस्करी के खिलाफ तथा नशाबंदी, रोजगार, महिला मंडल को दिया गया सभी तरह की लोन माफ करने, स्वरोजगार व व्यवसाय के लिए अनुदान व पूंजी देने जैसे ज्वलंत मुद्दों पर विचार विमर्श की जाएगी। वहीं महिलाओं की स्थिति में बदलाव के लिए बड़ी मुहिम चलाने पर चर्चा व निर्णय भी होगी। कन्वेंशन में भाग लेने के लिए राज्य के कुल केंद्रीय स्तर के 30 प्रतिनिधियों की सूची तैयार की गई है। यह जानकारी शंकर उरांव ने दी है।

### अहीर यादव उत्थान समिति की बैठक में 12 मार्च को होली मिलन समारोह का निर्णय



**गुमला।** गुमला जिला अहीर यादव उत्थान समिति की बैठक रविवार को कचहरी परिसर में जिलाध्यक्ष प्रो. भूषण महतो की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सदस्यों ने चर्चा करते हुए कहा कि वर्तमान कमिटी का कार्यकाल पूरा हो गया है। जिसे जल्द नया कमिटी का गठन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में आगामी 12 मार्च को गुमला के गिंडरा में समाज का होली मिलन समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। जिसको लेकर समाज के सभी प्रखंड अध्यक्षों को होली मिलन समारोह को सफल बनाने की जिम्मेवारी सौंपी गई। साथ ही अपने-अपने क्षेत्र से समाज के अधिक से अधिक लोगों को कार्यक्रम में लाने की अपील की गई। वहीं समाज के युवक-युवतियों से कार्यक्रम में शामिल होने का आह्वान कियार गया। बैठक में अशोक कुमार यादव, शिव दयाल गोप, आशीष गोप, बजरंग गोप, विनय यादव, संजय गोप, अमित गोप, संदीप गोप, अनिल गोप, विक्रम यादव सहित, रामू गोप, दिलमोहन यादव कई लोग उपस्थित थे।

### ग्रामीण योजनाओं का चयन कर स्वयं व गांव को करें लाभान्वित: हरेंद्र



**जारी।** जारी प्रखंड अंतर्गत सीसी करमटोली पंचायत के कोड़ी गांव में जलछाजन यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सिटीजन फाउंडेशन रांची के डायरेक्टर आरडी श्री श्यामल हरेंज ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि श्री श्यामल हरेंद्र ने संबोधित करते हुए कहा कि किसानों को सरकार की योजना में सहभागिता निभाते हुए अपने गांव घर में योजनाओं का चयन करें और अपने आप को लाभान्वित करें। साथ ही जल संचयन में विभाग की मदद करें। जलछाजन योजना के तहत मेड़बंदी, तालाब निर्माण, डोभा निर्माण, मेड़ पर वृक्षारोपण कर कृषि के नई तकनीकी अपना कर अपनी आजीविका और जीवन को आगे बढ़ायें। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मृदा एवं जल संरक्षण को बढ़ावा देना है। मौके पर सिटीजन फाउंडेशन के अभय कुमार, विनोद कुमार गोप, राहुल कुमार महतो, तुषार चंद्र, अक्षय कुमार सिंह तथा कृषि अस्थाई समिति के सचिव एवं अध्यक्ष तथा ग्रामीण उपस्थित थे।

## तेलंगाना टनल हादसे के बाद अपने घर लौटे डेढ़ दर्जन से अधिक मजदूर

- सुनाई आपबीती, कंपनी ने पैसा नहीं दिया तो घर से पैसा मंगाकर वापस लौटे
- टनल में फंसे अनुज का रेस्क्यू जारी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के खम्भिया कुंबाटोली गांव से तेलंगाना टनल प्रोजेक्ट में काम करने गए डेढ़ दर्जन से उपर मजदूर रविवार को अपने घर वापस लौट गए। तेलंगाना से लौटे कुंबाटोली और खम्भिया गांव के मजदूरों ने बताया कि विगत 22 फरवरी को दिन के 8:30 बजे टनल प्रोजेक्ट में हादसा हुआ। जिसमें गांव के अनुज साहू सहित अन्य आठ मजदूर उस टनल में फंसे हुए हैं। जिसका रेस्क्यू जारी है। इसके बाद हम सभी को संबंधित ठेकेदार द्वारा कहा गया कि आप सभी अन्य मजदूरों का टेंशन ना लें, काम करें। इसके बाद हादसे को देखने के बाद हम लोग काफी भयभीत हो गए और अपने परिजनों से मोबाइल में पैसा मंगाकर आज वापस अपने गांव लौट गए। अपने घर आने में एक-एक मजदूर का चार हजार रुपया खर्च हुआ। वहीं मजदूरों ने यह भी बताया कि किसी भी प्रकार का कोई भी सहयोग उक्त टनल प्रोजेक्ट में काम करने वाले कंपनी द्वारा नहीं किया गया। पैसे मांगे जाने पर पैसा नहीं दिया गया। भाड़ा की मांग की गई लेकिन भाड़ा भी नहीं दिया गया। इसके साथ ही तीन माह की मजदूरी भी नहीं दी गई। जिसके बाद सिर्फ हम लोगों को आश्वासन मिल रहा था कि आप लोगों को घर भेज दिया जाएगा। लेकिन घर भेजने की दिशा में कोई पहल नहीं की गई। जिसके बाद हम सभी लोगों ने अपने घरों से मोबाइल के माध्यम से पैसा मंगा कर वापस आने को मजबूर हुए और इसी क्रम में आज अपने गांव लौट गए। वहीं मजदूरों ने यह भी बताया कि उक्त प्रोजेक्ट में वे लोग रात के समय में काम कर रहे थे। जिसके बाद उनका शिफ्ट सुबह खत्म हुआ। इसके बाद अनुज के साथ अन्य आठ लोग अंदर टनल में काम करने गए। पानी का रिसाव उक्त टनल प्रोजेक्ट के काम में हो रहा था। हम लोग एक किलोमीटर दूर ही निकले थे। इसी क्रम में पता चला कि टनल का आगे का भाग धंस गया है और उसके अंदर गए लोग फंस गए हैं। वहीं लौटने वाले मजदूरों में सोनू साहू, इंद्रदेव साहू, गन्दूर साहू, सुदेश्वर उरांव, पेरू साहू, शंकर साहू, बासु साहू, सुदामा साहू, संदीप साहू, दिनेश साहू, कुंदन साहू, अरुण साहू, तुलसी साहू, जलसी साहू, उमेश साहू, कृष्णा साहू, रामचंद्र साहू, सीकेन साहू सहित कई के नाम शामिल हैं।

### अनुज की मां का रो रोकर बुरा हाल, बेटे का कर रही इंतजार

इधर अनुज की मां का रो रो कर बुरा हाल है। अन्य मजदूरों से उसकी मां अपने बेटे की सकुशल होने के बारे में पूछ रही है और यह कयास लगा रही है कि उसका बेटा जल्द ही सुरक्षित लौटेगा। साथ ही झारखंड सरकार और तेलंगाना सरकार से मांग की है कि जल्द से जल्द उसके बेटे को सकुशल वापसी कराया जाए।

## पत्नी की पिटाई से पति की मौत मामले का कोर्ट ने लिया संज्ञान

- पीएलवी सदस्य पहुंचे मृतक के घर
- घटना के बाद अनाथ हो गये तीनों बच्चों को स्पॉनशरशिप योजना से जोड़ा जाएगा



**गुमला।** चैनपुर थाना क्षेत्र के बेंदोरा पंचायत अंतर्गत ग्राम टीनटांगर बसाईर टोली में पत्नी के द्वारा पति की हत्या किये जाने के बाद उनके तीन बच्चे अनाथ हो गये थे। उक्त मामले में जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला श्री ध्रुव चंद्र मिश्र ने संज्ञान में लेते हुए सचिव डालसा को घटना की जानकारी कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जिस पर सचिव के निर्देश पर पीएलवी सदस्य आरिफ अंसारी, दीपक कुमार और विष्णु रौतिया ने घटनास्थल का दौरा किया और पीड़ित परिवार से मुलाकात की। मृतक अजित रौतिया के परिजनों से मिलकर उनके घर की स्थिति जाना। उन्होंने बताया कि मृतक अजीत रतिया खेती बारी कर अपना परिवार का भरण पोषण करता था। परिवार का राशन कार्ड बना हुआ है। जिसमें राशन मिलता है। मृतक के माता-पिता की मृत्यु हो चुकी है। पत्नी जेल में है तथा उनके तीन बच्चे एक नौवीं क्लास एवं दूसरी छठी क्लास में पढ़ता है तथा तीसरा दूसरी कक्षा में पढ़ाई करते हैं। सचिव ने बताया कि मृतक व्यक्ति के परिजनों को कानूनी सहायता के लिए अधिवक्ता उपलब्ध करा दिया जाएगा तथा मुआवजा के लिए भी कार्यवाही जल्द ही शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि बच्चों को जिला प्रशासन के सहयोग से स्पॉन्सरशिप योजना से जोड़ा जाएगा ताकि उनका पढ़ाई बाधित न हो तथा पीड़ित परिवार को सभी तरह की सरकारी सहायता भी जिला प्रशासन की ओर से दी जाएगी जिनके वे हकदार हैं।

## विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की नगर समिति का किया गया विस्तार

- मनोज साहू अध्यक्ष व किशोर प्रसाद बने मंत्री



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की नगर स्तरीय बैठक समिति गठन को लेकर शकुंतला कंपलेक्स पालकोट रोड गुमला में विहिप के जिला उपाध्यक्ष श्री शिवम जायसवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल गुमला नगर समिति का विस्तार किया गया। जिसमें मनोज साहू को नगर अध्यक्ष, कुलदीप राम ,रामदेव सिंह, कुणाल कुमार को उपाध्यक्ष, किशोरी प्रसाद को मंत्री, प्रकाश भगत, चंदन सिंह, सत्संग प्रमुख, अशोक साहू को सह मंत्री, ब्रज यादव को नगर संयोजक, रोहित राम, जयंत प्रसाद, पुष्पांग गोप को सह संयोजक, अशोक यादव, रोहित लायन, रोहित सिंह को सुरक्षा प्रमुख , अविनाश साहू, सोनू कुमार, विशाल बड़ाइक को अखाड़ा प्रमुख, राणा आदित्य सिंह, कुंदन कच्छप, अनुज गोप, शिवम महतो को विद्यार्थी प्रमुख, दीपक कुमार अभिषेक सिंह को मिलन प्रमुख, श्याम मंत्री, रोहित यादव, सन्नी राम, दीपू सिंह, शिवम कुमार, विकास सिंह व हरीश कुमार को गौ रक्षा प्रमुख बनाया गया। आगामी कार्यक्रम हिंदू नव वर्ष और रामनवमी को लेकर योजना बनाई जाएगी। जिससे समाज में जागरुकता आएगी। काफी समय से बजरंग दल नगर की समिति गठन नहीं हो पाई थी इसलिए जिला पदाधिकारी के निर्णय के साथ मजबूती से बजरंग दल गुमला नगर का गठन किया गया। काफी संख्या में युवाओं में उत्साह दिखा है। साथ ही जिला पदाधिकारी ने नगर समिति गठन पर सभी नवनिर्मित पदाधिकारी को बधाई और शुभकामनाएं भी दी।

इस अवसर पर विभाग मंत्री केशव चंद्र साय, जिला उपाध्यक्ष शिवम जायसवाल, विभाग संयोजक मुकेश सिंह, जिला संयोजक संतोष यादव, अखाड़ा प्रमुख रविन्द्र सिंह, सेवा प्रमुख अमन राणा, प्रचार प्रसार प्रमुख अमित कुमार, विद्यार्थी प्रमुख प्रदीप कुमार, मीडिया प्रभारी रोहित खंडेलवाल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।


### नशा की सामग्री बेचने वाला दुकानदार गिरफ्तार



**भंडरा।** भंडरा पुलिस के द्वारा नशा में प्रयोग किए जाने वाला 6 पीस कोरेक्स इरेजैक्स व्हाइटनर एक पान की दुकान से बरामद किया है. नशा में उपयोग किए जाने वाले सामग्री बेचने के आरोप में भोलू पान दुकानदार भोलू उर्फ कमल किशोर साहू पिता बसंत साहू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. इस मामले पर भंडरा थाना में कांड संख्या 12./2025 धारा 77 /78 जूविनाइल केयर एंड प्रोटक्शन ऑफ चिल्ड्रन के तहत कार्रवाई की गई है.इस संबंध में भंडरा थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि राजकीय मध्य विद्यालय भंडरा की प्रधानाध्यपीका मनोरमा अगस्टिन के द्वारा भंडरा थाना को सूचना दी गई थी कि विद्यालय के दो नाबालिक बच्चे कोरेक्स इरेजैक्स व्हाइटनर का इस्तेमाल कर नशा में मदहोश हो गए हैं. इसकी सूचना मिलते ही भंडरा थाना प्रभारी के द्वारा कार्रवाई करते हुए बच्चों से पूछताछ की गई. जिसमें नशा करने वाले बच्चों ने बताया कि उक्त नशा की सामग्री की खरीदारी भोलू पान दुकान से ?90 में किया था.इस जानकारी के आधार पर थाना प्रभारी के द्वारा पुलिस टीम के साथ भोलू पान दुकान में छापेमारी कर 6 पीस कोरेक्स इरेजीक्स व्हाइटनर बरामद की गई है.थाना प्रभारी ने बताया कि इस तरह का नशा में उपयोग करने वाले सामग्री बच्चों के बीच बेचना एक जघन्य अपराध है .इस तरह के कारोबार में संलिप्त लोगों की सूचना थाना में दिया जाए .जिससे कि नशा के कारोबारी में कार्रवाई की जा सके. इस करवाई में थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह, सअनि पवन कुमार, आरक्षी मनोहर साहू ,महिला आरक्षी जयंती मिंज ,आरक्षी कुंवर उरांव, आरक्षी मनोज खेस शामिल थे।

## मिट्टी स्नान से विभिन्न रोगों का शमन संभव : रामजीवन पाण्डेय

- पतंजलि ने योग साधकों व चिकित्सकों का कोराम्बे ग्राम में कोयल के तट पर मिट्टी स्नान का किया आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** पतंजलि योग समिति जिला लोहरदगा के तत्वावधान में आयोजित योगाभ्यास, प्राणायाम एवं मिट्टी स्नान का कार्यक्रम सेन्हा प्रखंड स्थित कोयल नदी के तट पर हुआ। जिसमें पतंजलि योग समिति के कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं योग प्रशिक्षकों सहित आर्यवीर दल के ब्रह्मचारी, को आचार्य शरतचंद्र आर्य, आचार्य गणेश शास्त्री एवं अनेक लोग शामिल हुए। सर्वप्रथम मिट्टी स्नान ,सूर्य नमस्कार, कपाल भांति, अनुलोम विलोम, सूक्ष्म व्यायाम, दंड बैठक का अभ्यास राज्य प्रभारी रामजीवन पाण्डेय ने कराया। इस अवसर पर मिट्टी स्नान की महत्ता बताते हुए जिला प्रभारी प्रवीण कुमार भारती ने कहा कि शरीर पंचतत्वों से बना है जिसमे क्षिति, जल पावक गगन समीरा के रूप में पांच तत्व हैं, इनमें क्षिति पृथ्वी अर्थात मिट्टी का धोतक है। मिट्टी का लेप शरीर में करने से त्वचा में निखार के साथ साथ चर्म रोगों से बचाव होता है, पेट पर मिट्टी का लेप करने से अम्ल, कब्ज, गैस जैसी समस्याओं का शमन होता है। ल्युकोडर्मा, सोरायसिस जैसे रोग दूर होते हैं। अतः हमें प्रकृति के करीब रहकर प्राकृतिक संसाधनों से प्राकृतिक चिकित्सा कर अपने शारीरिक समस्याओं का निराकरण करना चाहिए। मिट्टी स्नान के बाद कोराम्बे मंदिर में आचार्य शरतचंद्र आर्य ने यज्ञ हवन का अभ्यास कराया एवं यज्ञ हवन का महत्व बताया। उसके बाद फल एवं भोग प्रसाद का भोजन किया गया। मौके पर शिवशंकर सिंह, दिनेश प्रजापति, रघुनन्दन शर्मा, डॉ विजय, डॉ गोपाल, जितेंद्र कुमार, शिवराज विजय, संजय मधुर, रवि प्रजापति, वासुदेव, गौतम देवघरिया उपस्थित थे।

### डाक घर के कर्मचारियों ने निकाला साइकिल मार्च

**गुमला।** डाक अधीक्षक गुमला मंडल शांतनु आजाद और प्रधान डाकघर के डाकपाल रुपेश चंद्र की अगुवाई में प्रधान डाकघर की ओर से पोस्टमैन तथा कर्मचारियों द्वारा फिट इंडिया अभियान के तहत साइकिल मार्च निकाला गया। अभियान का शुभारंभ प्रधान डाकघर गुमला से शुरू होकर पटेल चौक, टावर चौक तथा थाना चौक से होते हुए प्रधान डाकघर आकर समाप्त हुआ। इस अभियान को सफल बनाने में गुमला मंडल के कर्मचारी अंकुर मिंज, राहुल मुंडा, शंभू कुमार, अभिषेक कुमार, सचिन कुमार सिंह का अहम योगदान रहा।

### पांच साल के हसमत रजा ने किया पहला रोजा मुकम्मल



**भंडरा।** प्रखंड के तेतरपोका निवासी आफताब आलम के बेटा पांच साल के उम्र में हसमत रजा ने पहला रोजा मुकम्मल किया। घरवालों के साथ-साथ पास पड़ोस के लोगों ने भी बच्चे का हौसला देखकर अचंभित रह गए। अंजुमन इस्लामिया प्रखंड कमेटी भंडरा के सदर आफताब आलम ने बताया कि सुबह शेहरी करने जब हम सभी परिवार के लोग उठे तो हसमत रजा भी उठ गया और जिद करने लगा कि हम भी रोजा रखेंगें फिर शेहरी करके सो गया सुबह उठकर ब्रश भी नहीं किया नाश्ता भी नहीं खाया जब दोपहर ढलने लगा तो घर वालों ने कहा कि छोटा बच्चा है कुछ खा लो लेकिन हसमत रजा ने जीद पकड़ ली कि हम कुछ नहीं खाएंगे जब पूछा गया कि कुछ क्यों नहीं खा रहे हो तो हसमत ने कहा कि रोजा रखने के बाद खाऊंगा तो गुनाह होगा ऐसे कम उम्र के बच्चे का हौसला देखकर यकीनन यह महसूस होता है कि अगर हौशला बुलंद हो तो कितनों बड़ा काम करना आसान हो जाता है। बहुत से लोग तंदुरुस्त होते हुए भी रोजा को छोड़ देते हैं उन लोगों से गुजारिश है कि ऐसे मुबारक माहे रमजान में रोजा जैसे बेहतरीन इबादत को किसी भी हाल में न छोड़ें।

## 5 मार्च को शिवप्रसाद साहू टी-20 टूर्नामेंट का शत्रुघ्न सिन्हा करेंगे उद्घाटन

- पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू ने किया स्टेडियम का निरीक्षण



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिले के बीएस कॉलेज क्रिकेट स्टेडियम में 5 से 8 मार्च 2025 तक आयोजित होने वाले शिवप्रसाद साहू मेमोरियल टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट की तैयारियों को लेकर रविवार को पूर्व राज्यसभा सांसद सह लोहरदगा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष धीरज प्रसाद साहू ने स्टेडियम का निरीक्षण किया। उन्होंने मैदान, पिच, खिलाड़ियों की सुविधाएं, दर्शकों के बैठने की व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध और अन्य तैयारियों का गहनता से जायजा लिया। उन्होंने आयोजन समिति को निर्देश दिए कि टूर्नामेंट को आईपीएल की तर्ज पर भव्य और पेशेवर तरीके से आयोजित किया जाए, ताकि खिलाड़ियों और दर्शकों को बेहतरीन अनुभव मिल सके। इस टूर्नामेंट का शुभारंभ 5 मार्च को बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता और सांसद शत्रुघ्न सिन्हा के हाथों होगा। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में देशभर की कुल आठ प्रमुख टीमें हिस्सा लेंगी, जिनमें मुंबई, कोलकाता, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, ओडिशा, कर्नाटक, झारखंड और मेजबान लोहरदगा क्रिकेट एसोसिएशन की टीम शामिल हैं। इन टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे, जिससे क्रिकेट प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। टूर्नामेंट के पहले दिन सुबह 8:30 बजे टॉस के साथ शुभारंभ होगा। पहला मैच सुबह 9 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक खेला जाएगा, जिसके बाद विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए जाएंगे। फिर दोपहर 1 बजे से 4:30 बजे तक दूसरा मैच खेला जाएगा और इसके बाद पुरस्कार वितरण होगा। शाम 6 बजे से स्टेडियम के निकट भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन होगा, जिसमें बॉलीवुड के प्रसिद्ध गायक अमित गुप्ता अपनी शानदार प्रस्तुति देंगे।

टूर्नामेंट के समापन समारोह को और खास बनाने के लिए 8 मार्च को भारतीय क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ी सुरेश रैना और हरभजन सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। इस दौरान दर्शकों के लिए एक घंटे का फैंसी मैच भी खेला जाएगा, जो क्रिकेट प्रेमियों के लिए बेहद रोमांचक अनुभव होगा। इस टूर्नामेंट का मुख्य उद्देश्य स्थानीय खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर का मंच प्रदान करना है, जिससे वे अपनी प्रतिभा निखार सकें और बड़े अवसर प्राप्त कर सकें। धीरज प्रसाद साहू ने अधिकारियों और आयोजन समिति के सदस्यों से कहा कि टूर्नामेंट की तैयारियों को उच्चतम स्तर पर सुनिश्चित किया जाए, ताकि यह आयोजन न केवल लोहरदगा बल्कि पूरे झारखंड के खेल इतिहास में एक नई ऊंचाई स्थापित कर सके। इस भव्य आयोजन को लेकर लोहरदगा जिले के क्रिकेट प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। यह टूर्नामेंट न केवल युवा क्रिकेटरों को आगे बढ़ने का शानदार अवसर देगा, बल्कि जिले को राष्ट्रीय स्तर पर खेल जगत में नई पहचान दिलाने में भी मददगार साबित होगा। बॉलीवुड सितारों और क्रिकेट दिग्गजों की मौजूदगी इसे और खास बनाएगी, जिससे दर्शकों को एक यादगार अनुभव प्राप्त होगा।

### रमजान सिर्फ उपवास का नहीं अल्लाह की इबादत का खास महीना: सुल्तान अंसारी



गुमला। रमजान का पवित्र महीना आज से शुरू हो गया है। इस दौरान मुस्लिम समुदाय के लोग पहले रोजा रखें और विशेष इबादत मस्जिदों में करें और महिलाएं घरों पर रमजान की शुरूआत करें। चांद दिखने के बाद रमजान माह शुरू हुआ। अंजुमन इस्लामिया गुमला के नायब सदर हाजी सुल्तान अंसारी ने कहा कि इस साल रमजान 2 मार्च यानी आज से शुरू है। यह इस्लामी कैलेंडर का सबसे पवित्र महीना माना जाता है। इस दौरान रोजेदार सूर्योदय से पहले सेहरी करते हैं और सूर्यास्त के बाद इफ्तार करते हैं। उन्होंने बताया कि रमजान सिर्फ उपवास का महीना नहीं है यह अल्लाह की इबादत का खास महीना है। इस महीने में मुसलमान पांच वक्त की नमाज के अलावा तरावीह और तहज्जुद की नमाज भी अदा करते हैं। रमजान में नेक कामों का महत्व बढ़ जाता है जैसे सदका, खैरात, जकात निकाल कर लोग गरीबों की मदद करते हैं और कुरआन की तिलावत, सदका और खैरात के जरिए अल्लाह की रहमत हासिल करने की कोशिश करते हैं। लोगों को चाहिए कि इस महीने में बुरी आदतों से दूर रहकर नेक कामों पर ध्यान देना दें। रमजान में एक खूबसूरत संदेश दूसरों की मदद करने का भी है। जकात और सदके की हिदायत उन लोगों की मदद का जरिया है जो आर्थिक तंगी से खस्ताहाल जीवन गुजार रहे हैं। उन यतीमों के कांधे का मजबूत सहारा है। जिनके सिर से मां बाप की नेमत को हटा लिया गया हो जिस तरह हर मुसलमान के लिए रोजों को फर्ज किया गया है उसी तरह हर सम्पन्न मुस्लिम पर सदका और जकात लाजिमी है। ताकि रमजान की रौनक से गरीबों की मदद हो सके। रमजान की बरकत है कि ईद आने पर मुरझाए हुए चेहरों पर खुशियों की रौनक फैल जाती है। पड़ोसियों, रिश्तेदारों और समाज के जरूरतमंद लोगों की मदद करना इस महीने में उन तमाम लोगों पर फर्ज है जो संपन्न हैं और दूसरों की मदद करने में सक्षम हैं। पहली रमजान से ही बाजारों में बढ़ती रंगत इस बात की तस्दीक करती है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए

मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*

फोन : 95708-48433
पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

### बेतहासा उजाड़े जा रहे जंगल को बचाने के लिए ग्रामीणों ने की बैठक

# विगत कई वर्षों से अलौदिया, जरमा व सरलाही के ग्रामीण उठा रहे हैं आवाज

**खबर मन्त्र संवाददाता**


बैठक करते ग्रामीण।

**चंदवा।** बेतहासा जंगल उजाड़े जाने की समस्या को लेकर रविवार को प्रखंड के अलौदिया पंचायत अंतर्गत अलौदिया, जरमा व सरलाही गांव के ग्रामीणों ने बैठक की। जिसकी अध्यक्षता ग्राम प्रधान प्रभु तुरी व संचालन मुखिया प्रतिनिधि सह 20 सूत्री सदस्य संदीप टोप्पो ने की। बैठक में उजाड़े जा रहे वन को बचाने को लेकर गम्भीरता से चर्चा हुए किया गया। ग्राम प्रधान प्रभु तुरी ने कहा कि एक समय था जब अलौदिया, जरमा व सरलाही का इलाका घने जंगलों से घिरा हुआ था, लेकिन आज स्थिति बिल्कुल बदल गयी है, क्षेत्र में जंगल नाम मात्र के हीं बचा है। लकड़ी तस्कर व कुछ असामाजिक तत्व के लोग जंगलों को उजाड़ कर कब्जा कर रहे हैं, इसके खिलाफ वन रक्षा समिति ने पूर्व में आवेदन दिया था, जिसके बाद विभाग की ओर से चार लोगों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए मामला भी दर्ज किया गया था। बैठक में वन रक्षा समिति व ग्रामीणों ने जंगल बचाने को लेकर लड़ाई लड़ने का भी संकल्प लिया। बैठक में मौजूद वन रक्षी सुनील कच्छप ने कहा कि वन को बचाने में विभाग के साथ ग्रामीणों एवं वन रक्षा समिति की भूमिका अहम है। अगर कोई व्यक्ति अवैध तरीके से जंगल को उजाड़ने की कोशिश करे तो उसके विरुद्ध शिकायत कीजिये, जांच कर कार्रवाई की जायेगी। बैठक में राजेंद्र ठाकुर, लट्टू गंझू, पेनका गंझू, बैजनाथ सिंह, जीवन टोपनो, दाऊद होरो, राजेश गंझू, रमेश सिंह, जगेश्वर गंझू, राजेन्द्र पंडित, सुरेंद्र सिंह, विजय मुचु, मनोज गंझू, सुनीता देवी, सविता देवी समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## चंदवा: आरओबी निर्माण शुरू करने की मांग को लेकर 09 से कामता के ग्रामीण करेंगे जमीन समाधि सत्याग्रह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

▶▶ विधानसभा बजट सत्र, मुख्यमंत्री और केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री एवं विधायक सांसद का ध्यान आरओबी की ओर करेंगे आकर्षित



**चंदवा।** शिलान्यास के लगभग 4 वर्ष पूर्ण होने के बाद भी टोरी रेलवे फाटक पर आरओबी निर्माण कार्य शुरू नही हो पाने के विरोध में कामता पंसस की अगुवाई में ग्रामीण आगामी 9 मार्च से अनिश्चित कालीन जमीन समाधि सत्याग्रह करेंगे। आंदोलन के जरिये एनएच-99 न्यु 22 पर फ्लाई ओवरब्रिज की शिलान्यास कर छोड़ देने की ओर मुख्यमंत्री और केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री, झारखंड विधानसभा बजट सत्र का एवं स्थानीय विधायक व सांसद का ध्यान आकृष्ट की कोशिश। करेंगे। अयूब खान ने बताया कि आगामी 09 मार्च रविवार से कामता पंचायत सचिवालय के समीप अनिश्चितकालीन जमीन समाधि सत्याग्रह शुरू की जाएगी। जमीन समाधि सत्याग्रह प्रत्येक दिन समय पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 03 बजे तक चलेगा, इसके बाद पुनः दुसरे दिन इसी के अनुसार क्रमिक आंदोलन चलता रहेगा। आंदोलन में टोरी जंक्शन के पश्चिम में बंद पड़े फुट ब्रिज का काम चालू करने समेत कई मांगों की ओर झारखंड में चल रहे झारखंड विधानसभा बजट सत्र का व केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नीतिन गडकरी, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं विधायक सांसद का ध्यान खींचा जाएगा। विदित हो कि केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री और मुख्यमंत्री ने टोरी का फ्लाई ओवर ब्रिज का ऑनलाइन शिलान्यास गत 03 अप्रैल 2021 को किया था, लेकिन शिलान्यास के बाद इस ओर ध्यान ही नहीं दिया। शिलान्यास हुए 03 वर्ष ग्यारह महीने हो गए लेकिन आज तक कार्य शुरू नहीं हुआ। इसके निर्माण नहीं होने से टोरी रेलवे क्रॉसिंग की जाम से लाखों ग्रामीण प्रत्येक दिन बुरी तरह त्रस्त हैं, साथ ही स्टेशन के पश्चिम में फुट ब्रिज का कार्य करीब चार महीने होने के बाद बंद कर दिया गया है, रेलवे विभाग की घोर अंदेखी के कारण इसका निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पा रहा है कार्य बंद होने से रेलवे विभाग के प्रति किसानों और ग्रामीणों में रोष बढता जा रहा है वहीं फुट ब्रिज नहीं रहने से स्कूल कॉलेज जाने आने के लिए छात्रों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

## पुर्व मंत्री बैद्यनाथ राम ने दीप प्रज्जवलित कर भंडारे का किया आयोजन


पुर्व मंत्री बैद्यनाथ राम ने दीप प्रज्जवलित कर भंडारे का किया आयोजन।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** शहर के मेन रोड स्थित प्राचीन काली मंदिर सह देवी मंडप में रविवार को पूर्व शिक्षा मंत्री वैद्यनाथ राम द्वारा दीप प्रज्वलित कर भव्य भंडारा का शुभारंभ किया गया। इस दौरान पूर्व शिक्षा मंत्री ने कहा कि सभी के सहयोग से प्राचीन काली मंदिर सह देवी मंडप का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम पिछले 13 वर्षों से होते आ रहा है। और भंडारा मे हजारों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करते है। वहीं मंदिर समिति के अध्यक्ष निर्मल महालका ने बताया कि हवन पूणार्हुति के बाद कन्या पूजन की गई और भंडारा प्रारंभ किया गया। माता के प्रसाद के लिए श्रद्धालुओं की भींड उमड़ रही है। बता दें कि 13 वां वार्षिकोत्सव के दो दिवसीय कार्यक्रम के दुसरे दिन रविवार की दोपहर पंडित अनिल मिश्रा के सानिध्य मे मुख्य यजमान सागर कुमार सपत्नीक हवन पूणार्हुति की गई। मौके पर सुशील कुमार अग्रवाल, विनोद महालका, प्रमोद प्रसाद सिंह, दीपक अग्रवाल, अनूप महलका, राजू प्रसाद, राजधानी यादव, गोपाल प्रसाद, दिनेश महालका, सुनील शौण्डिक समेत कई लोग उपस्थित रहे।

## जमीरा पंचायत में हो रही चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाये पुलिस: प्रतुल शाहदेव

■ भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता पहुंचे अपने पैतृक गांव, सुनी लोगो की समस्या


मुआयना करते प्रतुल शाहदेव।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव रविवार को अपने पैतृक गांव रोल पहुंचे, वहां उन्होंने शुक्रवार की रात्रि राहुल शाहदेव और रोहित शाहदेव और मुकेश प्रजापति के घरों में हुई चोरी मामले में मुआयना किया। ज्ञातव्य हो कि शुक्रवार की मध्य रात्रि को असामाजिक तत्वों के द्वारा जमीरा पंचायत अंतर्गत रोल गांव के तीन घरों को निशाना बनाने की कोशिश की थी। प्रतुल ने घटनास्थल जाकर पूरी घटना की जानकारी ली।उन्होंने इस बात पर गहरी चिंता व्यक्त की कि चोरों को पूरे घर का नक्शा पता था। तभी उन्होंने दो दरवाजा को तोड़कर घर के अंदर घुसने का प्रयास किया।

परिजनों के उठ जाने के कारण और हो हल्ला करने के कारण वह भाग खड़े हुए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण जुटे और उन्होंने कहा कि चोरी की घटनाएं जमीरा पंचायत में पिछले कुछ महीनो से हो रही है। पूरे इलाके में लोग खुद रात में पहरा कर रहे हैं। प्रतुल ने चंदवा के थाना प्रभारी रणधीर कुमार से भी फोन पर बातचीत की। थानेदार ने आश्वस्त किया कि पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहले भी जा चुकी है। उन्होंने बताया कि इस कांड का शीघ्र उद्भेदन करने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। मौके पर अजीत शाहदेव, आशीष कुमार सिंह, डब्लू प्रजापति, हरिवंश प्रजापति, लालेश्वर मुंडा, विकास घटवार समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

## 24 सूत्री मांग को लेकर तेतरियाखाड़ कोलियरी के ट्रक ऑनर का अनिश्चितकालीन धरना प्रारंभ


धरना पर बैठे लोग।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत तेतरियाखाड़ कोलियरी के ट्रक ऑनरो ने 24 सूत्री मांग को लेकर रविवार से अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। मौके पर तेतरियाखांड ट्रक ऑनर एशोसिएशन अध्यक्ष कृष्णा साव, राजेश राम, सुरेश यादव, मंटू साव, गिरधारी यादव समेत कई लोगो ने बताया कि बीते 22 जनवरी को सीसीएल कार्यालय बालूमाथ के सामने कई ट्रक मालिको ने एकदिवसीय धरना दिया था। जिसमें 24 सूत्री मांग का ज्ञापन परियोजना पदाधिकारी जयप्रकाश रावत को दिया गया था। जिसमें कोयले में गुणवत्ता सुधार करने, कोयले को स्टॉक के आधार पर ग्रेडिंग करने, पावर के कोयला का वैलिडिटी एक साल से कम करके 45 दिन करने, निरंतर बालूमाथ से पिंडारकोम तक एवं बालूमाथ से नगड़ा होते हुए बेलवाडीह मंदिर तक पानी छिड़काव करने, पिंडारकोम कोल ब्लॉक को सीसीएल के द्वारा ही संचालित करने, विस्थापितों को विद्यालय अस्पताल,बिजली,पानी एवं अन्य मांग शामिल थी। जिसे सीसीएल ने पूरा नही किया ।वही आयोजित धरना कार्यक्रम को बालूमाथ के ट्रक मालिक ने सहयोग करने की बात कही लेकिन कहा कि पहले बालूमाथ के ट्रक मालिको के साथ तेतरियाखांड के ट्रक मालिक भेदभाव करना बंद करें। मौके पर रोशन यादव, अयूब आलम, राजेंद्र यादव, काली यादव, राजेश राम, मंटू साव, कृष्णा यादव, जगन्नाथ यादव, बसंत कुमार साहू, रवि यादव रविंद्र यादव दिलीप यादव एवं कई ट्रक मालिक उपस्थित रहे।

## संयम और सब्र सिखाता है रमजान का पहला रोजा : अफजल अंसारी


रामचंद्र सिंह विधायक।


अफजल अंसारी।

■ विधायक रामचंद्र सिंह और जेएमएम नेता ने क्षेत्रवासियों को दी रमजान की बधाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** इस्लाम का सबसे मुबारक पवित्र माहे रमजान का आगाज चांद के दीदार के साथ हो गया है। बड़ी बरकतों वाला महीना रमजान शनिवार की शाम सूरज ढलते ही शुरू हो गया है। चांद दिखते ही मुस्लिम समाज के बड़े बुजुर्ग महिलाएं और बच्चों के चेहरों पर खुशी और रौनक नजर आ रही है। मुस्लिम भाइयो ने मगरिब की नमाज के बाद एक दूसरे को गले लगाकर माहे रमजान के आमद की मुबारकबाद दी। इधर विधायक रामचंद्र सिंह तथा जेएमएम के वरिष्ठ नेता अफजल अंसारी ने सभी प्रखण्डवासियों और मुस्लिम धर्मावलंबियों को माहे रमजान की बधाई दी। विधायक ने कहा कि आपसी एकता और भाईचारे के प्रतीक रमजान का यह पवित्र महीना सभी के जीवन में ढेर सारी खुशियां सुख समृद्धि और तरक्की लेकर आए। वहीं जेएमएम नेता अफजल अंसारी ने कहा कि मस्जिदों में रमजान की विशेष नमाज तरावीह पढ़ने की शुरूआत हो गई है। हर मस्जिद में इंशा की नमाज के बाद तरावीह की नमाज अदा की जाएगी। इसके लिए मस्जिदो मे पहले से ही इमाम का इंतिखाब करके तमाम जरूरतो का इंतजाम कर लिया हैं। उन्होंने कहा कि अल्लाह के नबी का इर्शाद हैं। रमजान का महीना सब्र का हैं और सब्र का बदला जन्नत हैं। इस महीने में कुरआन नाजिल हुआ था। ये महीना लोगो के साथ गमख्वारी करने का हैं। इस महीने नेकियों का भाव बड़ा दिया जाता हैं एक फर्ज 70 फर्जो के बराबर हो जाता हैं। नफिल नमाज एक फर्ज के बराबर हो जाती हैं। हर अमल का बदला अल्लाह 70 गुना बड़ा के देते हैं। फिर अल्लाह इर्शाद फरमाते हैं की रोजा मेरे लिए हैं और इसका सवाब में खुद दूंगा।

## धर्म कुड़िया का विधिवत किया गया उद्घाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**


उद्घाटन के मौके पर उपस्थित लोग।

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र के टोंटी पंचायत के इटके चरकी टोगरी मे राजी पाडहा सरना प्रार्थना सभा के पुजन स्थल धर्म कुड़िया का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मोहन उरांव ने की। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि धर्म गुरु सह राष्ट्रीय अध्यक्ष बंधन तिग्गा विशिष्ट अतिथि राष्ट्रिय प्रचारिका कमले उरांव व लातेहार जिला अध्यक्ष अशोक उरांव द्वारा फिता काटकर उदघाटन किया । इसके पश्चात पाहन पुजारी मोहन उरांव द्वारा विधिवत परम्परिक ढंग से पूजा किया गया। कार्यक्रम मे उपस्थित कई अतिथियों को माला पहनाकर व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मंच संचालन जिला अध्यक्ष अशोक उरांव व जयपाल उरांव ने किया। धार्मिक सभा को धर्म गुरु बंधन तिग्गा, कमले उरांव सहित कई अतिथियों ने भी सभा को संबोधित किया। उन्होने सरना धर्म के बारे मे बारिकी ढंग से बताया एवं हर परिस्थितियों मे अपना धर्म, संस्कार, संस्कृति को अक्षुण्ण वनाए रखने, व अपने आदिवासी समाज समुदाय में एकता भाईचारा को बरकरार बनाए रखने तथा समाज मे व्याप्त कुरितियां को दुर करके एक शिक्षित सभ्य समाज बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम को सफल आयोजन मे जागे उरांव, मंगरा उरांव, रामसहाय उरांव, रामना उरांव, कैली उरांव, शुगवा उरांव सहित समिति के अन्य कई लोगों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम प्रार्थना सभा बारियातु के पदाधिकारी सहित लातेहार जिले के विभिन्न क्षेत्रों के प्रार्थना सभा के पदाधिकारी व सरना धर्मावलंबी महिला पुरुष युवक युवती व बच्चे पारंपरिक वेशभूषा मे सम्मिलीत हुए।


बैठक में उपस्थित समिति के लोग।

### सरहुल पर्व मनाने को लेकर सरना समिति ने की बैठक, बनाई गई रणनीति

**लातेहार।** सरना समिति की बैनर तले रविवार को वासावोड़ा में आगामी एक अप्रैल को धुम-धाम के साथ सरहुल पर्व मनाने को लेकर बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता समिति के सचिव बिरसा मुण्डा ने की। बैठक में समिति के सदस्यों को अपने-अपने कार्यो का ईमानदारी पुर्वक निर्वहन करने की बात कही गई समेत विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। जिससे और बेहतर तरीके से सरहुल का पर्व मनाया जा सके। बैठक में विनोद उरांव, तुलेश्वर उरांव, मोती उरांव, सुदेश्वर उरांव, प्रवेश उरांव, चुरामन उरांव, रमेश उरांव, सर्वजीत उरांव, तेतर उरांव, मनोज भुईंया, रामचरण उरांव समेत कई लोग उपस्थित थे।

### धूमधाम से डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाने को लेकर बैठक आयोजित



**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित अम्बेडकर नगर में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाने के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित रखी गई। इस बैठक की अध्यक्षता अम्बेडकर चेतना मंच के अध्यक्ष मनोज कुमार यादव ने किया। मौके पर जानकारी देते हुए मनोज कुमार यादव ने बताया कि आगामी 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती को बालूमाथ प्रखंड में बड़े धूमधाम से मनाने की योजना है। इसके लिए एक और बैठक अगले रविवार को सुबह 10 बजे आयोजित की जाएगी, जिसमें अधिक से अधिक लोगों को जयंती समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस बैठक में कमेटी का विस्तार और सदस्य चयन भी किया जाएगा ।बैठक में मंच के उपाध्यक्ष धर्मजीत भुइयां, दिलीप रजक, गोपाल राम, संजय कुमार रवि, ब्रह्मदेव राम, बल्केश्वर राम, राजेश कुमार सहित कई अन्य प्रमुख लोग उपस्थित थे।

### झामुमो कार्यकर्ताओं ने पंचायत कमिटी का किया गठन: विनय उरांव बने अध्यक्ष



**बारियातू।** प्रखण्ड मे झामुमो के कार्यकर्ताओं ने बिनय उरांव के अध्यक्षता मे बैठक आयोजित कर पंचायत कमेटी का गठन किया। इस बैठक मे उपस्थित कार्यकर्ताओं को झारखंड सरकार के द्वारा चलाई जा रही कई कल्याणकारी योजनाओं के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। वहीं पार्टी के नीति सिद्धांत के बारे मे भी चर्चा किया गया। साथ ही कार्यकर्त्ताओ ने गांव टोले मुहल्ले मे पार्टी संगठन को मजबूत करने का निर्णय लिया। सर्वसमिति से अध्यक्ष विनय उरांव, सचिव प्रयाग गंझु, कोषाध्यक्ष दिलीप गंझू, उपाध्यक्ष दिनेश उरांव व पवन गंझु को चयनित किया गया। जबकि रामकिशन उरांव, मनोज गंझु, प्रहलाद उरांव, देवलाल उरांव, महेन्द्र उरांव सदस्य बनाए गए।

### विधायक प्रकाश राम ने भुसूर में हॉकी स्टेडियम निर्माण का किया शिलान्यास


उद्घाटन के दौरान मौजूद विधायक।

**लातेहार।** प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना के तहत जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट लातेहार द्वारा प्रखंड लातेहार के पंचायत भुसूर, ग्राम भुसूर (सिकनी) में हॉकी स्टेडियम के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। इस परियोजना का शिलान्यास समारोह में लातेहार विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रकाश राम की गरिमामयी उपस्थिति रही। विधायक प्रकाश राम ने अपने कर कमलों से शिलान्यास किया। इस अवसर पर लातेहार भवन प्रमंडल के निरजन कुमार कनिय अभियंता, पवन कुमार, सुशील यादव, राजदेव प्रसाद, अनिल सिंह, मीकू साहू, विशाल कुमार सौकडो लोग उपस्थित थे। लातेहार जिले में खेल एवं युवा विकास को बढ़ावा मिलेगा। स्थानीय युवाओं को बेहतर खेल सुविधाएं मिलेंगी और राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए एक सशक्त मंच उपलब्ध होगा। विधायक ने कहा कि यह परियोजना क्षेत्र के खिलाड़ियों के लिए मील का पत्थर साबित होगी। कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और खेल प्रेमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिला प्रशासन ने आश्वस्त किया कि निर्माण कार्य को तय समय सीमा में पूर्ण किया जाएगा, जिससे खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिल सके।

# रा. अनुसूचित जन जाति आवासीय उच्च विद्यालय महुआडांड के सेवा निवृत्त प्राचार्य गिरजा राम को दी गई भावभीनी विदाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**



विदाई समारोह में उपस्थित लोग।

**महुआडांड़।** रा. अनुसूचित जन जाति आवासीय उच्च विद्यालय महुआडांड के प्रांगण में प्राचार्य श्री गिरजा राम के सेवानिवृत्ति पर विद्यालय परिवार के द्वारा सम्मान सह विदाई समारोह आयोजित कर अश्रुपूर्ण नेत्रों से भाव -भीनी विदाई दी गई। विदाई सह सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि परियोजना निदेशक आईटीडीए लातेहार प्रवीण कुमार गोगराई, विशिष्ठ अतिथि के रूप मे सेवानिवृत्त प्राचार्य दिनेश राम, साधु सिंह, सुकन सिंह, प्यारी खलखो, गुप्तेश्वर पासवान, जुगेश्वर राम, कमलेश उरांव, मनमोहन मांझी, लुकस लकड़ा, पुष्पा यादव, अनिता बेंग, सुरेन्द्र प्रसाद, राकेश ठाकुर आदि समेत काफी संख्या में पूर्ववर्ती छात्र, शिक्षक व गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। इस अवसर पर सेवानिवृत हुए प्राचार्य गिरजा राम को माला पहनाकर व बुके भेंटकर उपस्थित अधिकारी, कर्मी व शिक्षकों ने सम्मानित किया। उन्हें अंगवस्त्र और उपहार भेंट कर विदाई दी गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि प्राचार्य के रुप में गिरजा राम का कार्यकाल काफी सराहनीय रहा। उन्होंने शिक्षक व कर्मियों के साथ समन्वय स्थापित कर कुशलता के साथ कार्य किया। उनके कार्य कुशलता व नम्र व्यवहार से सभी प्रभावित रहे। एक अधिकारी के रूप में हर कार्य में वे सहयोग व सुझाव देते रहे। बेहतर करने को लेकर प्रेरित करते रहे।

उनके कार्यकाल को भुलाया नहीं जा सकेगा। मुख्य अतिथि परियोजना निदेशक आईटीडीए लातेहार प्रवीण कुमार गोगराई ने भी उनके कार्य की सरहाना करते हुए कहा आज एक अच्छे अधिकारी विभाग की सेवा से मुक्त हो गए। जिन्होंने अपने सेवा काल में कार्य क्षमता का बेहतर परिचय दिया। वहीं सेवानिवृत प्राचार्य गिरजा राम ने कहा की उनकी सेवा समाप्त हो गई सेवाकाल का यह अंतिम दिन सदा स्मरण में रहेगा। उन्होंने कार्य में सहयोग के लिए सभी अधिकारी, कर्मी व शिक्षकों को धन्यवाद कहा।

# बीएसएल के एसएमएस टू एंड सीसीएस विभाग में मासिक उत्पादन का नया रिकॉर्ड

- **बोकारो स्टील प्लांट के एसएमएस-2 एवं सीसीएस विभाग ने फरवरी 2025 में 300460 टन क्रूड स्टील का किया उत्पादन**



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के एसएमएस-2 एवं सीसीएस विभाग ने फरवरी 2025 में 300460 टन क्रूड स्टील का उत्पादन किया। यह फरवरी महीने में सेल में किसी भी एसएमएस द्वारा अब तक का सबसे अधिक क्रूड स्टील का उत्पादन है। उल्लेखनीय है कि बोकारो स्टील प्लांट का एसएमएस-2 एवं सीसीएस विभाग अपने प्रदर्शन के स्तर में लगातार बेहतरी लाते हुए नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। इस कड़ी में विभाग ने 16 फरवरी को एक दिन में 47 हीट के साथ 13281 टन क्रूड स्टील का उत्पादन कर दैनिक उत्पादन का नया रिकॉर्ड बनाया था।

इस विभाग ने जनवरी 2025 में भी 337500 टन क्रूड स्टील का उत्पादन कर पूरे सेल में क्रूड स्टील के मासिक उत्पादन का नया रिकॉर्ड बनाया था।

निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी के साथ बोकारो स्टील के शीर्ष प्रबंधन ने विभाग के सीजीएम अरविन्द कुमार एवं उनकी समस्त टीम तथा सभी सहयोगी विभागों व संविदा कर्मियों को इस उपलब्धि पर बधाई दी है।

## स्पीड न्यूज

### प्रशासन ने जायका हैपनिंग रेस्टोरेंट को दी चेतावनी

**बोकारो।** बोकारो जिला प्रशासन ने समाहरणालय परिसर से सटे पर्यटन विभाग द्वारा आवंटित भवन में चल रहे जायजा हैपनिंग रेस्टोरेंट से निकलने वाले कूड़े पानी रैपर्स फल-फूल आदि अपशिष्ट पदार्थों को आस-पास फेंके जाने या जलाने तथा बाहर रखे हुए कूड़ेदान में फेंके गये अपशिष्ट पदार्थों को खाने के लिए गाय-भैंस इत्यादि जानवर के भटकने से दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। प्रशासन ने रेस्टोरेंट प्रबंधन को 24 घंटे के भीतर आसपास में फैलाए गए अपशिष्ट पदार्थों की सफाई करने का आदेश दिया है और ऐसा नहीं करने पर पांच हजार रुपए का जुमार्ना तथा अन्य दंडात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी है।

### नाबालिग के साथ दुष्कर्म, जांच में जुटी पुलिस

**कोडरमा।** जिले में मानवता को शर्मसार करने का एक मामला प्रकाश में आया है। जहां एक व्यक्ति की हैवानियत ने सारी हदें पार करते हुए एक सात वर्षीय नाबालिक के साथ दुष्कर्म जैसे जघन्य अपराध को अंजाम दिया है। मामला कोडरमा के तिलैया थाना क्षेत्र का है। मामले को लेकर पीड़िता की बहन ने बताया कि शनिवार की रात वो अपने पति और बहन के साथ झुमरीतिलैया के कोडरमा स्टेशन के रेलवे लाइन से सटे ओवरब्रिज के नीचे खाना खाने के बाद सोई हुई थी। इसी बीच रात के करीब 1 बजे अचानक उसकी नींद खुली तो उसने देखा कि उसकी बहन वहां से गायब थी। उसने अपने पति को जगाते हुए उसकी खोजबीन शुरू की। थोड़ी देर बाद उसने देखा कि उसकी बहन झाड़ियों के पीछे से रोती बिलखती आ रही थी। उससे पूछताछ करने पर बताया कि एक व्यक्ति बाइक से आया और उसे झाड़ियों के पीछे ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। रात्रि होने के कारण वे लोग इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को नहीं दे पाए। सुबह होने पर इसकी सूचना जीआरपी प्रभारी उपेंद्र पासवान को दी गई। जिसके पश्चात वे मौके पर पहुंचे और पीड़िता व उसके बहन बहनोई को जीआरपी थाने ले गए। जहां पूछताछ में उन्होंने पाया कि ये मामला तिलैया थाना के क्षेत्राधिकार में आता है। जिसके पश्चात उन्होंने जीरो एफआईआर करते हुए मामला तिलैया पुलिस को सौंप दिया। इधर तिलैया थाना प्रभारी विनय कुमार ने बताया कि पीड़िता की मेडिकल जांच हेतु उसे भेज दिया गया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

### छापामारी अभियान में मिली अवैध खनन की सुरंग



**बोकारो।** उपायुक्त बोकारो विजया जाधव के निदेशांनुसार एवं जिला खनन पदाधिकारी के मार्गदर्शन में जिले के जगेश्वर विहार थाना अंतर्गत मौजा दनिया के वन क्षेत्र में खनन विभाग की टीम ने छापामारी अभियान चलाया। इस दौरान उक्त स्थल पर अवैध रूप से रेट होल माइनिंग कर कोयला खनिज के उत्खनन का साक्ष्य पाया गया। उक्त स्थल पर अवैध रूप से कोयला खनन के लिए बनाये गए सुरंगों के मुहाने को जेसीबी के माध्यम से टीम ने बंद कराया गया। उक्त अवैध कार्य में संलिप्त व्यक्तियों पर जगेश्वर विहार थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। छापेमारी अभियान टीम में खान निरीक्षक जितेंद्र कुमार महतो खान निरीक्षक सीताराम टुडू वनरक्षी अजीत कुमार मुर्मू तेनुघाट वन प्रक्षेत्र वनरक्षी विकास कुमार महतो तेनुघाट वन प्रक्षेत्र सअनि विशाल कुमार जगेश्वर विहार थाना वन सुरक्षा बल एवं स्थानीय पुलिस बल मौजूद थे।

# एचआरडी उपनिदेशक को वेतन निर्धारण समिति से दूर रखने का मामला तूल पकड़ा


- **झारखंड विवि व कॉलेज कर्मी महासंघ ने निदेशक से आरोपों का जांच कर निर्णय लेने का किया आग्रह, अन्यथा होगा आंदोलन**

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** उच्च शिक्षा निदेशालय के उपनिदेशक डॉ अनमोल लाल का विश्वविद्यालय के वेतन निर्धारण समिति से दूर रखने की मांग अब तूल पकड़ता जा रहा है। हाल में ही करीब तीन माह तक सातवें वेतनमान लागू करने की मांग को लेकर सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के शिक्षकेत्तर कर्मी आंदोलनरत थे। इस दौरान विश्वविद्यालय प्रशासन ने वेतन निर्धारण उच्च शिक्षा निदेशालय से होने के बाद ही सातवें वेतनमान का लाभ देने की बात कही थी। जिसके लिए उच्च शिक्षा निदेशालय की ओर से शिक्षकेत्तर कर्मियों का वेतन निर्धारण को लेकर समिति का गठन किया गया था। लेकिन एसकेएमयू के शिक्षकेत्तर कर्मी संघ वेतन निर्धारण समिति से उपनिदेशक डॉ अनमोल लाल को दूर रखने का आग्रह किया था। शिक्षकेत्तर कर्मी संघ उपनिदेशक डॉ अनमोल लाल को कर्मी विरोधी होने का आरोप लगाते हुए कुलाधिपति, कुलपति, शिक्षा मंत्री, प्रधान सचिव, झारखंड विश्वविद्यालय एवं कॉलेज शिक्षकेत्तर कर्मी महासंघ को आवेदन सौंप उपनिदेशक डॉ अनमोल लाल पर शिक्षकेत्तर कर्मी विरोधी बताते हुए वेतन निर्धारण समिति से दूर रखने की मांग की थी। आवेदन में वेतन निर्धारण का लंबित होना उपनिदेशक डॉ अनमोल लाल का कर्मचारी विरोधी मानसिकता के कारण बताया। जिस पर झारखंड विश्वविद्यालय व कॉलेज शिक्षकेत्तर कर्मचारी महासंघ ने संज्ञान लेते हुए उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के निदेशक को आवेदन सौंप उपनिदेशक डॉ अनमोल लाल को वेतन निर्धारण समिति से दूर रखने का आग्रह किया है।

आवेदन में बताया कि एसकेएमयू के प्रक्षेत्रीय अध्यक्ष द्वारा लगाये गए आरोप की जांच करने का आग्रह करते हुए जांच प्रक्रिया लंबित रहने तक वेतन निर्धारण समिति से अलग रखने की मांग की है। राज्य स्तरीय कर्मचारी संघ ने जल्द ठोस निर्णय लेने का आग्रह किया है। जल्द कर्मचारी हित में निर्णय नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

# जस्टिस आनंद सेन के बोकारो बार में आगमन पर हुआ भव्य स्वागत



**बोकारो।** बोकारो के जोनल जज न्यायमूर्ति जस्टिस आनंद सेन के बोकारो बार में आगमन पर स्थानीय अधिवक्ताओं ने उन्हें शॉल ओढ़ा कर सम्मानित किया। इस दौरान इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स के नेशनल कौंसिल मेंबर अधिवक्ता रणजीत गिरि ने अधिवक्ताओं के हितों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों को न्यायमूर्ति आनंद सेन के समक्ष प्रस्तुत किया। बैठक में अधिवक्ताओं की कार्यशैली न्यायिक प्रक्रियाओं में सुधार अधिवक्ता कल्याण योजनाओं एवं न्यायिक संरचना को मजबूत करने जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। अधिवक्ता रणजीत गिरि ने न्यायपालिका और अधिवक्ता समुदाय के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के सुझाव भी दिए जिससे न्यायिक प्रक्रिया अधिक सुचारू और प्रभावी हो सके। जस्टिस आनंद सेन ने अधिवक्ताओं की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके उचित समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं की भूमिका न्याय प्रणाली में अत्यंत महत्वपूर्ण है और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए न्यायपालिका हमेशा संवेदनशील रहेगी। मौके पर बोकारो के प्रधान जिला जज अनिल कुमार मिश्रा समेत सभी न्यायिक अधिकारी व वरिष्ठ अधिवक्ता भी उपस्थित रहे और सभी ने अधिवक्ता हित में कार्य करने की सलाह दी। इस अवसर पर बोकारो बार के पदाधिकारी समेत सैकड़ों अधिवक्ता मौजूद थे।

# राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन के प्रतिनिधियों की बैठक में हुई संगठनात्मक चर्चा



खबर मन्त्र संवाददाता

**कथारा।** 4 नंबर कथारा के अम्बेडकर पार्क के समीप राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन के सदस्यों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता संगठन के क्षेत्रीय अध्यक्ष बैरिस्टर सिंह ने की। जबकि संचालन कथारा कोलियरी परियोजना के शाखा सचिव व क्षेत्रीय कार्यकारी अध्यक्ष गणेश राम द्वारा किया गया। यहां संगठन के प्रतिनिधियों द्वारा किए जाने वाले कार्यक्रम को रखने का कार्य किया गया। वही सदस्यों द्वारा बेलफेयर और सेफ्टी से संबंधित मामले को रखने का कार्य हुआ।

क्षेत्रीय सचिव विजय कुमार सिंह ने अश्वस्त किया कि प्रवधान द्वारा प्रदत सुविधाओ को श्रमिकों को मिलने का कार्य हो, इसके लिए हर संभव उपाय किया जाएगा। यहां जारंगडीह शाखा के सचिव खगेश्वर रजक, कथारा कोलियरी शाखा के अध्यक्ष नागवंत प्रसाद, महाप्रबंधक कार्यालय शाखा के अध्यक्ष संतन कुमार, कथारा कोलियरी के सेफ्टी बोर्ड के सदस्य सतीश वर्णवाल, महाप्रबंधक कार्यालय शाखा के कार्यकारी अध्यक्ष विकास सिंह सहित गणेश राम 2. देवकांत पटेल, शिवलाल मिस्त्री, निर्मल महतो, विनय कुमार राम, जेजे सांगा, ओमप्रकाश रजक, लाल बहादुर सिंह, भीम यादव उर्फ छोटू, प्रकाश तुरी आदि लोग मुख्य रूप से उपस्थित थे।

संगठन के पदाधिकारियों ने दिल्ली में आयोजित एचएमएस के कोयला क्षेत्र के सम्मेलन में बड़ी संख्या में भाग लेने की सहमति व्यक्त किया।

# बीएसएल प्रबंधन अधूरा वेतन समझौता पूरा करे और 2027 वेतन समझौता की तैयारी शुरू करे : बाबूलाल मरांडी

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** भारतीय इस्पात कर्मचारी संघ का कार्यकर्ता सम्मेलन सह वनभोज सिटी पार्क में शम्भु कुमार वरीय संयुक्त महामंत्री की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। संचालन सुरेन्द्र महतो कार्यकारी महामंत्री ने किया। संघ के अध्यक्ष व भाजपा झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मराण्डी बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि सेल प्रबंधन कर्मचारियों के साथ अन्याय कर रहा है। अभी तक 2017 का वेतन समझौता अधूरा है। कर्मचारियों को 39 महीने का एरियर व पर्क्स का मामला सेल प्रबंधन ने उलझा रखा है साथ ही ग्रेचुईटी पर सीलिंग का फैसला कर के कर्मचारियों को सेवनिवृति में आर्थिक नुकसान पहुंचा रही है जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। इसलिए सेल प्रबंधन इसपर एनजेसीएस की बैठक बुलाकर जल्दी सुलझाए साथ ही 2027 का अगला वेतन समझौता अभी से शुरू करे ताकि यह समय से हो सके। संघ के महामंत्री प्रेम कुमार ने कहा कि बीएसल प्रबंधन अपने चहेते यूनियन के नेतागण को गोद में बैठा के रखे हुए हैं जिनके माध्यम से ये कर्मचारियों को बरगला कर रखे हुए हैं। उन्होंने बीएसएल प्रबंधन से मांग की कि मान्यता प्राप्त यूनियन का चुनाव गुप्त मतदान से जल्द करवाए और वाईऐबल यूनियन की सूची पर पूनर्विचार करें। उन्होंने एनजेसीएस में सिर्फ कार्यरत कर्मचारी नेता को ही जगह देने की बात कही और इनसेन्टीव रिवार्ड का मनी टेबल को रिव्यू किया जाए।

एसपी तिवारी ट्रेड यूनियन कॉ-ऑर्डिनेशन सेंटर के केन्द्रीय महासचिव एसपी तिवारी, धनबाद सांसद ढूलू महतो और बीरंची नारायण पूर्व विधायक बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे और संघ के सदस्यों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि बीएसएल में मैनपावर की कमी को दूर किया जाए और कर्मचारियों की मृत्यु किसी भी परिस्थिति में होने से उनके आश्रित को बिना शर्त नियोजन दिया जाए। वक्ताओं ने कहा कि आजकल सयंत्र में दुर्घटनायें बढ़ गयी हैं। नियोजन हेतू आश्रितों की अधिकतम उम्र सीमा एवं योग्यता की बाध्यता को हटाया जाए। ठेका श्रमिकों को कर्मचारियों की तरह ड्यूटी के एक घंटा पहले और ड्यूटी के एक घंटे बाद रास्ते में दुर्घटना होने पर उनके आश्रितों का नियोजन का प्रावधान बनाया जाए। इएसआईसी के अंतर्गत ठेका श्रमिकों के इलाज हेतू राशि को कम से कम 30,000/- किया जाए। मेडिकल टेस्ट को आधार बनाकर ठेका श्रमिकों को नियोजन से नहीं हटाया जाए।

# 'ट्री मैन' जगदीश महतो के निधन क्षेत्र में शोक की लहर

- **दो पत्नियों के बावजूद नहीं हुई संतान तो एक पुत्री को लिया गोद और पेड़ों से जोड़ लिया नाता**



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/कसमार।** जंगल बचाने की ज़िद में अपनी जिन्दगी को दांव पर लगाने वाले और सरकार द्वारा 'ट्री मैन' के रूप में सम्मानित जगदीश महतो ने रविवार सुबह पैतृक आवास हिसीम में अंतिम सांसें ली। सूचना पाकर सैकड़ों शुभचिंतकों का तांता अंतिम दर्शन को लग गया। चचेरे भाई सुनील महतो मनोज महतो और सरोज महतो ने शव को कंधा दिया। अंतिम संस्कार गांव के श्मशान घाट में हुआ। मुखाग्नि चचेरा भतीजा अरूण कुमार महतो दी। जगदीश ने अपने पीछे दो पत्नियां मिला देवी (65) एवं माया देवी (50) तथा गोद ली हुई पुत्री लक्ष्मी कुमारी (15) को छोड़ गये। अंतिम दर्शन हेतु पूर्व विधायक लंबोदर महतो शिक्षाविद जगदीश महतो जिप सदस्य अमरदीप पंसस विनोद रसलिन, महाराज, यदुनंदन जायसवाल, तपन झा, विष्णु चरण महतो, सुलेमान अंसारी, गंगाधर महतो, जब्बार अंसारी, सूरज महतो, धनेश्वर महतो, भुनेश्वर महतो, ज्ञानेश जायसवाल, फनिद्र मुंडा, राधा सोरेन, वन विभाग के पदाधिकारी, वन बचाओ आंदोलन में संघर्ष के साथी समेत सैकड़ों लोग अंतिम दर्शन करने पहुंचे थे। जगदीश महतो ने माध्यमिक शिक्षा कसमार प्रखंड के हरनाद हाई स्कूल से प्राप्त किया। उनकी दो पत्नियां थीं दोनों की संतान नहीं होने पर उन्होंने एक बच्ची लक्ष्मी कुमारी को गोद लिया।? और पेड़ों से नाता जोड़ लिया। उन्होंने हर वर्ष रक्षा बंधन के दिन पेड़ों को रक्षासूत्र बांध कर वन बचाने की अनोखी परंपरा की भी शुरूआत की थी।? सरकार ने 2023 में जगदीश महतो को ट्री मैन के रूप में उपाधि देकर सम्मानित किया था। तत्कालीन राज्यपाल राधाकृष्णन एवं विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो के हाथों झारखंड ट्री मैन के रूप में उपाधि देकर सम्मानित किया था। 'ट्री मैन' ने जंगल बचाने के लिए अपनी जान दांव पर लगा दी। वनों की सुरक्षा को लेकर देशभर में अपनी पहचान बनाने वाले जगदीश महतो पिछले 40 सालों से इस अभियान में जुटे हुए थे। इस दौरान वे वन माफियाओं ने कई बार हमले में बाल-बाल बचे, जबकि जंगल बचाने के लिए पत्नी के गहने और खेत भी बेचना पड़ा। लेकिन उन्होंने आंदोलन को जिंदा रखा। बोकारो समेत झारखंड के एक बड़े भू- भाग पर हुए वन पर्यावरण सुरक्षा आंदोलन के नायक बने हैं।

### अब भी जिन्दा है कुल्हाड़ी आंदोलन

आज भी कुल्हाडी आंदोलन जिंदा है। जगदीश महतो पिछले तीन दशक से वन सुरक्षा आंदोलन के अध्यक्ष पद की जिम्मेवारी संभाल रखी है। इसी आंदोलन का असर है कि आज हिसीम केदला और उसके आसपास के गांव में हरियाली लौटी आई है। पूरा इलाका अब जंगलों से भरा पड़ा है।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत, अन्य घटना में बाईक सवार घायल

**काठीकुंड।** अज्ञात वाहन की चपेट आने से युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना दुमका-पाकुड़ मुख्य पथ पर काठीकुंड थाना क्षेत्र के खैरबनी पुल के समीप घटी। घटना रविवार सुबह करीब पांच बजे की बतायी जा रही है। सूचना मिलते स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लिया। मृत युवक की शिनाख्त नहीं हो पायी है। पुलिस शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को शीतगृह में रखा गया है। शव का 72 घंटे के अंदर पहचान नहीं होने की स्थिति में अंतिम संस्कार किया जायेगा। वहीं दूसरे सड़क हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। मुख्य मार्ग स्थित थाना क्षेत्र के राजू होटल के समीप से प्रखंड के आसनपहाड़ी गांव का 17 वर्षीय करण मिर्धा बाइक से गुजर रहा था। इसी क्रम में बोलेरो की चपेट में आ गया। स्थानीय पुलिस घायल को सीएचसी काठीकुंड ले गई। जहां प्राथमिक इलाज के बाद घायल को बेहतर इलाज के लिए पीजेएमसीए दुमका रेफर कर दिया गया। युवक पीजेएमसीए, दुमका इलाजरत है। घायल के चेहरे, पेट व सीने में गंभीर चोट आयी थी। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## खबर एक नजर में

### नाला से पानी निकासी मामले में मारपीट, चार घायल, इलाजरत





**दुमका।** जिले के रामगढ़ थाना के धरमपुर गांव में रविवार को नाली का पानी निकासी को लेकर हुए विवाद में मारपीट, दो महिला समेत चार घायल हो गये। घायलों का इलाज फुलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा है। घायलों में मीरा देवी, पति रामप्रसाद साह, बहू चंपा देवी एवं उसका पति विनय साह है। घायल चंपा देवी ने बताया कि नाला से पानी निकासी नहीं होने पर नाला में जाम किए कपड़ा निलाने में विवाद में दूसरे पक्ष ने मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में सास-बहु समेत पूरे परिवार को चोट आयी है। आरोपी पक्ष संजीत कुमार गुप्ता, राजीव कुमार गुप्ता, राजकुमारी देवी, कन्हाई प्रसाद साह, रूपा देवी, राजनंदनी देवी समेत छह को बताया है। नगर थाना पुलिस मामले में फर्द बयान दर्ज कर रामगढ़ थाना पुलिस को जांच व कार्रवाई को अग्रसारित करेगी।

### सदस्य अभियान को लेकर झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा की बैठक आयोजित



**शिकारीपाड़ा।** सदस्यता अभियान को लेकर झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा का बैठक रविवार को शिकारीपाड़ा कॉलेज मैदान में हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष रंजीत वर्मा ने की। बैठक में मुख्य रूप से सदस्यता अभियान कार्यक्रम के तहत सभी कार्यकताओं को अधिक से अधिक सदस्य बनाने का निर्देश दिया गया। बैठक में दर्जनों युवा ने जेएलकेएम का दामन थामा। बैठक में शिकारीपाड़ा कॉलेज में छात्रावास निर्माण के लिए आंदोलन पर विचार विमर्श किया गया। भीषण गर्मी को देखते हुए पेयजल समस्या का समाधान के लिए पहल किया गया। राजबांध में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर डॉक्टर की कमी एवं दवा की कमी आदि विषयों पर चर्चा हुई। बैठक में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष निरंजन मुर्मु, जिला सचिव हेमंत कुमार दास, जिला उपाध्यक्ष गोपी जीवन पाल, पूर्व जिप सदस्य राजेश मुर्मू, प्रदीप राय, अजय पाल आदि प्रखंड कमेटी सदस्य मौजूद थे।

### डीपीएस बोकारो के रूपेश के 'रक्षक' प्रोजेक्ट को अपनाएगी भारत सरकार



बोकारो। डीपीएस बोकारो के छात्र रहे रूपेश कुमार के प्रोजेक्ट रक्षक को अब भारत सरकार अपनाने जा रही है। सड़क हादसों में लोगों की जान बचाने में काफी महत्वपूर्ण उसके इस प्रोजेक्ट को भारत सरकार ने इंस्पायर मानक अवार्ड स्कीम के तहत पेटेंट प्रदान किया है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार के अधीनस्थ नेशनल इनोवेशन फाउंडेशन की ओर से इससे संबंधित सारी प्रक्रियाएं पूरी की गईं। आने वाले दिनों में कार बनाने वाली कंपनियां उसके इस प्रोजेक्ट को इस्तेमाल करेंगी और सड़क दुर्घटनाओं में समय रहते लोगों की जान बचाई जा सकेगी। उल्लेखनीय है कि रक्षक की मदद से दुर्घटना होने के साथ ही संबंधित घटनास्थल के एक किलोमीटर के दायरे में स्थित सभी अस्पतालों को कॉल और एसएमएस के जरिए वाहन के लोकेशन के साथ सूचना मिल जाएगी। इससे सही समय पर घायल व्यक्ति तक एंबुलेंस पहुंचाई जा सकेगी। अस्पतालों के साथ-साथ वाहन में सवार लोगों के परिजनों और पुलिस को भी तत्काल सूचना मिल सकेगी। घर-परिवार के लोगों को भी अलर्ट मिल जाएगा। विद्यालय के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने इसके लिए उसे बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। रूपेश को जून 2025 में जापान टूर का भी मौका मिला है। उसे पुरस्कार-स्वरूप लगभग आठ लाख रुपए की पुरस्कार-राशि और राष्ट्रपति भवन में 4 दिनों तक आतिथ्य का अवसर भी मिलेगा।

### चिन्मय में नव नामांकित छात्रों के स्वागत समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

**बोकारो।** चिन्मय विद्यालय बोकारो में वर्ष 2025-26 के नव- नामांकित छात्रों के लिए आयोजित सम्मान समारोह में विद्यालय की उपलब्धि उद्देश्य सेवा कार्य एवं संस्थागत ढांचे के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सहित विद्यालय के अध्यक्ष बी मुखोपाध्याय सचिव महेश त्रिपाठी प्राचार्य सूरज शर्मा उप प्राचार्य नरर्मेन्द्र कुमार रश्मि सिंह रश्मि शुक्ला एवं सोमा झा ने किया। विद्यालय के संगीत नाटक विभाग द्वारा सुंदर स्वागत गान एवं नृत्य प्रस्तुत किया गया। मौके पर प्राचार्य सूरज शर्मा ने कहा कि मुख्य अतिथियों का विद्यालय उनके सहयोग के लिए हमेशा आभारी रहेगा। उन्होंने कहा कि चिन्मय विद्यालय राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय सफलता हासिल कर रहा है। यह झारखंड का पहला विद्यालय है जो नाबेट का सर्टिफिकेशन सीबीएसई से न्यू जनरेशन स्कूल एवं ब्रिटिश काउंसिल से भी विशिष्ट प्रमाण पत्र प्राप्त कर चुका है। उन्होंने सभी छात्र एवं उनके अभिभावकों को विश्वास दिलाया कि उनका भविष्य सुरक्षित हाथों में है। इस अवसर पर सोनालीसा सरिता वर्मा आकांक्षा पुनीत दोषी ने विद्यालय के आधारभूत ढांचा विद्यालय शुल्क बस एवं शैक्षणिक उपलब्धि का पीपीटी शो प्रस्तुत किया। अंत में उप प्राचार्य नरेंद्र कुमार ने सभी प्रति धन्यवाद प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन करुणा झा एवं स्पंदिता ने किया।

### बोकारो जनरल अस्पताल में आयोजित हिंदी कार्यशाला संपन्न

**बोकारो।** बीजीएच के प्रभारी डॉ बीबी करुणामय की अध्यक्षता में अस्पताल में आयोजित हिंदी कार्यशाला में बीजीएच के सीएमओ डॉ आनंद कुमार एवं डॉ अनिन्दा मंडल के साथ वरीय चिकित्सक व चिकित्सा कर्मी तथा राजभाषा विभाग की तरफ से डॉ एनके राय उपस्थित थे। कार्यशाला का संचालन राजभाषा अधिकारी डीजीएम आलोक कुमार तथा सहायक प्रबंधक मानस चंद्र रजवार द्वारा किया गया। मौके पर विभागीय हिंदी अधिकारी डॉ कुमारी अल्पना ने विभाग में राजभाषा कार्यान्वयन की दिशा में प्रगति से संबंधी संक्षिप्त प्रतिवेदन प्रस्तुत किया राजभाषा विभाग के प्रतिनिधि एनके राय ने राजभाषा नियमों और सांविधिक प्रावधानों से जुड़े भारत सरकार की नीति वार्षिक कार्यक्रमों निर्धारित वार्षिक लक्ष्यों विश्वपटल पर हिंदी के बढ़ते चरण आदि विषयों पर विस्तृत रूप से एक प्रस्तुतीकरण दिया।

## पेज एक का शेष

### 18 लाख का इनामी ...

एसपी ने पुलिस टीम की इस सफलता के लिए उनकी सराहना की है। रविवार को पुलिस लाइन में आयोजित प्रेस कांन्फ्रेंस में एसपी विकास पांडेय ने बताया कि झारखंड सरकार ने राज्य को नक्सल मुक्त राज्य बनाने का संकल्प लिया है। इसी संकल्प को धरातल पर उतारने के लिए महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक के निर्देशन में नक्सली संगठनों के खिलाफ चौतरफा कार्रवाई की जा रही है। इसी कार्रवाई के दौरान पुलिस को प्रतिबंधित नक्सली संगठनों के विरुद्ध निरंतर सफलताएं भी मिल रही हैं। पुलिस और एनआइ को लंबे समय से उसकी तलाश थी। एसपी ने कहा कि कुख्यात उग्रवादी के पास से कई देशी और विदेशी हथियार बरामद गये हैं। झारखंड सरकार ने राज्य को नक्सली मुक्त राज्य बनाने का संकल्प लिया है। इसी संकल्प को धरातल पर उतरने की दिशा में पुलिस कार्य कर रही है।

## स्पीड न्यूज

### गांधीनगर में कोल ब्लॉक निलामी के लिए रोड शो आज

**नयी दिल्ली।** वाणिज्यिक कोयला खनन को बढ़ावा देने और निजी निवेश को आकर्षित करने के अपने चल रहे प्रयासों के तहत कोयला मंत्रालय सोमवार को गुजरात के गांधीनगर में वाणिज्यिक कोयला खदान नीलामी और निवेश अवसरों पर एक रोड शो आयोजित करेगा। इसका उद्देश्य भारत के कोयला क्षेत्र में निजी क्षेत्र की भागीदारी में तेजी लाने के लिए उद्योग के हितधारकों, संभावित निवेशकों और नीति निमार्ताओं को एक साथ लाना है। इस रोड शो कार्यक्रम में केंद्रीय कोयला और खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे मुख्य अतिथि होंगे।

### मणिपुर में 15 एकड़ अफीम की खेती नष्ट

**इम्फाल।** मणिपुर के तेंगनौपाल जिले के खुड़ई लाइफम पहाड़ी क्षेत्र में सुरक्षा बल और वन विभाग ने एसडीएम, तेंगनौपाल की उपस्थिति में अवैध अफीम की खेती नष्ट करने का अभियान चलाया। इस दौरान तेंगनौपाल थाना क्षेत्र में फैले 15 एकड़ क्षेत्र में अवैध अफीम की फसल को नष्ट कर दिया गया। सुरक्षा बलों ने कांगपोकपी जिले के थिंगसाट हिल रेंज में मार्क हिल पर दो अवैध बंकरों को ध्वस्त किया। इसके अलावा, वाकान हिल रेंज में कांगपोकपी और इम्फाल ईस्ट जिलों की सीमा पर तीन अन्य अवैध बंकरों को नष्ट किया गया।

### मेघालय में तीन बांग्लादेशी गिरफ्तार

**शिलांग।** मेघालय में ईस्ट खासी हिल्स जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा पर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने एक बार फिर घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करते हुए बांग्लादेश के तीन नागरिकों सहित चार को पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। यह तीनों अवैध रूप से भारत में घुस रहे थे। जवानों ने बांग्लोदश के तीनों नागरिकों और भारतीय वाहन चालक को पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया।

### लालू के डीएनए में लूट व बलात्कार : गिरिराज

**गया।** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव पर हमला बोला और कहा कि उनके डीएनए में लूट, बलात्कार और डकैती है। श्री सिंह रविवार को गया पहुंचे, जहां उन्होंने सर्किट हाउस में कार्यकताओं से मुलाकात कर कई बिंदुओं पर चर्चा की । इस दौरान पत्रकारों से रूबरू होते हुए उन्होंने राजद प्रमुख और तेजस्वी यादव पर जमकर निशाना साधा।

### राजद ने बिहार को जर्रे-जर्रे लूटा : जदयू

**पटना।** बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव द्वारा शनिवार को राज्य की एनडीए सरकार को खटारा सरकार बताने पर जदयू ने रविवार को जोरदार पलटवार किया है। जदयू के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि जिन्होंने 15 साल तक बिहार को लूटा, वे आज विकास पर सवाल उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 15 साल तक लालू यादव और राबड़ी देवी के परिवार ने बिहार के जर्रे-जर्रे को लूट लिया है, वे आज विकास की बात कर रहे हैं। नीतीश सेवा की राजनीति करते हैं और तेजस्वी परिवार की राजनीति करते हैं।

### रेखा गुप्ता ने पूर्वांचल के लोगों को बताया हनुमान

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पूर्वांचलवासियों को हनुमान की उपाधि देते हुए कहा कि राजधानी में भाजपा की जीत का श्रेय आप लोगों को जाता है, क्योंकि पार्टी के हनुमान बनकर आप लोगों ने जो काम किया, उसी की वजह से ये जीत नसीब हुयी। रेखा ने दिल्ली भाजपा मुख्यालय में पार्टी के पूर्वांचल मोर्चा की ओर से कार्यक्रम में कहा कि बार-बार जिक्र आता है कि दिल्ली में 27 साल बाद भाजपा की सरकार बनी है। उन्होंने कहा कि राम का वनवास 14 साल बाद समाप्त हो गया था, लेकिन हम सभी को 27 साल का इंतजार करना पड़ा।

# संभावनाओं से दुनिया को आकर्षित कर रहा है भारतः उपराष्ट्रपति

## हर घर में शौचालय और बिजली है : धनखड़

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि भारत अब वादे करने वाला देश नहीं रह गया है। भारत को अब सपेरों का देश नहीं माना जाता। भारत पूरी दुनिया को अपनी संभावनाओं से आकर्षित कर रहा है। उपराष्ट्रपति धनखड़ रविवार को केरल राज्य के तिरुवनंतपुरम में लोकतंत्र, जनसांख्यिकी, विकास और भारत का भविष्य विषय पर चौथे पी. परमेश्वरन स्मृति व्याख्यान कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उपराष्ट्रपति ने कहा कि पी. परमेश्वरन की भारतीय मूल्यों के प्रति अटूट प्रतिबद्धता, भारतीय लोकाचार की उनकी गहरी समझ और राष्ट्रीय एकता के लिए उनका अथक प्रयास पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। सांस्कृतिक रूप से निहित और आध्यात्मिक रूप से



जागृत एक आत्मनिर्भर भारत के लिए उनका दृष्टिकोण पूरे देश में गहराई से गूंजता है। हाल के दशक में भारत के विकास को लेकर धनखड़ ने कहा कि जन-केंद्रित नीतियों और पारदर्शी जवाबदेह शासन ने पारिस्थितिकी तंत्र को उछाल दिया है। 1.4 बिलियन का राष्ट्र ग्रामीण क्षेत्र में आए परिवर्तनकारी बदलाव को देखें। हर घर में शौचालय है, बिजली कनेक्शन है, पानी का कनेक्शन आने वाला है, गैस कनेक्शन है, कनेक्टिविटी, इंटरनेट और सड़क, रेल और स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र में सहायता करने वाली नीतियां। ये हमारी विकास पथ को परिभाषित करती हैं। उन्होंने कहा कि यह आर्थिक पुर्नजागरण, जो कुछ साल पहले कल्पना से परे था, चिंतन से परे था, सपनों से परे था, उसने हमारे सनातन का सार, समावेशिता, गैर-भेदभावपूर्ण, समान, समान विकास के परिणाम और सभी के लिए फल उत्पन्न किए हैं। किसी भी योग्यता, जाति, धर्म, जाति, रंग के बावजूद प्रयास किया गया है कि लाभ अंतिम पंक्ति में रहने वाले लोगों तक पहुंचना चाहिए और यह बड़ी सफलता के साथ किया जा रहा है। धनखड़ ने कहा कि भारत के सबसे महान सपूतों में से एक (पी. परमेश्वरन) की स्मृति में यह स्मारक व्याख्यान है। वे इस सदी में हिंदू विचार प्रक्रिया के अग्रणी विचारकों में से एक हैं। हम इस व्याख्यान के माध्यम से सामाजिक कार्यों के लिए प्रतिबद्ध सबसे बेहतरीन बुद्धिजीवियों में से एक का जश्न मना रहे हैं। एक सभ्यता को केवल एक बुनियादी विचार से जाना जाता है। क्या यह वास्तव में अपने महान सपूतों का सम्मान करती है? और पिछले कुछ वर्षों में यही विषय रहा है। हमारे भूले हुए नायक, गुमनाम नायक, अच्छी तरह से नहीं तो अनदेखे नायक, हमने उन्हें याद किया है।

अकार्बनिक जनसांख्यिकीय परिवर्तनों पर अपनी चिंता व्यक्त करते हुए धनखड़ ने कहा कि जनसांख्यिकी मायने रखती है। जनसांख्यिकी को बहुसंख्यकवाद के साथ भ्रमित नहीं किया जाना चाहिए।

हम इन दो खेमों में विभाजित समाज नहीं बना सकते लेकिन जब जनसांख्यिकी की बात आती है तो देश को गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। राष्ट्र में राजनीतिक रूप से विभाजनकारी माहौल पर उपराष्ट्रपति ने कहा कि हम कुछ पहलुओं पर चिंताजनक परिदृश्यों से घिरे हुए हैं। राजनीति ध्रुवीकृत हो गई है, ऊर्ध्वाधर रूप से विभाजनकारी हो गई है, तापमान हमेशा उच्च रहता है। मूल राष्ट्रीय मूल्य और सभ्यतागत मूल्य केंद्रीय विषय नहीं हैं। इस देश में जहां विविधता एकता में परिलक्षित होती है, यह देश जो समावेशिता के अपने सनातन मूल्यों पर गर्व करता है, हम इन मूल मूल्यों से दूर होने और ध्रुवीकृत, विभाजनकारी गतिविधियों में शामिल होने का जोखिम नहीं उठा सकते हैं। संवाद और विचार-विमर्श के महत्व को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा, कि मुझे आपके साथ अपनी पीड़ा, अपना दर्द साझा करना चाहिए। संसद को लोगों के लिए आदर्श होना चाहिए। यह लोगों की आकांक्षाओं को वास्तविकता में बदलने का एक मंच है।

### गाजा में सभी सहायता पर इजरायल की रोक

**तेल अवीव।** इजरायल ने रविवार घोषणा की कि वह गाजा पट्टी में सभी वस्तुओं की आपूर्ति पर रोक लगा रहा है। पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने यह जानकारी दी । मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि बंधक समझौते के पहले चरण की समाप्ति और वार्ता जारी रखने के लिए विटकॉफ प्रस्ताव जिस पर इजरायल सहमत था को स्वीकार करने से हमास के इनकार के बाद प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने फैसला किया कि रविवार सुबह से गाजा पट्टी में सभी सामानों और आपूर्ति का प्रवेश बंद हो जाएगा। इससे पहले इजरायल ने कहा कि वह संघर्ष विराम के पहले चरण को रमजान और पासओवर [यहूदी त्योहार] या 20 अप्रैल तक बढ़ाने के प्रस्ताव का समर्थन करता है। उसने कहा कि यह प्रस्ताव ट्रंप प्रशासन के मध्यपूर्व दूत स्टीव विटकॉफ की ओर से आया है।

# युद्ध विराम का खाका तैयार

## ब्रिटेन-फ्रांस अमेरिका के समक्ष रखेगा यूक्रेन की सुरक्षा की गारंटी का प्रस्ताव

**एजेंसी**

**लंदन।** ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने ब्रिटेन, फ्रांस और यूक्रेन में युद्ध विराम योजना पर काम करने पर सहमति जताई है, जिसे अमेरिका के सामने पेश किया जाएगा। स्टार्मर ने कहा कि यह योजना यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ ओवल ऑफिस में हुए विवाद के बाद चार देशों के नेताओं के बीच हुई बातचीत के बाद सामने आई है। प्रधानमंत्री ने बताया कि उनका मानना है कि अमेरिकी राष्ट्रपति यूक्रेन में स्थायी शांति चाहते हैं। उन्होंने अपने इस दावे को दोहराया कि इसे बनाए रखने के लिए अमेरिकी सुरक्षा गारंटी की आवश्यकता होगी। स्टार्मर यूक्रेन पर चर्चा करने के लिए रविवार को लंदन में यूरोपीय नेताओं के शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहे हैं।

यूरोपीय नेताओं के लिए टुकड़ों को उठाना और आगे बढ़ने की कोशिश करना एक वास्तविक समस्या है। यह एक क्षति सीमा अभ्यास होने जा रहा है। यह एक अभ्यास होने जा रहा है कि हम यहां से कहां जाएंगे? बकिंघम पैलेस के पास 200 साल पुरानी खूबसूरत हवेली लैंकेस्टर हाउस में बैठक पिछले सप्ताह व्हाइट हाउस में ट्रम्प के साथ बातचीत करने के लिए एक आकर्षक आक्रमण के बाद हुई है, ताकि यूक्रेन को वार्ता के केंद्र में रखा जा सके और यूरोप की ओर उनकी निष्ठा को झुकाया जा सके। ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर, जो एक दर्जन से अधिक देशों के नेताओं और अन्य अधिकारियों की मेजबानी कर रहे हैं, उन्होंने कहा कि वह यूक्रेन पर रूस के युद्ध को समाप्त करने के लिए दृढ़ हैं। रविवार को यूरोपीय नेताओं के शिखर सम्मेलन में ओवल ऑफिस की घटना छाई रही। जब ट्रंप और अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने ओवल ऑफिस में जेलेंस्की पर अमेरिकी समर्थन के प्रति पर्याप्त रूप से आभारी न होने का आरोप लगाया था। इसका सीधे टीवी पर प्रसारण हो रहा था। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने कहा कि वह यूक्रेन और रूस के बीच युद्ध को समाप्त करने के लिए दृढ़ संकल्प हैं। स्टॉर्मर ने कहा कि हमारे पास यूक्रेन में न्यायपूर्ण और स्थायी शांति सुनिश्चित करने के लिए एक साथ आने का अवसर है, जो उनकी संप्रभुता और सुरक्षा को सुनिश्चित करेगा। अब समय आ गया है कि हम यूक्रेन के लिए सर्वोत्तम परिणाम की गारंटी देने, यूरोपीय सुरक्षा की रक्षा करने तथा हमारे सामूहिक भविष्य को सुरक्षित करने के लिए एकजुट हों। इस शिखर सम्मेलन में फ्रांस, जर्मनी, डेनमार्क, इटली, नीदरलैंड, नॉर्वे, पोलैंड, स्पेन, कनाडा, फिनलैंड, स्वीडन, चेक गणराज्य और रोमानिया के नेता भी शामिल होंगे।

**यूक्रेन व रूस के बीच युद्ध को समाप्त करने के लिए दृढ़ संकल्प है : स्टार्मर**



ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर से मिलते जेलेंस्की।



## प्रधानमंत्री मोदी ने की सोमनाथ महादेव की पूजा

**सोमनाथ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार शाम सोमनाथ मंदिर में सोमनाथ महादेव की पूजा की। सड़क के दोनों ओर लोगों का हुजूम प्रधानमंत्री के एक झलक पाने को बेताब थे। पुरोहितों ने प्रधानमंत्री का शास्त्रोक्त विधि और मंत्रोच्चारण के साथ सोमनाथ महादेव का पूजा कराया

# भारत को आंख दिखाने की हिम्मत कोई नहीं कर सकता : संजय सेठ

**कोलकाता।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रविवार को कहा कि भारत आज सामरीक रूप से इस हद तक सशक्त हो चुका है कि इसे दबाना, झुकाना या आंख दिखाने की हिम्मत कोई नहीं कर सकता। कुछ सालों पहले तक हमारी सेना के पास पर्याप्त हथियार ओर अन्य आवश्यक संसाधन उपलब्ध नहीं हुआ करते थे, लेकिन पिछले करीब एक दशक में हालात तेजी से बदले हैं। आज न सिर्फ हमारी सेना पूरी तरह आत्मनिर्भर है, बल्कि हम दुनिया के करीब सौ देशों को हथियार मुहैया कराने में सक्षम हैं।यह बात उन्होंने रविवार को कोलकाता के रथीन्द्र मंच में श्री बड़ाबाजार कुमारसभा पुस्तकालय के तत्वावधान में आयोजित विवेकानंद सेवा सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने देशवासियों से विकसित भारत निर्माण का संकल्प लेने का आह्वान करते हुए कहा कि 2047 में विकसित और दुनिया के सिरमौर के रूप में ही भारत अपनी आजादी के सौ वर्ष पूर्ण करेगा। समारोह में भारत सेवाश्रम संघ, बेलडांगा के संत स्वामी प्रदीप्तानंद उपाख्य कार्तिक महाराज को विवेकानंद सेवा सम्मान से नवाजा गया।

**दुनिया के करीब सौ देशों को हथियार मुहैया कराने में सक्षम**



### हिंदुओं को गैरों से ज्यादा अपनों से खतरा : सरमा

**कोलकाता।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने रविवार को कोलकाता में आयोजित विवेकानंद सेवा सम्मान कार्यक्रम के दौरान कहा कि हिंदुओं को अन्य धर्म या धर्मावलंबियों से अधिक अपने अंदर मौजूद तथाकथित उदारवादियों और अति वामपंथियों से नुकसान का खतरा है। असम के मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं मानता हूं कि हिंदुओं के लिए सबसे बड़ा खतरा वामपंथी और उदारवादी हैं। बंगाल में हिंदुओं को कमजोर करने की परंपरा वामपंथियों से शुरू हुई, जिसे ममता बनर्जी ने आगे बढ़ाया।

# यूपी के सभी एक्सप्रेस-वे पर दोनों साइड बनेंगे अस्पताल

**लखनऊ।** सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और घायलों को त्वरित इलाज करने के लिए योगी सरकार कई बड़े कदम उठाने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को उत्तर प्रदेश राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक में कहा कि एक्सप्रेस-वे के दोनों ओर फूड प्लाजा की तरह अस्पतालों की व्यवस्था की जाए।सभी मंडल मुख्यालयों के अस्पतालों में ट्रामा सेंटर, एंबुलेंस एवं प्रशिक्षित स्टाफ को तैनाती भी सुनिश्चित की जाए। एक्सप्रेस-वे के किनारे की शराब की दुकानों को हटाया जाए।

**योगी ने शराब की दुकानें हटाने का दिया निर्देश**



दुर्घटनाओं के वार्षिक आंकड़ों पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2024 में 46,052 सड़क दुर्घटनाएं हुई हैं। इसमें 34,600 लोग घायल हुए हैं, जबकि 24 हजार से अधिक मौतें हुई हैं, जो कि अत्यंत दुखद है। इसे हर हाल में न्यूनतम करना होगा।

### मायावती ने भतीजे आनंद को पार्टी के सभी पदों से हटाया

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी के राज्य कार्यालय में रविवार को बसपा प्रमुख मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी के सभी पदों से हटा दिया । उनकी जगह पर अपने भाई आनंद कुमार और रामजी गौतम को पार्टी का राष्ट्रीय कोओर्डिनेटर बनाया गया है। मायावती ने कहा कि आकाश आनंद को पार्टी के सभी पदों से हटा दिया गया है। आकाश आनंद को हटाने के पीछे इसकी सारी जिम्मेवारी उनके ससुर अशोक सिद्धार्थ की है। अशोक ने पार्टी के नुकसान पहुंचाने के साथ ही साथ आकाश के राजनीतिक कैरियर को भी खराब कर दिया है।

# आठ कंपनियों का मार्केट कैप 3.09 लाख करोड़ घटा

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से आठ के बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 3,09,244.57 करोड़ रुपये की गिरावट आई। शेयर बाजार में कमजोरी के रुख के बीच सबसे अधिक नुकसान में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) रही। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 2,112.96 अंक या 2.80 प्रतिशत टूटा। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 671.2 अंक या 2.94 प्रतिशत के नुकसान में रहा। सिर्फ फरवरी महीने में निफ्टी 1,383.7 अंक या 5.88 प्रतिशत गिरा है। वहीं इस दौरान सेंसेक्स 4,302.47 अंक या 5.55 प्रतिशत टूटा है। समीक्षाधीन सप्ताह में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज का बाजार मूल्यांकन 1,09,211.97 करोड़ रुपये घटकर 12,60,505.51 करोड़ रुपये रह गया। इससे शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में टीसीएस दूसरे से खिसक कर तीसरे स्थान पर आ गई है। एचडीएफसी बैंक



सूची में दूसरे स्थान पर है। सप्ताह के दौरान इन्फोसिस का बाजार पूंजीकरण 52,697.93 करोड़ रुपये घटकर 7,01,002.22 करोड़ रुपये रह गया। भारती एयरटेल की बाजार हैसियत 39,230.1 करोड़ रुपये घटकर 8,94,993.67 करोड़ रुपये पर आ गई, जबकि रिलायंस इंडस्ट्रीज का मूल्यांकन 38,025.97 करोड़ रुपये घटकर 16,23,343.45 करोड़ रुपये रह गया। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का मूल्यांकन 29,718.99 करोड़ रुपये घटकर 6,14,236.97 करोड़ रुपये पर आ गया। आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 20,775.78 करोड़ रुपये घटकर 8,49,803.90 करोड़ रुपये रहा। हिंदुस्तान यूनिलीवर की बाजार हैसियत 11,700.97 करोड़ रुपये घटकर 5,14,983.41 करोड़ रुपये रह गई। आईटीसी का मूल्यांकन 7,882.86 करोड़ रुपये घटकर 4,93,867.57 करोड़ रुपये पर आ गया। इस रुख के उलट एचडीएफसी बैंक का मूल्यांकन 30,258.49 करोड़ रुपये बढ़कर 13,24,411.31 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। बजाज फाइनेंस का बाजार पूंजीकरण 9,050.24 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी के साथ 5,29,516.99 करोड़ रुपये रहा। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी का स्थान रहा।

**टीसीएस का बाजार मूल्यांकन 1,09,211 करोड़ रुपये घटा**

### एफपीआइ दो माह में की 1.12 लाख करोड़ की निकासी

नयी दिल्ली। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) जनवरी के बाद फरवरी के महीने में भी लगातार सेलर की भूमिका में बने रहे। फरवरी में एफपीआई ने इंडियन स्टॉक मार्केट से 34,574 करोड़ रुपये की निकासी की। इस तरह 2025 के पहले 2 महीने में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक घरेलू शेयर बाजार से अभी तक 1.12 लाख करोड़ रुपये की निकासी कर चुके हैं। निवेशकों ने जनवरी के महीने में भी घरेलू शेयर बाजार में लगातार बिकवाली करके 78,027 करोड़ रुपये निकाले थे। दिसंबर 2024 में एफपीआई ने शेयर बाजार में 15,446 करोड़ की खरीदारी की थी। साल की शुरूआत से ही अमेरिकी बाजार में बनी अनिश्चितता की स्थिति और स्लोडाउन की आशंका से निवेशक दुनिया भर के स्टॉक मार्केट से पैसा निकालने में लगे हुए हैं।

### सेबी की पूर्व प्रमुख बुच के खिलाफ दर्ज होगी प्राथमिकी

**नयी दिल्ली।** मार्केट रेगुलेटर सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) के चेयरपर्सन पद से अवकाश ग्रहण करने के तुरंत बाद माधवी पुरी बुच की परेशानी बढ़ती हुई नजर आने लगी है। सेबी की पूर्व प्रमुख और पांच अन्य लोगों के खिलाफ शेयर बाजार में रेगुलेटरी प्रावधानों का उल्लंघन करने और कथित धोखाधड़ी के आरोप में प्राथमिक की दर्ज करने का आदेश दिया गया है। ये आदेश मुंबई की एक अदालत की ओर से जारी किया गया है। आदेश में कहा गया है कि इस मामले में प्रथम दृष्ट्या रेगुलेटरी प्रावधानों के उल्लंघन और मिली भगत की बात नजर आती है। इसलिए मामले की निष्पक्ष जांच की जरूरत है। उल्लेखनीय है कि पिछले शुक्रवार को ही सेबी के चेयरपर्सन के रूप में माधवी पुरी बुच ने 3 साल का कार्यकाल पूरा किया है। अब उनके स्थान पर तुहिन कांत पांडे ने सेबी की कमान संभाल ली है।

